धनबाद, सोमवार
28 अप्रैल 2025
वर्ष : 10 अंक : 328
पृष्ठ : 12
मूल्य : 3/-

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# नई पत्र वार्ता

सोच आगे की ...



# मन की बात: पीएम मोदी ने कहा- आतंक के खिलाफ पूरी दुनिया भारत के साथ, अब बख्शेंगे नहीं



नई दिल्ली(एजेंसी) : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में आतंकियों को कड़ा संदेश दे दिया है। उन्होंने साफ कह दिया है कि इस बार कायराना हरकतें करने वालों को किसी भी हाल में छोड़ेंगे नहीं। पीएम मोदी ने कहा भारत का विकास देखकर दुश्मनों का मन कुंठित है वे कश्मीर को फलता फूलता देखना नहीं चाहते। वे नहीं चाहते कि कश्मीर के युवाओं को रोजगार मिले, यहां पर्यटन बढ़े और स्थानीय लोगों की आय में वृद्धि हो। इसके लिए कायराना हरकतें की जाती हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दुनियाभर के लोगों ने संवेदना व्यक्त की है। मेरा मन बहुत दुखी है, हर भारतीय गुस्से से उबल रहा है। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने पहलगाम में कुंठित कायरता दिखाई है। दुश्मनों को देश का विकास रास नहीं आ रहा है। आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा और उन पर बेहद कठोर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि आतंक के खिलाफ पूरी दुनिया भारत के साथ है और पहलगाम के पीड़ितों को न्याय मिलेगा।

पीएम मोदी ने कहा कि आतंक के सरपरस्तों की हताशा साफ दिख रही है। उनकी कायरता नजर आ रही है। जब कश्मीर में शांति लौट रही है और स्कूल कॉलेजों के निर्माण में एक तेजी है। लोकतंत्र मजबूत हो रहा है। पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हो रही है तो दुश्मनों को यह सब रास नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा का आतंक के आका यही चाहते हैं कि कश्मीर फिर से तबाह हो और इसीलिए इतनी साजिशें की जा रही हैं। पीएम मोदी ने कहा कि इस चुनौती का सामना संकल्पों को मजबूत करके करना है। मैं पीड़ित परिवारों को भरोसा देता हूं कि न्याय मिलकर रहेगा। हमले के दोषियों को कठोरतम सजा दी जाएगी।

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में आगे चंपारण सत्याग्रह का भी जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि अप्रैल महीने में हुए इस सत्याग्रह को महात्मा गांधी के नेतृत्व में हुआ था। उन्होंने ब्रिटिश शासकों द्वारा बिमार किसानों के शोषण के खिलाफ आवाज उठाई थी। यह सत्याग्रह भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के लिए एक अहम पड़ाव साबित हुआ और महात्मा गांधी के नेतृत्व में सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को लोकप्रिय बनाने का काम किया। पीएम मोदी ने आगे बताया कि इस सत्याग्रह को लेकर देश के प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद ने एक किताब लिखी थी। हर युवा को यह किताब पढ़नी चाहिए। दरअसल, उस वक्त अंग्रेजों द्वारा चंपारण के किसानों से जबरदस्ती नील की खेती करवाई जाती थी, जिसमें उन्हें बहुत कम मूल्य पर नील बेचने के लिए मजबूर किया जाता था। इसके साथ ही, इन किसानों को अत्यधिक कर और शोषण का सामना करना पड़ता था।

**सत्याग्रह के आगे अंग्रेजों को झुकना पड़ा**

महात्मा गांधी को चंपारण में किसानों के शोषण की जानकारी मिली और उन्होंने वहां जाकर किसानों की मदद करने का निर्णय लिया। गांधी जी के नेतृत्व में इस आंदोलन की शुरूआत हुई, और किसानों के अधिकारों के लिए उन्होंने सत्याग्रह किया। गांधी जी ने सत्याग्रह के द्वारा ब्रिटिश अधिकारियों के सामने किसानों की समस्याओं को रखा। उन्होंने अहिंसा और असहमति के शांतिपूर्ण तरीकों से आंदोलन को नेतृत्व किया। गांधी जी ने किसानों की स्थिति का अध्ययन किया और अधिकारियों को यह समझाया कि वे नील की खेती करने के लिए मजबूर नहीं किए जा सकते हैं। इस सत्याग्रह का परिणाम यह हुआ कि ब्रिटिश सरकार ने चंपारण के किसानों के साथ हो रहे अन्याय को स्वीकार किया और किसानों को कुछ राहत प्रदान की। इस आंदोलन ने महात्मा गांधी को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एक प्रमुख नेता के रूप में स्थापित किया।

**मां के नाम पर एक पेड़ अवश्य लगाएं**

मासिक रेडियो कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान का जिक्र किया और कहा कि देश के हर एक नागरिको को पर्यावरण की ओर ध्यान देना चाहिए और कम से कम अपनी मां के नाम पर एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि अहमदाबाद में ही कम से कम 70 लाख पेड़ लगाए गए हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व इसरो चीफ और वैज्ञनिक के कस्तूरीरंगन को भी श्रद्धांजलि दी। शुक्रवार को उनका निधन हो गया था। उन्होंने कहा कि कस्तूरीरंगन पूरी जिंदगी देश की निस्वार्थ सेवा करते रहे। देश के निर्माण के लिए उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा।

# अरब सागर में दिखाई दी भारत की समुद्री ताकत, नौसेना ने ब्रह्मोस एंटी-शिप मिसाइल का किया सफल परीक्षण




नई दिल्ली,(एजेंसी) : भारत-पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच भारतीय नौसेना ने अपनी युद्ध तैयारी का दमदार प्रदर्शन करते हुए अरब सागर में कई सफल एंटी-शिप फायरिंग की। नौसेना ने अत्याधुनिक ब्रह्मोस एंटी-शिप मिसाइल का परीक्षण किया, जिसकी रेंज करीब 300 किलोमीटर है।

इस परीक्षण के साथ ही भारतीय नौसेना ने स्पष्ट कर दिया कि वह किसी भी समय, कहीं भी, किसी भी प्रकार से राष्ट्र के समुद्री हितों की रक्षा करने के लिए युद्ध के लिए तैयार, विश्वसनीय और भविष्य के लिए सक्षम है। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने अपनी सैन्य तैयारियों को और तेज कर दिया है। हमले के 48 घंटे के भीतर भारतीय नौसेना ने अपने विध्वंसक युद्धपोत आईएनएस सूरत से सतह से हवा में मार करने वाली मध्यम दूरी की मिसाइल का सफल परीक्षण किया। इस दौरान आईएनएस सूरत ने समुद्र में एक लक्ष्य को सटीकता से भेदा।

इसके अलावा, हाल ही में डीआरडीओ और भारतीय नौसेना ने स्वदेशी वर्टिकल-लॉन्च्ड शॉर्ट-रेंज सरफेस-टू-एयर मिसाइल (वीएल-एसआरएसएएम) का भी सफल परीक्षण किया। यह परीक्षण 26 मार्च को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से किया गया था, जिसमें मिसाइल ने कम ऊंचाई पर उच्च गति वाले हवाई लक्ष्य को सटीकता से नष्ट किया।

**गौरव का भी सफल परीक्षण**

भारतीय रक्षा क्षमता को और मजबूती देते हुए, इसी महीने भारत ने लड़ाकू **शेष पृष्ठ-4.....**

## ब्रीफ न्यूज

### दो दिन में सूरत से 239 बांग्लादेशी हिरासत में लिए गए

सूरत(एजेंसी) : पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत में अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तानी और बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ गुजरातभर में बड़ा अभियान चल रहा है ऐसे घुसपैठियों की तलाश कर उनके देश वापस भेजने की राज्यभर में कवायद जारी है सूरत ग्रामीण जिला पुलिस ने बड़ा तलाशी अभियान के अंतर्गत अवैध रूप से रह रहे 239 संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों का पता लगाया है। इस अभियान के तहत 26 अप्रैल को 130 तथा 27 अप्रैल को 109 संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक पाए गए। पुलिस ने यह कार्रवाई बारडोली, पलसाणा, कडोदरा, कामरेज, किम, कोसंबा, मांडवी तथा ओलपाड तहसील क्षेत्रों में की है। फिलहाल पकड़े गए सभी विदेशी संदिग्ध नागरिकों को स्थानीय पुलिस स्टेशन लाया गया है। उनसे पूछताछ और नागरिकता सत्यापन की प्रक्रिया जारी है। अभियान के तहत पुलिस ने दो दिनों में बारडोली से 43, पलसाणा से 55, कडोदरा से 29, कामरेज से 35, कीम से 12, कोसंबा 25, ओलपाड से 33 और मांडवी से 7 समेत अब तक कुल 238 घुसपैठियों को हिरासत में लिया है

### पत्नी के रहते दूसरी महिला से संबंध रखना क्रूरता का रिश्ता: हाईकोर्ट

चंडीगढ़(एजेंसी) : पंजाब और हरियाणा हाइकोर्ट ने हाल ही में एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा है कि वैवाहिक बंधन से बाहर किसी महिला के साथ पति का बिना किसी कारण के संबंध रखना पत्नी के साथ क्रूरता है। सुनवाई के दौरान जस्टिस सुधीर सिंह और जस्टिस सुखविंदर कौर की पीठ ने कहा है कि यह किसी भी रिश्ते के टूटने का कारण बन सकता है। कोर्ट में एक ऐसे मामले पर सुनवाई चल रही थी जिसमें एक शख्स ने अपनी पत्नी से तलाक की मांग की थी क्योंकि उसकी पत्नी ने उस पर अवैध संबंधों के आरोप लगाए थे।

कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा, हालांकि पति का कहना है कि उसका महिला के साथ कोई अवैध संबंध नहीं था, फिर भी हमने यह देखा है कि वैवाहिक संबंध के बाहर किसी महिला के साथ संबंध बनाए रखना, वह भी बिना किसी उचित स्पष्टीकरण **शेष पृष्ठ-4.....**

# मुंबई में ईडी दफ्तर वाली इमारत में भीषण आग, दस्तावेजों के जलने की आशंका



मुंबई,(एजेंसी) : महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में रविवार तड़के एक बड़ी घटना सामने आई जबकि दक्षिण मुंबई के बेलार्ड एस्टेट इलाके में स्थित कैसर-ए-हिंद इमारत में भीषण आग लग गई। इसी बहुमंजिला इमारत में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का कार्यालय भी स्थित है, जहां कई प्रमुख राजनेताओं और व्यापारियों के खिलाफ जांच से जुड़े अहम दस्तावेज रखे हुए हैं।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, रात करीब 2:31 बजे करिंभॉय रोड पर ग्रैंड होटल के पास स्थित कैसर-ए-हिंद इमारत में आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को मिली। तुरंत ही फायर ब्रिगेड की दस से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने के लिए अभियान शुरू किया। आग धीरे-धीरे बढ़कर लेवल-2 श्रेणी की हो गई, जिसे बड़ी आग माना जाता है। फायर ब्रिगेड अधिकारियों ने बताया कि आग मुख्य रूप से पांच मंजिला इमारत की चौथी मंजिल तक सीमित रही। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं मिली है। आग पर काबू पाने के लिए आठ दमकल गाड़ियों, छह जंबो टैंकरों, एक एरियल वॉटर टावर टेंडर, एक श्वास तंत्र वैन, एक बचाव वैन और एक त्वरित प्रतिक्रिया वाहन के साथ 108 सेवा की एम्बुलेंस को भी तैनात किया गया।

फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच जारी है और यह भी देखा जा रहा है कि आग से ईडी दफ्तर के महत्वपूर्ण दस्तावेजों को कितना नुकसान पहुंचा है।

# मप्र के मंदसौर जिले में बाइक को टक्कर मारकर कुएं में गिरी वैन, 10 लोगों की मौत



मंदसौर, (एजेंसी) : मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में नारायणगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम काचरिया चौपाटी के पास रविवार दोपहर श्रद्धालुओं से भरी एक तेज रफ्तार ईको वैन मोटरसाइकिल को टक्कर मारने के बाद कुएं में जा गिरी। इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई है, जबकि चार घायल हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू शुरू किया। एसडीईआरएफ की टीम को भी मौके पर बुलाया गया। टीम रस्सियों के सहारे कुएं में उतरी और क्रेन की मदद से वैन को निकाला।

रविवार को रतलाम जिले के ग्राम जोगिपिपलिया और खोजनखेड़ा से वैन में 13 लोग सवार होकर सभी नीमच जिले के मनासा क्षेत्र के आंतरी माता मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। इस दौरान नारायणगढ़ थाना क्षेत्र में दोपहर करीब सवा एक बजे ग्राम काचरिया चौपाटी के पास बूढ़ा-टकरावत फंटे पर वैन बेकाबू होकर एक बाइक को टक्कर मारते हुए कुएं में जा गिरी। हादसे में बाइक सवार एक यात्री की मौके पर मौत हो गई। बाइक सवार की पहचान आबाखेड़ी निवासी गोबर सिंह के तौर पर हुई है। हादसे में कुल 10 लोगों की मौत हुई है। मृतकों में कार सवारों को बचाने के लिए कुएं में उतरा ग्रामीण मनोहर सिंह भी शामिल है। हादसे में चार लोग घायल हैं, जिन्हें रेस्क्यू कर मंदसौर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, कलेक्टर अदिति गर्ग, एसपी अभिषेक आनंद, एडिशनल एसपी गौतम सोलंकी, एसडीओपी नरेंद्र सोलंकी मौके पर पहुंच गए थे। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने बताया कि इस हादसे में कुल 13 लोग शामिल थे, जिनमें दो बच्चे भी थे। पहले बच्चों को निकालकर अस्पताल भेजा गया। उन्होंने बताया कि कुएं से सभी को निकाल लिया गया है। गाड़ी बड़ी मुश्किल से बाहर लाई गई है। कुएं में जहरीली गैस के कारण बचाने गए मनोहर सिंह की भी मौत हुई है। उन्होंने दो-तीन लोगों को बाहर निकाला था। मुझे जैसे ही घटना के बारे में पता चला मैं सीधा वहीं चला गया। जिले के सारे अधिकारी भी यहीं हैं।पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान मनोहर सिंह (बचाव के दौरान जान गंवाई) निवासी ग्राम संजीत जिला मंदसौर, गोबर सिंह (बाइक सवार) निवासी सीतामऊ जिला मंदसौर, कन्हैयालाल **शेष पृष्ठ-4.....**

# बेंगलुरु में आयोजित हुआ एलुमनी मिलन समारोह

## झारखंड के युवा बना सकते हैं देश और दुनिया में अपनी एक अलग पहचान: दीपिका पांडेय

**स्किल आइकन एवं प्रोजेक्ट इंप्लीमेंटिंग एजेंसियों को किया गया सम्मानित**




नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

बेंगलुरु, कर्नाटकः ग्रामीण विकास मंत्री, श्रीमती दीपिका पांडेय ने कहा कि,रझारखंड के युवाओं ने यह साबित कर दिया है कि यदि अवसर और उचित मार्गदर्शन मिले, तो वे देश और दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बना सकते हैं। हम सभी को आप पर गर्व है। सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह न केवल आपके कौशल विकास में सहयोग करे, बल्कि आपकी सुरक्षित और सम्मानजनक आजीविका सुनिश्चित करने में भी हर संभव मदद करे। इस अवसर पर उन्होंने सभी अभ्यर्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में डीडीयू-जीकेवाई पर आधारित विशेष पुस्तक कौशल विकास से आत्मनिर्भरता की ओर का विमोचन किया गया।

**झारखंड सरकार राज्य के युवाओं की कौशल विकास और उन्नति के लिए प्रतिबद्ध**

श्रीमती दीपिका पांडे ने कहा कि झारखंड सरकार राज्य के युवाओं की कौशल विकास और उन्नति के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि सरकार हर कदम पर उनके साथ है, चाहे वे झारखंड में हों या देश के किसी अन्य हिस्से में। श्रीमती दीपिका पांडेय रविवार को झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, ग्रामीण विकास विभाग, द्वारा बेंगलुरु में आयोजितउ्रञ्ज-ऋॠ के अंतर्गत प्लेस्ड अभ्यर्थियों के लिए एक एलुमनी मिलन समारोह-2025 को संबोधित कर रही थीं।

मंत्री पांडेय ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की सराहना करते हुए कहा कि इस फ्लैगशिप कार्यक्रम ने झारखंड के हजारों युवाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। मंत्री महोदया ने विशेष रूप से बेंगलुरु में जेएसएलपीएस द्वारा स्थापित माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर का उल्लेख किया, जो झारखंड के बाहर कार्यरत युवाओं को सहयोग प्रदान करने में अहम भूमिका निभा रहा है।

कार्यक्रम का उद्देश्य देश के विभिन्न भागों में कार्यरत झारखंड के युवाओं को एक साझा मंच प्रदान करना इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश के विभिन्न भागों में कार्यरत झारखंड के युवाओं को एक साझा मंच प्रदान करना था, जहां वे अपने अनुभव साझा कर सकें, एक-दूसरे से संवाद कर सकें और अपने विकास की यात्रा का उत्सव मना सकें।माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के कुशल और संवेदनशील नेतृत्व में झारखंड सरकार अपने हर युवा विशेषकर महिलाओं को कौशल विकास के जरिए आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, इसी कड़ी में जेएसएलपीएस द्वारा अबतक 85 हजार से ज्यादा युवाओं को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

**जेएसएलपीएस द्वारा बेंगलुरु एवं हरियाणा में स्थापित माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर झारखंड के युवाओं की समस्याओं का करता है समाधान**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीईओ, जेएसएलपीएस श्रीमती कंचन सिंह ने माननीय ग्रामीण विकास मंत्री, के प्रतिनिधियों, भारत सरकार के प्रतिनिधि, एवं उपस्थित सभी अभ्यर्थियों का स्वागत किया और कार्यक्रम का उद्देश्य बताया। उन्होंने बताया कि इस तरह के एलुमनी मीट का उद्देश्य केवल उत्सव मनाना नहीं, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना है कि प्लेस्ड युवाओं को निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन मिलता रहे। उन्होंने जेएसएलपीएस द्वारा बेंगलुरु एवं हरियाणा में **शेष पृष्ठ-4.....**

# तेलंगाना के कृषि मंत्री ने झारखंड के कृषि मंत्री का किया स्वागत



रांची, (एजेंसी) : तेलंगाना के कृषि और सहकारिता सह हैंडलूम टेक्सटाइल विभाग के मंत्री टी नागेश्वर राव ने रविवार को हैदराबाद में झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की का स्वागत किया।

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के साथ हैदराबाद में प्रारंभिक बैठक के दौरान तेलंगाना कृषि विभाग के सचिव एम रघुनंदन राव के साथ हॉर्टिकल्चर डायरेक्टर शेख यास्मीन बाशा भी मौजूद रहीं।

प्रारंभिक बैठक में तेलंगाना में धान फसल के पैदावार और उसके संग्रहण पर लेकर चर्चा हुई। तेलंगाना सरकार ने कृषि के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए कृषि पदाधिकारियों को बड़ी संख्या में बहाल कर रखा है। जो किसानों के लिए उनकी खेती-बाड़ी में सबसे ज्यादा मददगार साबित हो रहे है।

कृषि के क्षेत्र में तेलंगाना सरकार की ओर से अपनाए जा रहे उन्नत तकनीक को लेकर भी बैठक में चर्चा हुई। 28 अप्रैल से मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की झारखंड के अधिकारियों के साथ तेलंगाना के संस्थानों का दौरा और उनके अधिकारियों के साथ बैठक करेंगी।

# महिला समिति बोकारो के द्वारा पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन







**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**बोकारो :** महिला समिति बोकारो समाजसेवा के क्षेत्र में एक सुप्रसिद्ध नाम है। महिला समिति बोकारो की अध्यक्ष श्रीमती अनीता तिवारी के कुशल नेतृत्व में समिति ने बोकारो क्लब के अभिनंदन कक्ष में सदस्याओं के लिए एक पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया। पाक कला प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। निर्णायक मंडली में अध्यक्ष श्रीमती अनीता तिवारी तथा उपाध्यक्ष श्रीमती इति रथ और श्रीमती देवजानी मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों के पाक कला का बारीकी से निरीक्षण किया तथा अपनी निर्णय सुनाई। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर श्रीमती शुक्ला बिस्वास,श्रीमती ज्योति,श्रीमती रंजना, श्रीमती दीप, श्रीमती यामिनी व श्रीमती मिन्नी विजेता रहीं तथा सभी को सहभागिता के लिए पुरस्कार प्राप्त हुआ। मनोरंजक खेल तथा संगीत के माध्यम से कार्यक्रम का कुशल संचालन श्रीमती श्वेता कुमार किया।

समिति की सचिव श्रीमती ऋचा प्रियदर्शिनी ने सदस्याओं को समाज सेवा में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। समिति की कार्यकारिणी दल के सदस्य श्रीमती अभिरुचि प्रिया, श्रीमती अंजली, श्रीमती अनिशा, श्रीमती जया, श्रीमती प्रीति, श्रीमती सिम्मी एवं श्रीमती आशा ने पूरे कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया। महिला समिति के सुरभि तथा स्वावलंबन केंद्र के कर्मियों के द्वारा बनाए नमकीन, मिष्ठान, मसाले, पापड़, सिलाई के वस्त्र इत्यादी की प्रदर्शनी रखी गई जिसकी सभी ने काफी सराहना की।

## संक्षिप्त खबर

### आतंकवादियों के द्वारा निर्दोषों के हत्या के विरोध में कैंडल मार्च निकाला गया



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** ब्राम्हण महासंघ की ओर से अरगाघाट सूर्य मंदिर में शनिवार शाम जम्मू कश्मीर के पहलगांव में आतंकवादियों के द्वारा निदोषों के हत्या के विरोध में कैंडल मार्च निकाला गया तथा घटना में मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हेमन्त पाठक ने की। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक उपाध्याय एवं जिला अध्यक्ष हेमन्त पाठक ने संयुक्त रूप से बताया कि धर्म के नाम पर आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों की हत्या करना घोर अमानवीय है। पाकिस्तान के द्वारा आतंकवादियों को संरक्षण देना कतई उचित नहीं है। इसके लिए विश्व स्तर पर पाकिस्तान की कड़ी निंदा होनी चाहिए एवं पाकिस्तान की वैश्विक रूप से आर्थिक बहिष्कार होना चाहिए। भारतीय सेना के जवानों को समय पर कार्रवाई भी करनी चाहिए। इस संबंध में उपस्थित अन्य लोगों ने भी अपना विचार रखा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक उपाध्याय, जिला अध्यक्ष हेमन्त पाठक, आशुतोष तिवारी, संतोष कुमार पांडे, दीपक कुमार पांडे, रितेश पांडे, प्रियांशु शेखर, शिव शंकर पाठक, मुकुंद मुरारी मिश्र, गौरी शंकर पाठक, सुरेश शर्मा, महेश शर्मा, विक्रम मिश्रा, विशेश्वर पाठक, निशांत कुमार मिश्र, कुमार पल्लव नगर सचिव, रवि शंकर पांडे, ग्रीष्म कुमार भक्त, कमल पांडे, संयोगिता मिश्रा, मधुलिका पाठक, मोनिका वैद्य, अनूपा वैशाख यार, पिंकी देवी, ममता देवी, सविता मिश्रा, प्रेम देवी, ऊषा पाठक, अंजना मिश्रा, सुनीता मिश्रा, कल्पना पाठक, सुनीता पाठक, महेश आनंद शर्मा, ट्विंकल नारायण भारद्वाज समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### फारवर्ड ब्लाक ने पहलगांव के मृतकों को श्रद्धांजलि दी



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** गिरिडीह झंडा मैदान में फॉरवर्ड ब्लॉक समर्थकों की एक मीटिंग में पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों के प्रति श्रद्धांजलि देते हुए केंद्र सरकार से शीघ्र ही सभी दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई करने तथा इस घटना के लिए हुई चूक उजागर करने की मांग की। ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। मीटिंग की अगुवाई पूर्व जिप सदस्य सह फाब्ला नेता ने करते हुए कहा कि यह हमला एक बड़ी साजिश का हिस्सा है। ताकि हमारे देश में एकता की सदियों पुरानी परंपरा को कमजोर किया जा सके। कहा गया कि केंद्र तथा राज्य की जन विरोधी नीतियों एवं कार्यशैली से आम जन तथा खासकर मेहनतकश तबके का हाल बुरा है। मुख्यतः केंद्र की श्रम विरोधी नीतियों से मेहनतकशों को उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। सरकार अपने दायित्व भूल चुकी है। लोगों को एकजुट होना होगा। इसके लिए सभी ग्राम,मोहल्लों, वार्डों में मीटिंग कर आम लोगों को संगठन से जोड़कर जनसंघर्ष आगे बढ़ाया जाएगा।मौके पर मनोज यादव, मथान मरांडी, बाबूलाल हांसदा, राजू रजक, अन्ना मुर्मू, मेको हांसदा, रेशमा देवी, पंचमुखी देवी, ज्योति किरण हेंब्रम, डेलिया देवी, विकास कुमार सहित अन्य थे।

### बहुत ही धूमधाम से मनाया गया दानवीर भामाशाह जयंती समारोह





धनबाद सांसद ढुल्लू महतो भी पहुंचे खरगडीहा

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** जमुआ प्रखंड के खरगडीहा गांव में साहू समाज के द्वारा एक दिवसीय दानवीर भामाशाह जयंती समारोह मनाया गया। इस समारोह में बहुत ही धूमधाम के साथ गांव के तमाम साहू समाज के महिला, पुरुष के द्वारा पूरा नगर भ्रमण किया गया। नगर भ्रमण के दौरान पूरा क्षेत्र भामा शाह अमर रहे, भामाशाह जिंदाबाद, भारत माता की जय जैसे नारो के साथ पूरा क्षेत्र गूंजयनान था नगर भ्रमण के बाद तमाम साहू समाज के लोग साहू धर्मशाला पहुंचे। सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।सांसद ढुल्लू महतो भी पहुंचे तमाम साहू समाज के लोगों के द्वारा उनका भरपूर स्वागत मुख्य अतिथि के तौर पर किया गया। उन्होंने भामाशाह की तस्वीर के ऊपर मालार्पण किया। उन्होंने संबोधन के दौरान तमाम साहू समाज के लोगों को एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि भामाशाह दानवीर थे उन्होंने धर्म एवं भारत की रक्षा हेतु तत्परता दिखाई। साथ ही साथ बहुत ही राजाओं को धन देकर मदद की ताकि सनातन धर्म की रक्षा हो सके।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो,विशिष्ट अतिथि शिवनाथ साहू, साहू समाज के जिला अध्यक्ष बाल गोविंद साहू, प्रवीण साहू, राजकुमार साहू ,अशोक साहू, सुनील कुमार साव, रविंद्र साहू मुख्य तौर पर सूरज कुमार साहू, बबलू साहू, अनूप साहू, विक्की सावन, प्रिंस कुमार, राजा साव, सुमन साहू, सच्चिदानंद साहू,सत्यनारायण साहू, प्रकाश साहू, विजय साहू, राजकुमार साहू, शिवम कुमार, प्रवीण, सुमित साहू, रॉकी साहू आदि समस्त साहू समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

# मिथिला सांस्कृतिक परिषद ने नवप्रोन्नत सीजीएम राजेश झा को किया सम्मानित



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**बोकारो :** बोकारो की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद के एक वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को बोकारो स्टील प्लांट के नवपदस्थापित मुख्य महाप्रबंधक (सीआरएम-3) राजेश कुमार झा को उनकी पदोन्नति पर शुभकामनाएं देते हुए उन्हें सम्मानित किया। परिषद के महासचिव नीरज चौधरी के अलावा निदेशक मंडल के राजेन्द्र कुमार (संयोजक), कृष्ण चन्द्र झा, अविनाश कुमार झा एवं विजय कुमार झा ने श्री झा के आवास पर उन्हें मिथिला की सांस्कृतिक धरोहर पाग, दोपटा तथा गुलदस्ता देकर सम्मानित किया और बधाई दी। साथ ही, बोकारो स्टील प्लांट के इस महत्वपूर्ण पद पर सफलतापूर्वक अपनी जिम्मेदारी निभाने की कामना भी की। उल्लेखनीय है कि राजेश कुमार झा ने वर्ष 1992 में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) में अपनी सेवा की शुरूआत की थी। इस दौरान वह लगभग 14 साल तक सेल, बीएसएल के मुम्बई कार्यालय में निरीक्षण विभाग में कार्यरत रहे।

वर्ष 2017 में पुनः उनकी बोकारो वापसी हुई, जहां वर्तमान पदोन्नति से पूर्व तक वह हॉट स्ट्रिप मिल के महाप्रबंधक (मेकैनिकल) के पद पर कार्यरत थे। अब उन्हें कोल्ड रोलिंग मिल (सीआरएम)- 3 के मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) की बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। श्री झा मूलतः बिहार के दरभंगा जिला अंतर्गत बेनीपुर प्रखंड स्थित महिनाम ग्राम के निवासी हैं।

# सोना आरा तालाब में शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** गिरिडीह के पचंबा थाना अंतर्गत पेटियाटांड के सोना आरा तालाब में मिला युवक का शव।घटना की सूचना मिलते ही पचम्बा थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेजने की प्रक्रिया चल रही है। वहीं शव की पहचान पेटियाटांड निवासी गुड्डु साव के रूप में हुई है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार मृतक विवाहित था और उनके दो बच्चे भी हैं। घटना के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस द्वारा सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है और आवश्यक साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की जा रही है।

# उत्पाद विभाग ने कुरहा गांव के घने जंगलो में की छापेमारी, दो शराब माफिया फरार



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** उत्पाद विभाग के द्वारा स्थानीय थाना के सहयोग से गांवा थाना के अंतर्गत कुरहा गांव एवं घने जंगल में छापामारी की गई. छापामारी का नेतृत्व रवि रंजन, अवर निरीक्षक उत्पाद, गिरिडीह द्वारा किया गया. इस दौरान घने जंगल को स्कैन किया गया। जिसके उपरांत अवैध शराब के अड्डे तक पहुंचकर अवैध शराब बनाने वाले उपकरण, जावा महुआ एवं भट्टी को नष्ट किया गया और जावा महुआ को जब्त किया गया.अवैध चुलाई शराब कारोबारी कुल-2 अभियुक्त मुन्ना साव एव दिनेश साव के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया है. मौके पर गावां थाना की पुलिस अवर निरीक्षक, सशस्त्र बल एवं गृह रक्षक जवान शामिल थे.

# फायर सेफ्टी पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** रोटरी गिरिडीह,इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन एवं श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में फायर सेफ्टी पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन श्याम सेवा समिति आईसीआर रोड के सभागार में किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में जिला अग्निशमन पदाधिकारी गिरिडीह रवि रंजन अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिवादन किया गया।तत्पश्चात आगंतुक अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता रवि रंजन द्वारा आग लगने की स्थिति में क्या करें और क्या न करें इसकी विस्तृत जानकारी दी गई।साथ ही साथ इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न न होने पाए उसके बारे में भी जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों द्वारा फायर सेफ्टी से सम्बन्धित कई सवाल भी उनसे पूछा गया जिनका जवाब भी उनके द्वारा दिया गया। इस कार्यशाला में जिला अग्निशमन विभाग एवं भारत गैस द्वारा फायर सेफ्टी से संबंधित उपकरणों से कैसे आग बुझाएं इसे प्रयोग करके उपस्थित लोगों को दिखाया।ताकि लोग इसका उपयोग आसानी से कर सकें।

इस कार्यशाला के अंत में सभागार में उपस्थित लोगों द्वारा पिछले दिनों पहलगांव में हुए आतंकी घटना एवं पचंबा में हुए आगजनी की घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस कार्यशाला में मुख्य रूप से रोटरी 3250 के निवर्तमान जिलापाल सह श्याम सेवा समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष शिव प्रकाश बगड़िया,इनर व्हील की पूर्व डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन पूनम सहाय, कार्यशाला संयोजक प्रदीप डालमिया,रोटरी गिरिडीह के अध्यक्ष रवि चूड़ीवाला,सचिव मयंक राजगढ़िया,इनर व्हील सनशाइन की अध्यक्ष सोनाली तर्वे, सचिव राखी झुनझुनवाला,श्याम सेवा समिति ट्रस्ट के सचिव पवन चूड़ीवाला,चैंबर ऑफ कॉमर्स गिरिडीह के अध्यक्ष निर्मल झुनझुनवाला,नरेंद्र सिंह, लक्खी प्रसाद गौरिसरिया, शंभू जैन,अमित गुप्ता,अभिषेक जैन,संजय शर्मा, डॉ. तारक नाथ देव,विकास बगड़िया,उदित डालमिया,विकास बसईवाला,मनीष तर्वे,सुमन गौरिसरिया,अनीता बगड़िया,मोना चूड़ीवाला,स्मृति आनंद सहित शहर के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# राजद की बैठक में सदस्यता अभियान चलाने का लिया गया निर्णय



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** न्यू परिषदन भवन में राष्ट्रीय जनता दल एवं युवा राष्ट्रीय जनता दल की संयुक्त बैठक राजद के जिला उपाध्यक्ष रामकिशुन यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसका संचालन नगर अध्यक्ष बिट्टू शुक्ला ने किया बैठक में मुख्य रूप से गिरिडीह जिले के सभी 13 प्रखंडों में राजद का सांगठनिक ताकत को मजबूती प्रदान करने के लिए सघन रूप से सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इसके तहत सभी पदाधिकारियों ने पूरे गिरिडीह में करीब 25 हजार नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने पूर्व के जिला अध्यक्ष नाथेश्वर ठाकुर की क्रिया कलाप एवं सांगठनिक ताकतों को मजबूत बनाने में सक्रियता नहीं दिखा पाने की स्थिति में पदाधिकारियों ने सर्व सम्मति से सदस्यता अभियान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए तत्काल इरफान आलम को कार्यकारी जिला अध्यक्ष के रूप में मनोनीत करते हुए राज्य कमिटी को अग्रसारित किया गया।इस प्रस्ताव को उपस्थित लोगों ने ध्वनिमत से पारित करते हुए राज्य कमिटी को प्रेषित कर दिया है।उक्त महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य रूप से युवा राजद के जिला अध्यक्ष इरफान आलम, प्रदेश सचिव इनामुल हक, राजद नगर अध्यक्ष बिट्टू शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष रामकिशुन यादव, जमुआ के लालबेग अंसारी, युवा राजद के जिला उपाध्यक्ष अतुल कुमार, जमुआ के प्रखण्ड सचिव ललन यादव,ि असलम अंसारी, फिरोज खान, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष इसराइल अंसारी, मंजूर अंसारी, मोजाहिद अंसारी, इदरीश अंसारी, जमुआ विधान सभा क्षेत्र के सुखदेव हाजरा, लालू यादव, राजेंद्र प्रसाद यादव, गोपी यादव, राजकुमार यादव , सुनीता देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# असंगठित मजदूर मोर्चा और माले मजदूरों के हक में करेगा बडा आंदोलन



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** गिरिडीह के मजदूर एक हो पूंजीपतियों ने आपको बर्बाद किया है।हम लड़ेंगे आप एक साथ खड़ा रहे अंसगठित मजदूर मोर्चा और सेन्ट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन (ऐक्टू) के आयोजन में 1 मई, 2025 को गिरिडीह के टुण्डी रोड स्थित मोहनपुर में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस को मनाने के लिए विशाल मजदूर सभा का आयोजन किया जाएगा। सभा स्थल मोहनपुर से मजदूरों की रैली होगी जो गादी श्रीरामपुर, अजीडीह के मुख्य मार्गो से चलकर पुनः सभा स्थल पर पहुंचेगी जहां पर मजदूर आन्दोलन में शहिद हुए अमर सेनानियों को प्रतिकात्मक शहिद वेदी पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी। मजदूर सभा को टेड्र यूनियनों के नेताओं के अलावे भाकपा-माले के केन्द्रीय कमेटी सदस्य सह पोलित ब्यूरो मेम्बर हलधर महतो, केन्द्रीय कमेटी सदस्य सह बगोदर के पूर्व विधायक कामरेड विनोद कुमार सिंह, निरसा के माले विधायक अरूप चटर्जी, भाकपा-माले के राज्य कमेटी सदस्य सह धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव, अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कामरेड पुरन महतो, माले के जिला सचिव कामरेड अशोक पासवान सम्बोधित करने आएंगे।

इसकी तैयारी को लेकर अंसगठित मजदूर मोर्चा के किशोर राय, हुबलाल राय, मसूदन कोल्ह, लखन कोल्ह, मदन साहू, सनातन साहू, भीम कोल्ह , तबारक खान, नौसादर आलम, एकराम अंसारी,कन्हैया पाण्डेय सहित दर्जनों मजदूर नेता और कार्यकर्ता दिन रात लगे हुए हैं।

Page 3_Page 3.qxd 4/27/2025 10:26 PM Page 1



संक्षिप्त खबर

## बेलाखोंदा में शिक्षाविद् व स्वास्थ्यकर्मी स्व.आशीष मिश्रा की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

महुदा : पी मिश्रा बालिका उच्च विद्यालय बेलाखोंदा में रविवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर समाजसेवी, शिक्षाविद् एवं स्वास्थ्यकर्मी स्व.आशीष मिश्रा का चौथी पुण्यतिथि मनायी गयी. इस अवसर पर आगंतुक अतिथियों, शिक्षकों, छात्रों एवं गणमान्य लोगो द्वारा स्व.आशीष मिश्रा के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर एवं दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई. श्रद्धांजलि सभा में स्वर्गीय आशीष कुमार मिश्रा के धर्मपत्नी रेखा निक्का, विद्यालय के निर्देशक लक्ष्मण रवानी, प्रधानाध्यापक गणेश रवानी , विष्णु गयाली, नीरज मिश्रा, शिक्षक दीपक कुमार माजी, अबोध कुमार ग्याली, सुरेश रवानी, गुंजन कुमारी, विकाश कुमार, शिखा कुमारी, रूपाली कुमारी, बनाली कुमारी, किरण कुमारी, आशा कुमारी आदि मौजूद थे.

## संविधान के अनुसार नहीं चल रही शासन व्यवस्था : कमलेश




**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

रांची। संविधान बचाओ रैली की सफलता को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में रविवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में बैठक हुई। बैठक में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष, महासचिव और प्रमुख कांग्रेस,युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवा दल, इंटक, ओबीसी, अल्पसंख्यक सहित अन्य इकाइयों के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में कमलेश ने विभिन्न मोर्चा संगठनों अग्रिम संगठनों के अध्यक्षों को रैली के संदर्भ में जरूरी दिशा निर्देश दिया। इस क्रम में कमलेश ने कहा कि देश के छात्रों,युवाओं विभिन्न समुदायों का अधिकारों का हनन किया जा रहा है। संविधान के अनुसार देश की शासन व्यवस्था नहीं चल रही है, बल्कि संविधान के प्रावधानों को कुचल कर तानाशाही रवैये के साथ निरंकुश शासन प्रणाली अपनायी जा रही है। छात्रों का भविष्य, युवाओं के सपने,महिलाओं का सम्मान, नागरिकों का आत्म सम्मान कुचला जा रहा है। अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरे लोगों की आवाज कोई नहीं सुन रहा है।

इसके विरोध में कांग्रेस खड़ी है। कांग्रेस उनके मंसूबों को जन सहयोग से पूरा नहीं होने देगी। बैठक की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि अग्रिम मोर्चा संगठनों को संविधान के संदर्भ में महाविद्यालय,विश्वविद्यालय, युवाओं,महिलाओं और किसानों के बीच विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है।

बैठक में प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की शहजादा अनवर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय प्रदीप तुलस्यान, जयशंकर पाठक, संजय पांडे, अमूल्य नीरज खलको,आलोक कुमार दुबे, राजेश गुप्ता छोटू सहित अन्य मौजूद थे।

## बोकारो थर्मल में आधार अपडेशन कैंप का आयोजन आज से

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

बोकारो थर्मल : बोकारो डीसी के निर्देश पर बोकारो थर्मल स्थित गोविंदपुर सी पंचायत सचिवालय में 28 अप्रैल सोमवार से 30 अप्रैल तक आधार अपडेशन कैंप का आयोजन किया जा गया है।

इस संबंध में पंचायत के मुखिया विकास सिंह ने रविवार को कहा कि कैंप में वैसै व्यक्ति का, जिसके आधार में किसी भी तरह का बदलाव या सही करवाना हो या किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि को, उसे सही करवाना हो तो पंचायत सचिवालय पहुंचकर अपने आधार अपडेशन का कार्य करा लें।

## आतंकवाद के समूल नाश के लिए कठोर कदम उठाए सरकार : बरियार

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि



बोकारो : पिछले दिनों जम्मू-कश्मीर के पहलगाम के पास बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की नृशंस हत्या कर दी गई, जिसमें दो नेपाली नागरिक व कई स्थानीय लोग भी शामिल थे। यह घटना सम्पूर्ण भारतवर्ष को झकझोर देने वाली है। स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय स्वदेशी मेला प्रमुख सचिंद्र कुमार बरियार ने इस जघन्य आतंकवादी कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए केंद्र सरकार से दोषियों को चिन्हित कर शीघ्रातिशीघ्र कड़ी सजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच सम्पूर्ण राष्ट्र में आर्थिक व सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के साथ-साथ राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा के लिए भी प्रतिबद्ध है। श्री बरियार ने सरकार से घटना की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच करवाने, शहीदों के परिजनों को पर्याप्त मुआवजा राशि प्रदान करने, पर्यटकों की सुरक्षा के लिए ठोस व प्रभावी रणनीति बनाने तथा ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु आतंकवाद के समूल नाश के लिए कठोर कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने इस त्रासदी की शोक में समस्त राष्ट्र में 2 मिनट का मौन व समस्त धार्मिक स्थलों पर शांति प्रार्थना का आयोजित करने का भी आह्वान किया है।

## विधायक ने किया पंचायत सचिवालय भवन निर्माण का भूमि पूजन

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

बोकारो : रविवार को बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने तुपकडीह के तांतरी दक्षिणी पंचायत के नये सचिवालय भवन निर्माण का भूमि पूजन किया। इस क्रम में उन्होंने कहा कि जरीडीह प्रखंड की 17 पंचायतों में क्या काम करना है, आमजन बेझिझक बताएं, वह कभी पीछे नहीं रहेंगे। कई बड़े काम करने जा रहा हूं, जो आने वाले दिनों में दिखेगा। मौके पर प्रतिनिधि निरंजन मिश्रा, मुखिया शांति देवी, कामदेव महतो, सीओ प्रणव ऋतुराज, थाना प्रभारी बीके सिंह, पंसस ललित, उप मुखिया तिलु महतो, प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार मंडल, सहदेव महतो, ठाकुर महतो, नमित मिश्रा, विनोद, राजेश आदि मौजूद रहे।

# भूली मैदान में सर्व धर्म मेलजोल अभियान कार्यक्रम में विभिन्न धर्मो के लोग हुए शामिल

### मिशन हैप्पी धनबाद व नव संकल्प मंच के तत्वावधान में कार्यक्रम हुआ आयोजित







**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

भूली : भूली ओपी मैदान में मिशन हैप्पी धनबाद और नव संकल्प मंच की ओर से रविवार को सर्व धर्म मेलजोल अभियान का भव्य समारोह आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद नगर एसपी अजित कुमार, बैंकमोड़ इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार, भूली ओपी प्रभारी अभिनव कुमार सहित धर्मों के धर्मावलंबी हिंदू धर्म से सकलानंद बाबा, मुस्लिम धर्म से मौलाना नौशाद आलम, सिख धर्म से मनजीत सिंह, गुरजीत सिंह, ईसाई धर्म से मैसेक पाल, जैन धर्म से मनोज जैन, बौद्ध धर्म भंते आरके रंजन आदि उपस्थित थे. कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों को तिलक लगाकर व पौधा भेंटकर किया गया. आयोजित कार्यक्रम में मिशन एजुकेशन और मिशन हेल्थ को जोड़कर लोगों को जागरूक किया गया. कार्यक्रम में स्वच्छ, सुंदर और विकसित धनबाद बनाने पर चर्चा की गई. विभिन्न धर्मगुरुओं ने अपने संदेशों के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया. कार्यक्रम का उद्देश्य सबको शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार प्रदान करना है. कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों और धर्मगुरुओं के साथ आम लोगों ने शपथ पत्र पढ़ा.प्रशासनिक अधिकारियों ने पुलिस और जनता के संबंधों पर प्रकाश डाला और कहा कि पुलिसिंग व्यवस्था में आम लोगों की भूमिका महत्वपूर्ण है. उन्होंने समाज के निर्माण में लोगों की भागीदारी पर जोर दिया. कार्यक्रम में स्वागत भाषण हैप्पी मिशन की शिल्पी घोष और नव संकल्प के जितेंद्र कुमार ने दिया. कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक मोड़ इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार, संचालन मानस रंजन पाल व धन्यवाद ज्ञापन जितेंद्र कुमार ने किया. मौके पर सरयू सिंह, कुणाल सिंह, मनमोहन सिंह, अजय चौधरी, एसएन पांडे, जया बक्शी, मिथिलेश पासवान, दिनेश यादव, इम्तियाज अंसारी, शबाना,साहिन, रुकसाना, नसीम, नाजिया, सबा, गुलाम गौस, साजिदा, रेशमी, साजिया, गंगा बाल्मीकि, ब्रजेश कुमार, राणा दत्ता, संतोष सिंह, मनमोहन सिंह, अरुण मंडल, प्रवीण कुमार सिंह आदि सक्रिय थे.

**हम खतरे में हैं नाटक के माध्यम से कला निकेतन भूली ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश**

कला निकेतन भूली के कलाकारों ने हम खतरे में हैं विषय पर एक नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें पर्यावरण प्रदूषण के मुद्दे पर ध्यान केंद्रित किया गया.नाटक में पेड़ों की कटाई, प्लास्टिक के प्रयोग और वायुमंडल प्रदूषण के खतरों को दशार्या गया. कलाकारों ने गीत और नृत्य के माध्यम से जन जागरूकता फैलाने और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए एकजुट होने का संदेश दिया. नाटक में पेड़ कटबा को पेड़ काटने से रोकने और सभी को पर्यावरण संरक्षण की प्रतिज्ञा करने का दृश्य दिखाया गया. नाटक देखकर दर्शन दीघा में बैठे सभी लोगों ने नाटक की खूब प्रशंसा की और खूब तालियां बजाई। कलाकारों में नूतन सिन्हा, आकाश सहाय, नित्या सहाय, धर्मवीर कुमार, क्रान कुमार पासवान, दीपक पंडित, सतीश पासवान, प्रेम कुमार , निशांत कुमार, दिव्यांशु कुमार सिंह, प्रथम कुमार ,गंगा नारायण सिंह, राहुल कुमार आदि मौजूद रहे.

## जनता की सुरक्षा पहले होनी चाहिए, वीआईपी की सुरक्षा नही: हलधर




**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**

कतरास : पहलगांव में हुई घटना के विरोध में भाकपा माले के बैनर तले कामरेड ने गुहीबांध कार्यालय से हाथ में मोमबत्ती लेकर कतरास थाना चौक तक मौन श्रद्धांजलि जुलूस सह कैंडल मार्च निकाल कर शोक संवेदना व्यक्त किया गया. पोलित ब्यूरो सदस्य सह कामरेड हलधर महतो ने कहा कि आम जनता मर रही है और सरकार वीआईपी की सुरक्षा बढ़ा रही है यह गलत है,घटना के प्रधानमंत्री ने बिहार के मधुबनी में हंस हंस कर भाषण देकर बिहार में सरकार बनाने के सपना देख रही है. केंद्र सरकार को आम जनता से कोई सरोकार नही है.

पहलगांव की घटना की जितनी भी निंदा की जाय कम है,सेना के जवानों ने अच्छा कार्य किया है. जिसके कारण कइयों का जान बचा,अन्यथा स्थिति और भयावह होता. मौके पर ठाकुर महतो,सुनील महतो,शंकर महतो, कपूर पंडित, शंकर प्रजापति, बजरंगी प्रजापति, भैरव नाथ महतो,गोकुल रजक, लखन भुइया, विश्वनाथ बाउरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

# डुमरा गेस्ट हाउस में आहूत हुआ आजसू का बाघमारा विधानसभा स्तरीय सम्मेलन

### बेरोजगारों को रोजगार दिलाने व जन मुद्दों को समाधान करने का संकल्प

**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**



बाघमारा : बीसीसीएल की डुमरा गेस्ट हाउस में रविवार को आजसू पार्टी का बाघमारा विधान सभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आहूत किया गया .अध्यक्षता सासंद प्रतिनिधि अमेन्द्र पासवान ने की. संचालन नरेश महतो ने किया. इस दौरान पहलगाम आतंकी हमले में मृत लोगों की आत्मा की शांति के मौन रखा गया. मुख्य अतिथि में विधान सभा प्रभारी नवीन कुमार महतो कहा कि आनेवाले समय में बाघमारा विधानसभा में एक सशक्त संगठन बनाया जायेगा. इसके लिए प्रत्येक पंचायतों एवं वार्डों में महिला व पुरूष पंचायत प्रभारियों को संगठनात्मक कार्यभार सौंपा गया है. सभी प्रभारीयों को 10 दिन के अंदर सभी पंचायत एवं वार्ड का गठन करने का कामे करेंगे. गठन के पश्चात जन मुद्दाओं को समाधान कराने का संकल्प लिया गया. इसके लिए पंचायतों में बैठक कर विचार विमर्श किया जायेगा. बेरोजगारों को रोजगार दिलाने का काम करेगी. बीसीसीएल के परियोजनाओं से प्रभाविते गांवों में सीएसआर योजना के तहत पानी, बिजली, स्वास्थ्य व शिक्षा की व्यवस्था दिलाने के लिए आजसू बीसीसीएल के क्षेत्रीय कार्यालयों में प्रदर्शने करेगी.

मौके पर सांसद प्रतिनिधि गौतम गौप, अमरदीप महतो, सचिन महतो, शिवा प्रसाद, अरुण महतो , नरेश प्रसाद महतों, विनोद कुमार सिंह, रतन लाल महतो , सुनील महतों, रुबी देवी, महिला प्रखंड सचिव प्रियंका कुमारी, मीना देवी, राधा देवी, सुमन कुमारी यशोदा देवी, उर्मिला देवीं, फुलमनी देवी, शत्रुधने महतो, किशुन महतो, मुकेश महतो, मनोज महतो, मिथलेश चौहन, रोहित सिंह, रवि ठाकुर, अभय पासवान, रूपेश सिंह, जितेन्द्र महतो, अजय महतो, हेमंत चौहान आदि मौजूद थे.

## महिला से दुष्कर्म करने वाले दो आरोपित गिरफ्तार, एक नाबालिग निरुद्ध

**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**



रांची । रांची के चान्हो थाना क्षेत्र के एक घर में लूट के दौरान घर की एक महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले दो आरोपितों को रांची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने रविवार को बताया कि 23 अप्रैल की रात दंपती के घर में एक नबालिग सहित तीन अपराधियों ने पहले तो लूटपाट की। उसके बाद पति-पत्नी को अगवा कर जंगल की तरफ ले गए। जहां अपराधियों ने महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। मामले की जानकारी पुलिस को 26 अप्रैल को पीड़ित परिवार ने दी। इसके बाद मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है।

लूट के दौरान अपराधियों को ज्यादा पैसे नहीं मिले तो उन्होंने दंपती को काफी डराया। इसके बाद दंपती ने अपराधियों को फोन पे के माध्यम से 5 हजार रुपये भी दिए, लेकिन अपराधी इतने से संतुष्ट नहीं हुए और उन्होंने दंपती को अगवा कर लिया और जंगल की तरफ ले गए। जहां दोनों को पेड़ से बांध दिया।

जंगल में अगवा किए गए पति-पत्नी को अपराधियो ने पेड़ से बांध दिया और फिर पति की आंखों पर पट्टी बांध दी। उसके बाद अपराधियों ने महिला के साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। घटना को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपित मौके से फरार हो गए।

एसपी ने बताया कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपित राजेश उरांव और राजेंद्र उरांव को गिरफ्तार कर लिया, जबकि तीसरा आरोपित जो नबालिग है उसे निरुद्ध किया गया है। गिरफ्तार दोनों आरोपित सगे भाई हैं।

## पहलगाम घटना के विरोध में बोकारो थर्मल में दूसरे दिन भी हुआ विरोध प्रदर्शन

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

बोकारो थर्मल : पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा 26 टूरिस्टों की हत्या के विरोध में रविवार को दूसरे दिन भी बोकारो थर्मल में काफी संख्या में महिलाओं, बच्चों एवं पुरुषों ने अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा। साथ ही, विरोध में प्रदर्शन एवं कैंडल मार्च का आयोजन कर शहीद टूरिस्टों को श्रद्धांजलि अर्पित की। रविवार की शाम को जीएम कॉलोनी स्थित माता वैष्णव मंदिर प्रांगण से सैकड़ों की संख्या में सभी अपने हाथों में कैंडल लेकर विरोध जताते हुए पाकिस्तान के विरोध में रोषपूर्ण नारेबाजी की।

विरोध मार्च झारखंड चौक तक जाकर वापस वैष्णव मंदिर जाकर समाप्त हो गया। विरोध मार्च में महेश कुतार, रिंकू सिंह, राजेश दूबे, रंगनाथ चौबे, मुकेश सिंह, बंटी सकूजा, राजेश सिंह, अरविंद गुप्ता, आनंद प्रकाश मेहता, विशाल सकूजा, धरम सिंह, सुदेश सकूजा, रजनी नैयर, मनीषा सकूजा, मीतू, सुषमा कुमारी, अंशु सकूजा, बिनीता प्रसाद, राजकुमारी देवी, ज्योति गुप्ता, संगीता, सविता, इंदू मिश्रा, दक्ष, विहान, कृष्ण मुरारी सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## बरसात में फूल तथा औषधीय वृक्षों के पौधे लगाने का लिया गया संकल्प




नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

बोकारो : बोकारो के पर्यावरण-मित्र चौक स्थित पर्यावरण-मित्र पं गौरी शंकर ओझा जी के चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर इस पर्यावरण-मित्र पथ के दोनों तरफ फूल तथा औषधीय वृक्षों के सैकड़ों पौधों का रोपण स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा इस वर्ष बरसात में करने का संकल्प लिया गया। संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा मुकुल ने कहा कि ये पौधे बोकारो के वरिष्ठ नागरिकों को बुलाकर उनसे लगवाया जाएगा जिसमें उनके परिवार के सदस्यगण भी उपस्थित रहेंगे। पौधा और उसका घेरा संस्थान द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। संस्थान द्वारा इसकी तैयारी शुरूकर दी गई है तथा इसके लिए कार्यकारी अध्यक्ष रघुवर प्रसाद के नेतृत्व में पांच सदस्यीय समिति की घोषणा की गई जिसमें इनके साथ वैद्य गणेश साव, बबलू पांडेय, गौरी शंकर सिंह तथा वीरेंद्र चौबे का नाम सम्मिलित किया गया है।

इस अवसर पर रघुवर प्रसाद, वैद्य गणेश साव, अधिवक्ता रमण ठाकुर, मृणाल कांत चौबे, ए के दुबे, पं. चंदन शास्त्री, गौरी शंकर सिंह, लक्ष्मण शर्मा, दयाराम परमार, शिवजी ओझा, ललित कुमार सहित कई पर्यावरण संरक्षक उपस्थित रहे।

# डीजे के तेज साउंड में शराब पार्टी करने के मामले में पुलिस ने बार में किया रेड, दो गिरफ्तार

**नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि**



रांची । रांची के चर्च कॉम्प्लेक्स के सामने स्थित एक बार में शनिवार की रात एक बजे के बाद तक डीजे के तेज साउंड में शराब पार्टी करने का मामला रविवार को प्रकाश में आया है। अंदर विदेशी डीजे की धुन पर हर तरह के कानून को तोड़ा जा रहा था। डीजे का साउंड इतना तेज था कि मेन रोड तक उसकी आवाज जा रही थी। इसी बीच इस बात की जानकारी एक स्थानीय व्यक्ति ने डीआईजी सह रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को दी। मामले की जानकारी मिलते ही एसएसपी ने तुरंत अपने स्तर से मामले की जांच करवाई और रात के करीब एक बजे पुलिस अफसर को निर्देश देकर बार पर रेड करवा दिया।

एक साथ 12 पुलिस वाहनों में सवार होकर जब 50 से ज्यादा पुलिसकर्मी बार में पहुंचे तब वहां अफरा-तफरी मच गयी। इस समय पुलिस ने बार में रेड किया है उसे समय पार्टी पूरे शबाब पर थी। बेसुध होकर लड़के और लड़कियां अस्त व्यस्त कपड़ों में नाच रहे थे और शराब पी रहे थे। पुलिस ने पहुंचते ही सबसे पहले डीजे को बंद करवाया और मैनेजर को हिरासत में ले लिया। देर तक पार्टी कर रहे कई युवाओं को उनके परिजनों से बात करवा कर उन्हें घर जाने दिया गया। बार में कुछ लड़कियां नशे में इतनी धुत्त थी कि जब उन्हें बार से बाहर निकाला जाने लगा तो वह पुलिस वालों से ही भीड़ गई। यहां पर महिला पुलिसकर्मियों ने मोर्चा संभाला और नशे में दूध लड़कियों को सबक सिखाते हुए उन्हें वापस उनके घर भेजा।

इस मामले में कार्रवाई करते हुए रांची पुलिस के द्वारा बार के फ्लोर मैनेजर और इवेंट मैनेजर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है, वहीं डीजे को भी जब्त कर लिया गया है।

कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने रविवार को बताया कि मामले में नियमों का उल्लंघन कर समय अवधि खत्म हो जाने के बाद भी शराब पार्टी का आयोजन किया गया था। इस पर कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है तथा कई अन्य को हिरासत में लेकर जांच चल रही है।

संक्षिप्त खबरें

## कैश बीस हजार रुपये व सामान छूटे बैग को कोडरमा आरपीएफ ने किया बरामद,यात्री को वापस लौटाया




नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गया : ऑपरेशन अमानत के तहत कोडरमा आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के तहत एक यात्री का ट्रेन में छूटे बैग को बरामद कर उसे यात्री तक पहुंचाया गया। रेल सूत्रों ने बताया कि इंस्पेक्टर को सूचना प्राप्त हुआ कि गाड़ी संख्या 18623 डाउन पटना - हटिया एक्सप्रेस के कोच संख्या बी-5 के बर्थ नंबर एक पर एक यात्री का बैग छूट गया है। सूचना पर कोडरमा में तैनात बल सदस्यों द्वारा निरीक्षक प्रभारी कोडरमा के निर्देशन में त्वरित कार्यवाही की गई। उक्त कोच को अटेंड किया गया तथा कंप्लेंट में दिए गए शिकायतकर्ता के मोबाइल पर बैग के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त करने के पश्चात बैग को उतारा गया। वीडियोग्राफी करते हुए खोल कर देखा गया जिसमें अन्य वस्तुओं के अलावा 20 हजार रुपये नकद बरामद हुआ। शिकायतकर्ता रजनीश कुमार के परिवार के चंदन कुमार पिता मनोज सिंह ग्राम धनगांव थाना फतेहपुर जिला गया( बिहार) ने कोडरमा पोस्ट पर उपस्थित हुए और उन्हें बैग सहित सामान व नगद राशि लौटाया गया।

## ईस्ट इंडिया स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप में शुभम ने बिहार का नाम किया रोशन



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गया : पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले के सिलीगुड़ी इंडोर स्टेडियम में आयोजित ईस्ट स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप में गया जिला का खिलाड़ी शुभम कांस्य पदक जीतकर गया जिले सहित बिहार का नाम रोशन किया। यह चैंपियंसशिप 24 से 26 अप्रैल तक आयोजित रहा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले राज्यों में बिहार ,झारखंड , पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, सिक्किम, त्रिपुरा शामिल रहा। इसमें गया जिले के बारचट्टी प्रखंड

के भगवती गांव निवासी अनिल कुमार के 22 वर्षीय पुत्र शुभम कुमार ने बिहार का प्रतिनिधित्व करते हुए 197.5 किलो भार उठाकर बिहार को कांस्य पदक दिलाया। हाल ही में शुभम ने बिहार को 34 वीं नैशनल स्ट्रेंथ लिफ्टिंग में बिहार को रजत पदक जिताया था। शुभम ने अपने कठिन परिश्रम ,दृढ़ निश्चय और खेल के प्रति समर्पण का परिचय देते हुए यह उपलब्धि हासिल की।

## 10 बोतल विदेशी शराब के साथ जहानाबाद का युवक गिरफ्तार




नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गयाः गया जंक्शन पर सर्च अभियान के दौरान रविवार की शाम रेल पुलिस की टीम ने 10 बोतल विदेशी शराब के साथ जहानाबाद का एक युवक को गिरफ्तार किया। रेल सूत्रों ने बताया कि गया जंक्शन पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान एक नंबर प्लेटफार्म पर संदिग्ध स्थिति में एक युवक को देखा गया। उसके पास रहे बैग की तलाशी ली गई तो उसमें से 10 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई। पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम राहुल कुमार लोदीपुर थाना हुलासगंज जिला जहानाबाद का रहने वाला बताया। रेल थाना अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि शराब की तस्करी के खिलाफ रेल पुलिस की सघन अभियान जारी रहेगा। हर हाल में शराब तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसी के तहत यह अभियान तेज किया गया है।

## फतेहपुर के सलैयाकला में पिछले पंद्रह दिनों से टूटकर गिरे बिजली पोल को नहीं किया दुरुस्त, लोग परेशान

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

फतेहपुर (गया): फतेहपुर प्रखंड के सलैयाकला गांव के मुख्य गली में पिछले पंद्रह दिनों से बिजली का तीन पोल टूटकर गिरा हुआ है। इसकी अभी तक ठीक नहीं किया गया है। इससे गली व मोहल्ला में अंधेरा छाया हुआ है। इससे ग्रामीणों की परेशानी बढ़ी हुई है। ग्रामीण राजू यादव ने बताया कि पंद्रह दिन पहले आई तेज आंधी में सलैयाकला गांव के मुख्य गली में बिजली का तीन सीमेंट का पोल टूटकर गिर गया था। इसे अभी तक दुरुस्त नहीं किया गया है। बिजली का तार भी अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ है। इससे कोई अनहोनी की संभावना बनी हुई है। बिजली पोल टूटकर गिर जाने से मुख्य गली व मोहल्ला अंधेरा में डूबा हुआ है। इससे लोगों की परेशानी बढ़ी हुई है। उन्होंने बताया कि टूटे पॉल को दुरुस्त करने के लिए कई बार बिजली विभाग के कर्मी से कहा गया है। लेकिन इस पर अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है। उन्होंने बिजली विभाग के जेई से टूटे बिजली पोल को जल्द दुरुस्त कराने की मांग की है।

# नरेंद्र मोदी सरकार ने 51 हजार लोगों को दी नौकरी : जीतनराम मांझी



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गया : बोधगया स्थित आईआईएम के सभागार में आयकर विभाग के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के लघु,सूक्ष्म माध्यम उद्योग मंत्री जीतनराम मांझी एवं बिहार भाजपा के वरीय नेता बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश के 47 स्थान पर रेलवे, आयकर विभाग ,पोस्ट ऑफिस एवं अन्य विभागों में कुल 51 हजार लोगों को नौकरी दी गई है। इसमें गयाजी में कुल 60 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया।आज के इस रोजगार मेला के अवसर पर भी माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी डिजिटल लोगों को नियुक्ति पत्र बांट रहे हैं।पूर्व की सरकारों ने ऐसा नहीं किया। आज शिक्षित,बेरोजगारों के लिए नौकरी के अवसरों का निर्माण देश की एनडीए सरकार कर रही है। प्रधानमंत्री का लक्ष्य है वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण को पूरा करना। हमें पूरा भरोसा और विश्वास है कि विकसित भारत का लक्ष्य जल्द पूरा होगा । क्योंकि देश की प्रतिभाशाली युवा शक्ति ही विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करेंगे। युवा शक्ति के श्रम,सामर्थ्य,कौशल और नेतृत्व से विकसित भारत का निर्माण हो रहा है।प्रधानमंत्री मोदी जी का दूसरा फॉक्स देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार के प्रयास से देश की अर्थव्यवस्था विकास की पटरी पर तेजी से दौड़ रहा है।आज भारत 12वीं से पांचवी अर्थव्यवस्था विश्व में बन चुका है। तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम विश्व में आज भारत है। भारत अपने स्पेस, डिफेंस सेक्टर में भी नीतियां बदली है। उन्होंने कहा कि अब हम दूसरे पर निर्भर नहीं अब स्वयं के संसाधनों से स्पेस में और डिफेंस में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं। स्पेस में सैटेलाइट अपने सहित दूसरे देशों का भी लॉन्च कर रहे हैं। रक्षा उपकरणों का अब आयात ही नहीं बल्कि अब उत्पादन कर निर्यात भी शुरू कर दिया है।इसका फायदा भारतीय युवा वर्ग को मिल रहा है। भारतीय युवा आत्मविश्वास के साथ हर क्षेत्र में परचम लहरा रहे है।प्रधानमंत्री मोदी जी का तीसरा लक्ष्य महिलाओं को आगे बढाने का है।महिलाओं के लिए कई प्रकार की योजनाएं देश में चलाई जा रही हैं। केंद्रीय मंत्री श्री मांझी ने कहा कि आज भी इस अवसर पर हजारों बेटियों को नौकरी का नियुक्ति पत्र मिल रहा है। प्रयास है कि महिला हर क्षेत्र में आगे बढ़े। ड्रोन दीदी हो,लखपति दीदी हो या बीमा सखी दीदी हो, डिफेंस में महिलाएं हो,स्पेस में महिलाएं हो या फिर महिलाओं को 26 हफ्ते की प्रसव की छुट्टी हो इन सब ने उनके सपनों को पूरा किया। देश की आधी आबादी आगे बढ़ रही है। विकसित भारत में नारी शक्ति का भी अहम योगदान मिल रहा है प्रधानमंत्री का स्टार्टअप,मैन्युफैक्चरिंग पर फॉक्स है। आज के युवाओं को दोनों ने अवसर प्रदान किया है। इसमें सरकार का पूरा इकोसिस्टम सहयोग कर रहा है। आज मोबाइल उत्पादन में भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश बन चुका है। ऑर्गेनिक फार्मिंग, स्पेस सेक्टर, डिफेंस सेक्टर, टूरिज्म सेक्टर, से लेकर कई क्षेत्रों में नौकरी और रोजगार के बड़े अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। आज देश ने नई ऊंचाइयों को छुआ है।वहीं मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि रोजगार मेला एक महत्वपूर्ण आयोजन है जो बेरोजगारी की समस्याओं को कम करने और शिक्षित बेरोजगारों को रोजगारों के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। यह मेला नौकरी चाहने वालों और नियोक्ताओं के बीच एक सेतु का काम करता है,जहां विभिन्न कंपनियों,संगठनो और विभागों द्वारा अपनी आवश्यकताओं के अनुसार उम्मीदवारों की तलाश करते हैं। नौकरी और रोजगार पाने वालों को एक मंच रोजगार मेला मुहैया कराता है।भारत सरकार ने रोजगार मेले की शुरूआत अक्टूबर 2022 से शुरू की थी। अब तक इस प्रकार के 14 मेलों का आयोजन हो चुका है,जिसमें लगभग 10 लाख से ज्यादा लोगों को नौकरी का नियुक्ति पत्र देश के यशस्वी,माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी बांट चुके हैं।

## गया जंक्शन से 171 केन विदेशी शराब बीयर के साथ चार तस्कर गिरफ्तार




नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गया : पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू रेल मंडल अंतर्गत गया जंक्शन पर अभियान के दौरान विदेशी शराब 171 केन बीयर के साथ चार तस्कर को गिरफ्तार किया गया. रेल सूत्रों ने बताया कि प्लेटफार्म संख्या ए-वन के समीप स्थित शौचालय के पास चार युवक ट्रोली बैग, बड़ा पीठू वैग लिए हुए संदिग्ध स्थिति में देखा गया। पुलिस बल को देखकर चारों युवक घबराने लगा। संदेह होने पर चारों युवकों को घेरकर पकड़ लिया गया तथा बारी-बारी से नाम पता पुछा तो उसने आर्यन कुमार साहिल कुमार, बाबू कुमार तीनों पता तेलबीघा वार्ड नम्बर 12 थाना कोतवाली जिला गया तथा अभिषेक कुमार मिर्चा गली रामधनपुर वार्ड नम्बर 12 थाना कोतवाली जिला गया बताया। ट्रोली बैग एवं पिठू बैग की तलाशी लिए जाने पर आर्यन कुमार के पास से 38 पीस, साहिल कुमार के पास से 39 पीस, बाबू कुमार के कब्जे से 48 पीस और अभिषेक कुमार के कब्जे से 46 पीस केन बीयर विदेशी शराब बरामद की गई। बरामद 171 केन की मात्रा करीब 85,500 लीटर आंका गया। सभी अंग्रेजी शराब केन बीयर पर फोर सेल इन बेस्ट बंगाल लिखा हुआ था। रेल थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि गया जंक्शन पर तथा ट्रेनो में विशेष सर्च अभियान जारी है। इसी क्रम में आरपीएफ व जीआरपी की संयुक्त कार्रवाई में यह बरामदगी हुई है। इस संबंध में रेल थाना में मामला दर्ज कर गिरफ्तार युवकों को जेल भेज दिया गया।

## आरपीएफ ने गया-कोडरमा रेल सेक्शन से किया 24 बोतल बियर बरामद



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

फतेहपुर (गया): रेलवे सुरक्षा बल ने गया-कोडरमा रेल सेक्शन में ऑपरेशन सतर्क के तहत चलाए गए विशेष सर्च अभियान में रविवार को 24 बोतल केन बियर बरामद किया है। हालांकि इसमें किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। बताया गया है कि आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार के नेतृत्व में गया-कोडरमा रेल सेक्शन पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान रविवार को आरपीएफ की टीम ने कोडरमा रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध अवस्था में हरा रंग का एक बैग पड़ा देखा। बैग के बारे में पूछने पर किसी यात्री ने उसपर अपना दावा पेश नहीं किया। इसके बाद बैग को खोलकर जांच करने पर उसमें से 500 एमएल का 24 बोतल केन बियर बरामद हुआ। उसे जब्त कर आरपीएफ पोस्ट कोडरमा पर ले जाया गया। यहां से कागजी प्रक्रिया पूरी कर जब्त बियर को आगे की कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को सुपुर्द कर दिया गया। इस कार्रवाई में आरपीएफ के सहायक उप निरीक्षक वशिष्ठ नारायण यादव, आरक्षी जितेंद्र कुमार-1, आरक्षी राजेश कुमार आदि शामिल थे।

# फतेहपुर के गणेशीडीह में महिला की हत्या के आरोपी युवती गिरफ्तार, भेजी गई जेल



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

फतेहपुर (गया): फतेहपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुर टोला गणेशीडीह में महिला की मौत मामले में मृतक महिला के पुत्र पंकज कुमार द्वारा थाना में हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसमें उसने चचेरी बहन को आरोपित किया है। पुलिस ने लड़की को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि मृतक महिला मंजू देवी के पुत्र पंकज कुमार ने एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें अपनी चचेरी बहन पर मां की हत्या करने का आरोप लगाया है। उसने बताया है कि बच्चों के विवाद में उसकी चचेरी बहन ने उसकी मां मंजू देवी को सीढ़ी पर से धकेल दी। इसमें उसकी मां के सिर में गंभीर चोट लग गई। जख्मी हालत में उसे इलाज के लिए मगध मेडिकल अस्पताल गया ले जाया गया था, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि एफआईआर दर्ज होने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के आरोपी लड़की को गिरफ्तार कर लिया गया। उसे पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है। इधर, हत्यारोपी लड़की ने बतायी कि वह घटना के समय वह चाची के घर बच्चों को खेलाने गई थी। चाची के पोता चप्पल से उसके मुंह पर जोर से मार दिया। इसपर उसने बच्चे की मां से बोली कि भाभी इसे समझाते नहीं है चप्पल से मेरे मुंह पर मार दिया है, उसने भी बच्चे को डांटी। इसपर उसकी चाची मंजू देवी उसके साथ झगड़ा करने लगी और काफी गंदी गाली दे दी। साथ ही उसे मारने के लिए आगे बढ़ी तो वह अपनी बचाव में उसे धक्का दे दी। इसमें वह गिर गई जिससे उसके सिर में चोट आ गया और उसकी मौत हो गई। उसने जानबूझ कर ऐसा नहीं की है।

## मुस्तफा हत्याकांड में दो महिला समेत छह नामजद

पूर्वी चंपारण, (एजेंसी) : रघुनाथपुर थाना क्षेत्र मे युवक को चाकू गोदकर हत्या करने के मामले में रघुनाथपुर थाना मे पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है, जिसमे दो महिला सहित छह लोग नामजद किये गए है। मृतक मुस्तफा अंसारी के पिता भोला अंसारी के आवेदन पर पुलिस ने कारवाई की है।

आरोपितों में रघुनाथपुर वार्ड 27 के सुधीर सहनी, नितेश कुमार, संजू देवी पति सुधीर सहनी, प्रयाग सहनी, सुकन देवी पति प्रयाग सहनी व मिठू कुमार शामिल है। पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए आरोपित संजू देवी व सुकन देवी को गिरफ्तार किया है।

मृतक के पिता भोला अंसारी ने बताया है कि 25 अप्रैल को करीब साढ़े नौ बजे रात्रि में वे बलुआ स्थित अपने दुकान से लौट रहे थे। रकटू सहनी के घर के समीप पहुंचे थे तो भीड़ जमा थी। देखा तो उसके पुत्र मुस्तफा को चाकू गोदकर कुछ लोग भाग गए है। उसका पुत्र खून से लथपथ जमीन पर गिरकर छटपटा रहा है। जख्मी पुत्र ने बताया कि सुधीर व नितेश ने चाकू मार दिया है। उसे शहर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। उसने बताया कि हत्या मे सुधीर का ससुर प्रयाग सहनी व सास सुकन देवी सहित अन्य शामिल है।

# स्काउट एंड गाइड ने कैंडल मार्च निकालकर पहलगाम के आतंकी हमले के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

अररिया (एजेंसी) : बिहार राज्य भारत स्काउट गाइड की ओर से रविवार शाम को फारबिसगंज में पहलगाम में आतंकी हमले के शिकार पर्यटकों के आत्मा की शांति को लेकर कैंडल मार्च निकालकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।जिला संगठन आयुक्त बैजनाथ प्रसाद की अगुवाई में स्काउट और गाइड ने राजेंद्र चौक से कैंडल मार्च निकाला गया,जो राजेंद्र चौकसे छुआपट्टी ,सदर रोड होते हुए रेलवे स्टेशन परिसर स्थित शहीद स्तंभ पर जाकर समाप्त हुई,जहां स्काउट गाइड के साथ अन्य लोगों ने शहीद स्तंभ पर कैंडल जलाकर 28 पर्यटकों के मृतात्मा को श्रद्धांजलि दी।

बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड अररिया के तत्वधान में संयुक्त राज्य सचिव सह जिला संगठन आयुक्त स्काउट बैजनाथ प्रसाद के नेतृत्व में एक कैंडल मार्च निकल गया। मौके पर बैजनाथ प्रसाद ने बताया कि आज के दिन पूरे भारतवर्ष में सभी स्थानीय स्तर प्रखंड स्तर अनुमंडल स्तर जिला स्तर एवं राज्य स्तर पर कैंडल मार्च भारत स्काउट और गाइड संगठन के द्वारा निकाला गया है। पूरे भारत के स्काउट गाइड रोमन रेंजर और इस संगठन से जुड़े हुए सभी अधिकारियों ने इस विषम नरसंहार पर शोक व्यक्त करते हुए सभी निदोर्षों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है।

कैंडल मार्च में उपस्थित जिला आयुक्त स्काउट वयस्क संसाधन श्री कुमार ठाकुर, जिला सचिव युवराज पासवान, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित राशिद जुनैद, स्काउट मास्टर मोहम्मद शाहिद आलम, मो. शब्दूल के साथ अंश कुमार, विशाल कुमार, मोहम्मद कबीर, मिथिलेश कुमार, अंकित कुमार, सरफराज, पवन कुमार, अजय कुमार, शिवम कुमार, मो कबीर,ज्योति कुमारी, सिमरन कुमारी,प्रियंका कुमारी, निशा कुमारी, साक्षी, गीता,रिया कुमारी के साथ-साथ दर्जनों की संख्या में स्काउट गाइड उपस्थित थे।

पृष्ठ एक का शेष...

## अरब सागर में दिखाई दी भारत की समुद्री ताकत, नौसेना ने ब्रह्मोस....

विमान से दागे जाने वाले लंबी दूरी के ग्लाइड बम गौरव का भी सफल परीक्षण किया है। 8 से 10 अप्रैल के बीच सुखोई-30 एमकेआई विमान से किए गए ट्रायल्स के दौरान गौरव बम ने लगभग 100 किलोमीटर दूर स्थित लक्ष्यों पर अत्यधिक सटीक निशाना साधा। इस परियोजना में अदाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज ने भी भागीदारी निभाई।

इन परीक्षणों के जरिए भारत ने न केवल अपने आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है, बल्कि मौजूदा हालात में अपने दुश्मनों को भी स्पष्ट संदेश दिया है कि भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना – सभी मोर्चों पर पूरी तरह तैयार हैं।

## मप्र के मंदसौर जिले में बाइक को टक्कर मारकर कुएं ...

कीर और नागू सिंह दोनों निवासी जोगिपिपलिया जिला रतलाम के अलावा पवन कीर, धर्मेन्द्र सिंह, आशा बाई, मधु बाई, मांगू बाई, राम कुंवर सभी निवासी ग्राम खोजनखेड़ा जिला रतलाम के रूप में हुई है। हादसे में माया कीर (26), प्रियांशी (3), देवेन्द्र (12) और मुकेश (27) घायल हुए हैं, जिन्हें मंदसौर के जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।

## बेंगलुरु में आयोजित हुआ एलुमनी...

स्थापित माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर का जिक्र करते हुए कहा कि यह केंद्र न केवल कार्यरत झारखंड के युवाओं की समस्याओं के समाधान में मदद करता है, बल्कि उन्हें सामाजिक और मानसिक समर्थन भी प्रदान करता है।

इस कार्यक्रम में लगभग 850 प्लेस्ड अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जो विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में कार्यरत हैं। कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का माहौल रहा, जिसमें युवा प्रतिभाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का भी प्रदर्शन किया। नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुति जैसी गतिविधियों ने सभी प्रतिभागियों और अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

स्किल आइकन सम्मान समारोह का भी किया गया आयोजन

समारोह के दौरान स्किल आइकन सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अभ्यर्थियों और योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में योगदान देने वाली प्रोजेक्ट इंप्लीमेंटिंग एजेंसियों (ढक्अ२) को सम्मानित किया गया। इन सम्मानित युवाओं ने न केवल अपने परिवार का नाम रोशन किया है, बल्कि झारखंड राज्य का गौरव भी बढ़ाया है।

कार्यक्रम के दौरान कई अभ्यर्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे परियोजना ने उनके जीवन में नया मोड़ लाया। उन्होंने अपने प्रशिक्षण, नौकरी पाने के संघर्ष और आज के अपने आत्मनिर्भर जीवन की कहानियाँ साझा कीं, जो सुनने वालों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहीं।

## पत्नी के रहते दूसरी महिला से संबंध रखना....

के, निश्चित रूप से क्रूरता के बराबर है। यह वैवाहिक रिश्ते में दरार पैदा करने के लिए पर्याप्त है।

कोर्ट ने कहा कि पारिवारिक कोर्ट के निष्कर्षों के मुताबिक एक वीडियो में पति को एक महिला के साथ फ्लैट से बाहर आते हुए देखा गया था। कोर्ट ने यह भी कहा कि पति ने उस महिला और अपने नाम पर एक कंपनी पंजीकृत की थी। कोर्ट ने पति के तर्क को खारिज करते हुए कहा, अपीलकर्ता ने स्वीकार किया है कि वह उस महिला से लंबे समय से परिचित था और वह उसके साथ कई बार हवाई जहाज और ट्रेन से यात्रा कर चुका था और वह उसके साथ गोवा भी गया था। हमारी राय में इस रिश्ते के बिगड़ने का कारण पति ही है। गौरतलब है कि शख्स ने फैमिली कोर्ट के 2023 के फैसले को रद्द करने की अपील की थी जिसमें उसे तलाक की मंजूरी नहीं मिली थी।

जानकारी के मुताबिक दोनों ने 2011 में शादी की थी और उनका एक बच्चा भी है। पति ने आरोप लगाया कि पत्नी उसके और उसके परिवार के साथ बेहद क्रूरता से पेश आती थी। उसने यह तर्क भी दिया कि अवैध संबंधों के आरोपों ने उनके विवाह में दरार पैदा कर दी है। हालांकि पत्नी ने कहा कि उसने एक बार अपने पति को पार्क में एक महिला के साथ देखा था और जब उसने उससे इस बारे में पूछा तो उसने बताया कि वह उसकी कंपनी में काम करती है।

## संक्षिप्त खबर

### पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के खिलाफ प्रदर्शन



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** जम्मू- कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में शनिवार की रात जमुआ प्रखंड अंतर्गत मिजार्गंज में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।इस दौरान कैंडल मार्च निकाल कर आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई।पंचायत सेवक नीरज गुप्ता के नेतृत्व में मिजार्गंज वासियों ने पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लोगों ने आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे कायराना हरकत बताया और कहा कि देश ऐसे हमलों से डरने वाला नहीं है। उन्होंने सरकार से आतंकवाद के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान सभी ने एक सुर में कहा कि आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए देशवासियों को एकजुट रहना होगा। प्रदर्शन के बाद सभी कार्यकताओं ने कैंडल मार्च निकाला और हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर भाजपा नेता सदानंद साव,बिट्टू गुप्ता, नवीन गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, अजय गुप्ता, विक्रम गुप्ता, राजेश लोहनी, हीरामन राम, कौशल गुप्ता, रूपेश गुप्ता, आदर्श गुप्ता, किरण , पप्पू कुमार, प्रतिज्ञा कुमारी, सोनाक्षी कुमारी आदि लोग मौजूद रहे।

### मेगा फ्री हेल्थ चेकअप केम्प लगाया गया



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गिरिडीह :** रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह ग्रेटर के द्वारा मेगा फ्री हेल्थ चेकअप कैंप पीरटांड़ सचिवालय, सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा केंद्र के बगल में पीरटांड़ ब्लॉक के नजदीक लगाया गया , जिसमें गिरिडीह शहर के 6 डॉक्टरों का सहयोग मिला। जिसमें सीसीएल चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ. परिमल सिन्हा, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. रितेश कुमार सिन्हा, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर श्रवण कुमार, जनरल फिजियन डॉ. विकास कुमार, डॉ. अनुराग सिंह, डेंटिस्ट डॉ. श्यामाकांत का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। सभी लाभुकों के बीच दवाओं का वितरण भी किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह ग्रेटर के अध्यक्ष सीए ब्रह्मदेव प्रसाद, सह सचिव सीए आकाश रोशन, सुजय राज गुप्ता, अनिल मिश्रा, अनिल कुमार साहू, सिंटू साव आदि लोगों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। साथ ही रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह ग्रेटर सभी डॉक्टरों को धन्यवाद देता है और इसी तरह का जन सेवा का आगे भी अपेक्षा करता है। इस कैंप में लगभग 200 लोगों का स्वास्थ्य की जांच की गई।

### नौ दिवसीय श्री रामकथा महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने वाले सहयोगी किए गए सम्मानित

**बोकारो के लिए मील का पत्थर बन गया राजनजी महाराज का कार्यक्रम : अंकित**



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**बोकारो :** श्री रामकथा आयोजन ट्रस्ट, बोकारो (झारखंड) के तत्वावधान में बीते 27 मार्च से 4 अप्रैल तक नगर के सेक्टर चार स्थित मजदूर मैदान में आयोजित ऐतिहासिक नौदिवसीय श्री रामकथा महोत्सव इस्पातनगरी बोकारो के लिए आध्यात्मिक अनुष्ठानों की कड़ी में एक मील का पत्थर बन गया। बीती शाम बोकारो के नया मोड़ स्थित वेस्ट इन में ट्रस्ट की तरफ से इस महोत्सव को सफल बनाने वाले समस्त सहयोगियों को सम्मानित कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई तथा उनका आभार भी जताया गया। सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जिला प्रशासन के पदाधिकारियों के साथ-साथ आयोजन समिति के वरिष्ठ सहयोगियों एवं अन्य लोगों को भी सम्मानित किया गया। ट्रस्ट की ओर से बोकारो के सिटी डीएसपी आलोक रंजन, ट्रैफिक डीएसपी विद्या शंकर, सेक्टर 4 थाना प्रभारी संजय कुमार, महिला थाना प्रभारी संगीता कुमारी के अलावा विभिन्न थानों के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। रांची से पहुंचे मुख्य आयोजनकर्ता प्रेमचंद जी की उपस्थिति विशेष रही। स्थानीय कार्यकताओं ने उनके कुशल नेतृत्व, मार्गदर्शन एवं अतुलनीय सहयोग के लिए उन्हें साफा पहनाकर तथा तलवार भेंटकर विशेष रूप से सम्मानित किया। इस पल का साक्षी स्वयं कथावाचक श्री राजनजी महाराज भी बने। उन्होंने ऑनलाइन इस कार्यक्रम में शामिल होकर समस्त आयोजनकताओं को अपना आशीर्वाद प्रदान किया तथा इसी प्रकार राम नाम की गंगा प्रवाहित करते रहने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से मुख्य रूप से अंकित सिंह, राजेश गुप्ता, वीरेंद्र चौबे, ऋषभ राय, अभय ओझा, अनीश ओझा, जितेंद्र भगतिया, शिव अग्रवाल आदि उपस्थित थे। आयोजकों की तरफ से इस आशय की जानकारी देते हुए युवा समाजसेवी अंकित सिंह ने बताया कि सम्मान समारोह रामकथा महोत्सव के समापन की समय ही कर लिया जाता, परंतु विस्थापित आंदोलन के बाद शहर की विधि-व्यवस्था अशांत हो जाने के कारण इसे बाद में आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि 27 मार्च अप्रैल से 04 मार्च तक मजदूर मैदान में विश्वप्रसिद्ध रामकथा वाचक श्री राजनजी महाराज द्वारा संगीतमय रामकथा में हर दिन हजारों-हजार की संख्या में धमार्नुरागी शामिल हुए। लगातार नौ दिनों तक शहर में राम नाम की गूंज होती रही।

### चित्तरंजन-जामताड़ा रेलखंड में दर्दनाक हादसा, अज्ञात युवक की कटकर मौत

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**मिहिजाम :** चित्तरंजन रेलवे स्टेशन के पास जामताड़ा-चित्तरंजन रेलखंड में सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना घटी। एक अज्ञात युवक की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। स्टेशन मास्टर ने सुबह 9:30 बजे आरपीएफ को हादसे की जानकारी दी।सूचना मिलते ही आरपीएफ के एएसआई पलाश कुमार मोदक अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच प्रारंभ की। इसके बाद मिहिजाम थाना के एसआई जीके सिंह भी पुलिस टीम के साथ 10:35 बजे मौके पर पहुंचे। जांच में पाया गया कि डाउन लाइन ट्रैक पर करीब 35 वर्षीय एक अज्ञात युवक का क्षत-विक्षत शव पड़ा था। मृतक के पास से कोई यात्रा टिकट, पहचान पत्र या अन्य दस्तावेज बरामद नहीं हुआ जिससे उसकी पहचान मुश्किल हो गई है। पुलिस ने घटनास्थल का पंचनामा कर कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद शव को 11:00 बजे हटवाया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल जामताड़ा भेज दिया।

# चौकीदार नियुक्ति हेतु सभी 15 परीक्षा केंद्रों में आयोजित लिखित परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**उपायुक्त ने शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न होने पर दी सभी को शुभकामनाएं**



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**जामताड़ा :** जामताडा जिलान्तर्गत चौकीदार की सीधी एवं बैकलॉग भर्ती हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या 1/2025 को लेकर नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर जिले के 15 परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में लिखित परीक्षा संपन्न हुआ। यह परीक्षा एक पाली में प्रातः 09:00 बजे से 10:30 बजे आयोजित किया गया। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी कुमुद सहाय ने बताया कि आयोजित परीक्षा में कुल 4782 परीक्षार्थियों में से 4552 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 230 अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुआ। इस हेतु उपायुक्त ने परीक्षा कार्य में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से शामिल सभी अधिकारियों, कर्मियों, केंद्राधीक्षकों,वीक्षकों सहित अन्य सभी को परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर शुभकामनाएं दी।वहीं आयोजित लिखित परीक्षा के कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर उपायुक्त ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया एवं कई बिंदुओं पर संबंधित को आवश्यक एवं उचित दिशा निर्देश दिया।

## गाय चोरी से दहशत में फतेहपुर के पशुपालक



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**विन्दिपाथर :** फतेहपुर थाना क्षेत्र में मवेशी चोरों का आतंक दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। अंधेरी रातों में पशु तस्करों द्वारा खुलेआम मवेशियों की चोरी की जा रही है। जिससे क्षेत्र के पशुपालकों में भय का माहौल है। चाहे मवेशी घर के आंगन में बंधे हों या बाड़े में, अब कोई भी सुरक्षित नहीं है।शनिवार रात फतेहपुर के बिनोद यादव के घर के बाहर बैठी एक बहुमूल्य गाय को चोर बोलेरो गाड़ी में लादकर फरार हो गए। यह घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में साफ तौर पर कैद हो गई है। जिसमें रात करीब 11 बजे बोलेरो से दो व्यक्ति उतरते और गाय को बांधकर गाड़ी में चढ़ाते हुए देखा जा सकता है। पीड़ित बिनोद यादव ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।बताया जा रहा है कि चोरों ने मात्र कुछ मिनटों में वारदात को अंजाम दिया और आसानी से भाग निकले। एक गाय की कीमत औसतन 50 हजार रुपये के आसपास होती है जो पशुपालकों के लिए एक बड़ी आर्थिक क्षति है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पशुपालन उनकी छोटी लेकिन महत्वपूर्ण संपत्ति है। जिस पर चोरों की लगातार नजर बनी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस की निष्क्रियता से चोरों के हौसले बुलंद हैं और अब वे पुलिस को भी खुली चुनौती दे रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि पुलिस जल्द से जल्द सक्रियता दिखाए और पशु चोर गिरोह के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। ताकि पशुपालकों को राहत मिल सके।

## विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन,ग्रामीणों को किया गया जागरूक



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**


**विन्दापाथर :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के आदेशानुसार विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।इस जागरूकता शिविर कार्यक्रम अभियान के तहत सिमलाडांगाल पंचायत,मुरीडीह,महेशपुर, फतेहपुर पंचायत के खजुरिया कोलपाडा इत्यादि गांवों में पीएलवी साधन मंडल और मुकेश कुमार मंडल द्वारा विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया तथा ग्रामीणों को निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने का रास्ता बताया। डालसा के विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गई तथा ग्रामीणों को निःशुल्क टोल फ्री नंबर15100 के बारे में तथा विधिक सहायता संबंधित जानकारी दी गई।राज्य में चल रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजना के बारे में भी जानकारी दी गई एवं ग्रामीणों को नशा मुक्ति के बारे में भी चेताया गया। बिना हेलमेट एवं हिट एंड रन के बारे में बताया गया।रोड एक्सीडेंट के बारे में भी जानकारी दी गई और उससे सरकारी सहायता प्राप्त करने के नियम की जानकारी दी गई।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**काठीकुंड :** थाना क्षेत्र अंतर्गत झिलमिली गांव में सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल एक युवक की पहचान झिलीमिली गांव के ही धानो टुडू के पुत्र रमेश टुडू एवं दूसरे युवक की पहचान कन्हाईडीह गांव के होपना हेंब्रम के पुत्र शैलेन्द्र हेंब्रम के रूप में हुई। ज्ञात हो कि दोनों युवक रिश्ते में मामा भांजे है एवं दोनों किसी शादी के प्रोग्राम में जा रहे थे। झिलमिली में घुमावदार सड़क होने के कारण मोटरसाइकिल चालक का संतुलन बिगड़ गया। मामले की सूचना मिलते ही काठीकुंड थाना प्रभारी त्रिपुरारी कुमार द्वारा दोनों घायल युवकों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काठीकुंड ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल होने पर दोनों युवकों को फूलों झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका भेज दिया गया।

# मिहिजाम बजाज शोरूम में लगी आग, भारी नुकसान



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**मिहिजाम :** मिहिजाम थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार सुबह एक बड़ी घटना सामने आई जब मिहिजाम स्थित बजाज शोरूम में अचानक आग लग गई। शोरूम के मालिक मनोज दास ने जब सुबह शोरूम खोला तो देखा कि अंदर आग लगने के कारण भारी क्षति हो चुकी है। इस हादसे में दो पल्सर बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गईं, जबकि अन्य कई बाइकों को भी नुकसान पहुंचा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार,आग लगने के पीछे इलेक्ट्रिक शॉर्ट सर्किट को प्राथमिक कारण माना जा रहा है। हालांकि आग के सही कारणों की पुष्टि अभी नहीं हो पाई है। हादसे में शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरे और हार्डडिस्क भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। जिससे जांच में थोड़ी बाधा उत्पन्न हुई है। मिहिजाम पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है और शोरूम में बचे हुए कैमरों के फुटेज से भी सुराग जुटाए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस यह भी जांच कर रही है कि यह आग किसी साजिश का हिस्सा तो नहीं थी। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है और व्यापारी वर्ग में भी दहशत का माहौल है।

# शिवधाम हैप्पी क्लब ने वन नाइट शॉर्ट बॉउंड्री क्रिकेट टूर्नामेंट का किया आयोजन

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**जामताड़ा :** जामताड़ा कोर्ट रोड स्थित शिव धाम मोहल्ले में हैप्पी क्लब की ओर से वन नाइट शॉर्ट बॉउंड्री क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के वरिष्ठ नेता हरिमोहन मिश्रा ने किया। वन नाइट शॉर्ट क्रिकेट टूर्ना मेंट में जामताड़ा के 16 टीमों ने भाग लिया। वहीं टूनार्मेंट के मुख्य अतिथि हरिमोहन मिश्रा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर विधिवत पूजा अर्चना की एवं राष्ट्रगान के साथ टूनार्मेंट का प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ से पूर्व पहलगाम में हुए हमले को लेकर सभी क्रिकेट प्रेमियों सहित मुख्य अतिथि भाजपा नेता हरिमोहन मिश्रा द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। यह क्रिकेट टूनार्मेंट पूरी रात होने के उपरांत रविवार प्रातः काल में पुरस्कार वितरण किया गया। भाजपा नेता हरिमोहन मिश्रा ने क्रिकेट टूनार्मेंट में शामिल खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खेल सिर्फ मनोरंजन एवं शारीरिक फिटनेस का जरिया नहीं है बल्कि इसके माध्यम से बेहतर कैरियर भी बनाया जा सकता है।बता दें कि शनिवार की देर शाम टूनार्मेंट का शुभारंभ हुआ और अहले सुबह रविवार को पुरस्कार वितरण किया गया।

वन नाइट शॉर्ट बाउंड्री क्रिकेट टूर्ना मेंट के फाइनल मैच में बजरंग एलेवेन जामताड़ा एवं जामताड़ा गांधी मैदान यूथ क्लब के बीच खेला गया। वहीं टॉस जीतकर गांधी मैदान यूथ क्लब की टीम ने गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। वहीं बजरंग एलेवेन की टीम ने 06 ओवर में कुल 62 रन बना पाया था। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए यूथ क्लब गांधी मैदान जामताड़ा की टीम ने 06 ओवर में 30 रन बनाकर सिमट गई। जिसमें बजरंग एलेवेन की टीम को विजेता घोषित किया गया एवं उपविजेता के रूप में गांधी मैदान यूथ क्लब रहा। मुख्य अतिथि हरिमोहन मिश्रा ने अपने हाथों से विनर और रनर दोनों टीमों को पुरस्कार दिया।

# अपनी प्रतिभा दिखाने और आगे बढ़ने का शानदार मंच प्रदान करती हैं प्रतियोगिताएं : प्राचार्य

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**गोमिया (बोकारो):** रविवार को पिट्स मॉडर्न स्कूल गोमिया बोकारो में एक दिवसीय राज्यस्तरीय लगोरी चयन का कार्यक्रम रखा गया, जो अमेच्योर लगोरी संघ झारखंड के बैनर तले किया गया। इस चयन प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों खिलाड़ियों (खूंटी, रामगढ़, कोडरमा, हजारीबाग, गिरिडीह एवं बोकारो) ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पिट्स मॉडर्न स्कूल के प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी।

प्राचार्य ने इस तरह के महत्वपूर्ण खेल आयोजन की मेजबानी करने पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि अंदर-19 स्टेट लगोरी ट्रायल्स के लिए आयोजन स्थल के रूप में काम करना पिट्स मॉडर्न स्कूल के लिए सम्मान की बात है। इस तरह के आयोजन न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देते हैं, बल्कि युवा एथलीट में अनुशासन टीम वर्क और राज्य के गौरव की भावना भी पैदा करते हैं। साथ ही, उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना और टीमवर्क के महत्व को समझाते कहा कि जीत और हार खेल का एक हिस्सा है, लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि खिलाड़ी पूरे समर्पण और निष्ठा के साथ खेलें और एक दूसरे का सम्मान करें। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और आगे बढ़ने का एक शानदार मंच प्रदान करती है। चयनित बच्चे नासिक महाराष्ट्र में दिनांक 5 जून से 7 जून 2025 तक आयोजित जूनियर राष्ट्रीय लगोरी प्रतियोगिता में झारखंड टीम प्रतिनिधित्व करेंगे। अमेच्योर लगोरी संघ झारखंड के सचिव हेमंत कुमार के मार्गदर्शन में टीम की प्रतिनिधित्व किया जाएगा एवं संघ के अध्यक्ष रानी पांडेय, निर्णायक अध्यक्ष कौशल कुमार, सिलेक्शन कमेटी सावन कुमार मेहता, पौलुस विहां एवं शैलेश कुमार रहे। बच्चों के कोच के रूप में खुशी सिंह, नईम अंसारी और मैनेजर के रूप में वर्षा द्विवेदी, गंगाधर यादव मौके पर मौजूद रहे। अभिषेक विश्वास महाप्रबंधक, आईईपीएल ओरिका, गोमिया और गोमिया विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष अरिंदम दास गुप्ता ने इस पहल की सराहना की और कहा कि हम खिलाड़ियों में खेल और सह-पाठ्यचर्या उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा की झारखंड प्रदेश कमेटी की कार्यकारिणी बैठक संपन्न



**जामताड़ा :** रविवार को जामताड़ा में अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा झारखंड प्रदेश कमेटी की एक दिवसीय बैठक सर्वप्रथम कुल देवता बाबा गणिनाथ बाबा पर पुष्प अर्पित कर प्रारंभ किया गया। बैठक मे झारखंड प्रदेश अध्यक्ष कुंदन कुमार गुप्ता राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद गुप्ता समेत का झारखंड के अन्य जिलों के पदाधिकारी एवं समाज के लोग उपस्थित थे। झारखंड में मध्यदेशीय समाज के सशक्तिकरण, सामाजिक कार्यों, गरीब कन्याओं का विवाह में मदद एवं बच्चों की शिक्षा के संदर्भ में चर्चा की गई।साथ ही जामताड़ा कमेटी का विस्तार किया गया। मध्य देशीय सभा के धनबाद जिलाध्यक्ष विशाल कुमार गुप्ता ने कहा झारखंड के सभी जिलों में चुनाव कर कमेटी का व्यापक विस्तार किया जाएगा। कमेटी विस्तार में धनबाद जिला अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा से प्रमंडल प्रभारी राजेश गुप्ता , राजेश गुप्ता जितेंद्र गुप्ता,रविराज, सुनील कुमार, कैलाश गुप्ता,राजेश कुमार गुप्ता, राहुल गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, विकास गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, भाग से दिलीप गुप्ता, रंजीत गुप्ता तिलकुट आदि ने जामताड़ा कमिटी का चुनाव कर विस्तार किये। जामताड़ा के जिलाध्यक्ष डा. राजदेव कुमार महामंत्री वैजनाथ साह, अनूप कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष नगर अध्यक्ष अंगद गुप्ता,युवा अध्यक्ष नंदन कुमार गुप्ता, युवा महासचिव मोहन कुमार गुप्ता, युवा कोषाध्यक्ष दिपक साह आदि को बनाया गया।

# सप्ताहिक पूजा का मुख्य उदेश्य सांस्कृतिक विरासत को संजोना

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**दुमका :** जामा प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत ऊपरबहाल गांव में संताल आदिवासी समुदाय द्वारा अपने पारंपरिक रिति-रिवाज के अनुसार पूजा स्थल मंझी थान में बोंगा बुरु की सप्ताहिक पूजा-अर्चना आरंभ करने का निर्णय लिया गया। आदिवासी समुदाय के लोग हर रविवार को गांव के सभी महिला,पुरुष,बुजुर्ग और बच्चे सामूहिक रूप से पूजा करेगे। समाजिक रुप से कुल्ही दुरूप ग्राम सभा के बैठक में यह निर्णय लिया गया कि वर्त्तमान समय में धार्मिक आस्था और संस्कृति को बनाये रखने के लिय सप्ताहिक सामूहिक पूजा बहुत जरुरी हो गया है। पूजा का आयोजन इष्ट देवता मरांग बुरु के श्रद्धा में किया जा रहा है।



जिसे संताल आदिवासी के लोग अपने आराध्य देव के रूप में पूजते है। ग्रामीणों के अनुसार इस सप्ताहिक पूजा का मुख्य उदेश्य सामुदायिक एकता,आध्यात्मिक शांति और सांस्कृतिक विरासत को संजोना है।यह पहल खासकर युवा पीढ़ी को अपनी परंपराओ से जोड़ने के लिय की गयी है,ताकि वे अपने रीति-रिवाजों को समझे और उसका सम्मान करे.इसके साथ-साथ बच्चों को सकारात्मक दिशा में चलने के लिय प्रोत्साहित करना भी है.इस आयोजन के तहत प्रत्येक रविवार को गांव वाले पूज्य स्थल मंझी थान का सफाई करेगे और सभी एकत्र होकर पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा करेगे,जिसमे धूप,अगरबत्ती,प्रसाद और सामूहिक बोंगा बुरु/प्रार्थना शामिल होगी.सामाजिक रूप से गांव को चलाने वाले मंझी बाबा/प्रधान,नायकी,जोगमंझी,प्राणक,गुडित,कुडम नायकी ने इस पहल का स्वागत किया और इसे सामाजिक समरसता की दिशा में एक महत्पूर्ण कदम बताया.स्थानीय ग्रामीणों का मानना है कि सप्ताहिक पूजा से गांव में शांति,समृद्धि और भाईचारा बढ़ेगा,इसके साथ-साथ धर्म,संस्कृति और सभ्यता को बचाये रखने में मदद मिलेगा.इस मौके में मंगली मुर्मू,होपोनटी टुडू,अंजित टुडू,पकु हांसदा,शेखर मुर्मू,बुदीलाल मुर्मू,शिवचरन मुर्मू,संदीप हांसदा,देवराज हेम्ब्रोम,संतोष मरांडी,सायमन मुर्मू,मुंशी मुर्मू,लखिंदर हेम्ब्रोम,राकेश मरांडी,सुशिल मुर्मू,संदीप हांसदा,अंजलि टुडू और काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

# पिछले दो वर्षों से रिहायशी क्षेत्र से कोयला डंपिंग यार्ड हटाने की मांग

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

**दुमका :** रेलवे स्टेशन पर कोयला डंपिंग यार्ड हटाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे धरनार्थियों के साथ आरपीएफ इंचार्ज मनोज कुजूर की कहा सुनी हो गई। दरअसल दुमका रेलवे स्टेशन पर दो वर्षों से लगातार कोयला डंपिंग यार्ड हटाने की मांग को लेकर स्थानीय निवासी धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इस मामले में



धरनार्थियों की एक ही मांग है कि कोयला डस्ट से लोगों को बचाने के लिए यहां से डंपिंग यार्ड को हटा लिया जाए। इस बात को लेकर आज आरपीएफ इंचार्ज मनोज कुजूर से धरना प्रदर्शन को स्टेशन परिसर से हटा कर अन्यत्र करने को कहा गया लेकिन धरनार्थियों ने उनके मांग को नहीं सुना गया। इधर आसनसोल डीआरएम को भी एक मांग पत्र सौंप कर कोयला रैक हटाने की मांग की गई जिस पर आठ महिने के अंदर कोयला रैक हटाने का आश्वासन दिया गया। यहां बताते चलें कि इस संबंध में गोड्डा सांसद डॉ निशीकांत दूबे भी स्थानीय लोगों को आश्वासन दे चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं होने से धीरे धीरे लोग उग्र होते जा रहे हैं। इस मामले को लेकर एन जी टी में एक मामला भी दर्ज है। धरना प्रदर्शन में रवि शंकर मंडल, हेमंत श्रीवास्तव,मनोज कुमार पंडित ,संजय मंडल ,ध्रुव कुमार, गोवर्धन मंडल, विष्णु यादव, मंजू गुप्ता, आशा देवी,डॉ. आर.के. यादव शंभू कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार, अर्जुन दास,धनंजय मंडल, अभय गुप्ता, दिलीप कुमार सोनकार ,संतोष कुमार ,एसपी मंडल, जिमि यादव, श्याम प्रसाद शर्मा, डिस्को मंडल, एन एन पंडित, चंदन तिवारी, जगबंधु पंडित, आलोक कुमार ,अमित कुमार शाह, संदीप साहू ,शंभूनाथ गोरी ,राम शंकर सिंह ,आकाश यादव ,सिंधु यादव ,पवन कुमार, प्रदुम कुमार, अर्जुन कापरी, मनीष कापरी ,अमर यादव ,महेश्वर मंडल ,विष्णु कापरी, मोजन कापरी ,प्रमोद कापरी ,गौतम मंडल, मुन्ना पंडित ,मनोज भगत, अमित कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह ,विजय कुमार, शंभू कुमार मंडल, विजय कुमार ,गौरी मंडल, शत्रुघन पंडित ,आकाश कुमार, लिल्टू दे शामिल थे।

## संपादकीय

### बिजली को झटका

जिस राज्य में उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली दी जा रही हो, वहां बिजली चोरी का चिंताजनक स्थिति तक पहुंच जाना, निश्चित ही गंभीर मसला है। पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड को यदि वर्ष 2024-25 में दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है तो उसकी बड़ी वजह पंजाब में बिजली चोरी का बेहद गंभीर स्थिति को पार कर जाना है। ये नुकसान प्रतिदिन के हिसाब से 5.5 करोड़ रुपये बैठता है। इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात तो यह है कि यह नुकसान सिस्टम की विफलता या प्राकृतिक आपदाओं के कारण नहीं हुआ है बल्कि जानबूझ कर सुनियोजित तरीके से की जा रही बिजली चोरी की वजह से हुआ है। राज्य में घाटे में चल रहे लगभग 77 फीसदी फीडर सीमावर्ती और पश्चिमी क्षेत्रों में स्थापित हैं, जिनमें पट्टी, भिखीविंड, अजनाला और जीरा जैसे डिवीजन शामिल हैं, जिनमें से कई संगठित बिजली चोरी के लिए कुख्यात हैं। भूमिगत कुंडी कनेक्शन से लेकर मीटर से छेड़छाड़ और पिलर बॉक्स को निष्क्रिय करके चोरी करना एक आम तरीका बन गया है। आरोप है कि ये चोरी आमतौर पर राजनीतिक व धार्मिक संस्थाओं के संरक्षण में होती है। दरअसल, इस विडंबना को नजरअंदाज करना मुश्किल है कि जबकि लोगों को पहले ही छह सौ यूनिट तक सब्सिडी वाली यानी कि मुफ्त बिजली का लाभ उठाने का मौका मिल रहा है, लेकिन इसके बावजूद बिजली चोरी की प्रवृत्ति कम नहीं हो रही है। दरअसल, पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड का संकट यहीं खत्म नहीं हो जाता। पीएसपीसीएल कुप्रबंधन व व्यवस्थागत संकटों से भी गंभीर रूप से जूझ रहा है। पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड कर्मचारियों की भारी कमी की चुनौतियों से जूझ रहा है। बिजली विभाग में 4900 से अधिक लाइनमैनों के पद स्वीकृत हैं, लेकिन फिलहाल केवल 1313 लाइनमैन काम कर रहे हैं। अकेले लुधियाना में ही जूनियर इंजीनियर के आधे पद खाली हैं। बिजली चोरी रोकने तथा बेहतर व्यवस्था के लिये कर्मचारी भर्ती अभियान को गति दी जानी चाहिए। दरअसल, पीएसपीसीएल में पर्याप्त कर्मचारी न होने के कारण विभागीय कार्यक्षमता बुरी तरह से प्रभावित है। जब भी किसी इलाके में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न होता है तो तत्काल कार्रवाई बिजली बहाल करने के लिये नहीं हो पाती। फलतः लंबे समय तक बिजली गुल रहने से लोगों की नाराजगी लगातार बढ़ती है।

विभाग में पक्के मुलाजिमों की नियुक्ति न होने पर कम वेतन पाने वाले संविदा कर्मचारियों के जरिये व्यवस्था बनाने की कोशिश होती है। जिसके चलते संविदा कर्मचारियों द्वारा अकसर आंदोलन किया जाता है। वे खुद को पक्का करने की मांग करते रहते हैं। उनका आरोप होता है कि कम वेतन देकर उनसे ज्यादा काम कराया जाता है। जानकार मानते हैं कि सिर्फ संविदा कर्मचारियों पर अत्याधिक निर्भरता केवल तदर्थवाद को ही बढ़ाएगी। हालांकि, नियामक आयोग ने इस गड़बड़ी को भी चिन्हित किया है। लेकिन इससे ही समस्या का समाधान संभव नहीं है, संकट के निराकरण को गंभीर प्रयासों की जरूरत महसूस की जा रही है। इस समस्या का व्यापक स्तर पर समाधान तभी संभव है जब राज्य के नेतृत्व द्वारा इच्छा-शक्ति को दशार्या जाएगा। समय की मांग है कि भारी घाटे वाले फीडरों में वित्तीय प्रबंधन के लिये लक्षित कार्रवाई की जाए। साथ ही लोगों को ईमानदारी से बिजली के उपयोग के लिये प्रोत्साहित किया जाए। उम्मीद की जानी चाहिए कि छेड़छाड़ न किये जा सकने वाले स्मार्ट मीटर लगाने से बिजली चोरी की घटनाओं पर अंकुश लग सकेगा। इस दिशा में उठाए गए कदम समस्या का वास्तविक निस्तारण करने वाले होने चाहिए। साथ ही बिजली चोरी रोकने के लिये सख्त दंड का भी प्रावधान किया जाना जरूरी है। बिजली चोरी में लिप्त लोगों की पहचान होने पर उन्हें दंडित किया जाना जरूरी है। साथ ही ऐसे लोगों को मुफ्त बिजली पाने की योजना का लाभ उठाने के अधिकार से भी वंचित किया जाना चाहिए। दरअसल, सख्त व पारदर्शी दंड व्यवस्था ही चोरी की प्रवृत्ति पर अंकुश लगा सकती है।

## (चिंतन-मनन)

### रजा का खजाना

फारस के शासक साइरस अपनी प्रजा की भलाई में जुटे रहते थे। लेकिन खुद उनका जीवन सादगी से भरा था। वह रियासत की सारी आमदनी व्यापार, उद्योग और खेतीबाड़ी में लगा देते थे। इस कारण शाही खजाना हल्का रहता था। लेकिन प्रजा खुशहाल थी। एक दिन साइरस के दोस्त और पड़ोसी शासक प्रोशियस उनके यहां आए। उनका मिजाज साइरस से बिल्कुल अलग था। उन्हें प्रजा से ज्यादा अपनी खुशहाली की चिंता रहती थी। उनका खजाना हमेशा भरा रहता था। बातों-बातों में जब प्रोशियस को साइरस के खजाने का हाल मालूम हुआ तो उन्होंने साइरस से कहा, अगर आप इसी तरह प्रजा के लिए खजाना लुटाते रहोगे तो एक दिन वह एकदम खाली हो जाएगा। आप कंगाल हो जाओगे।

अगर आप भी मेरी तरह खजाना भरने लगें तो आपकी गिनती मेरी तरह सबसे धनी शासकों में होने लगेगी। साइरस मुस्कराए फिर बोले आप दो दिन ठहरिए मैं इस मामले में लोगों का इम्तिहान लेना चाहता हूं। उन्होंने घोषणा करवा दी कि एक बहुत बड़े काम के लिए साइरस को दौलत की निहायत जरूरत है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि प्रजा मदद करेगी। दो दिन पूरा होने से पहले ही शाही महल के बाहर मोहरों, सिक्कों व जेवरों का बड़ा ढेर लग गया।

# हिमाचल की सड़कों पर मौत का तांडव कब थमेगा?


**नरेन्द्र भारती**

हिमाचल में सड़क हादसों की लकीर नियति ने बहुत गहरी लिख दी है।सड़क हादसे अभिशाप बनते जा रहे है।2025के चार महिनों में हजारो लोग मौत के मुह में समा चुके है। हादसों को देखकर हालात ऐसे बन गए है कि अल सुबह घर से निकले लोग शाम को घर पहुंचेगे इसकी कोई गारंटी नहीं होती है। सड़क हादसों हर रोज घरों के चिराग बूझ रहे है।बच्चे अनाथ हो रहे है।माताओं व बहनों के सिदूंर मिट रहे है। यह सिलसिला अनवरत जारी है। हिमाचल में किन्नौर से लेकर भरमौर तक प्रतिदिन भीषण व दर्दनाक सड़क हादसे होते जा रहे है। एक बार फिर लाशों के ढेर लग गए लाशों को ढ़ापने के लिए कफन कम पड़ गए ' 25 अप्रैल 2025 को पंडोह में एक कार के खाई में गिर जाने से एक ही परिवार के पांच लोग मौत की नींद सो गए यह बहुत ही दर्दनाक हादसा हुआ है एक साथ पांच चितायें जलने से हर आँखों से आंसू बह रहे थे शादी का माहौल मातम में बदल गया यह बारात से लौट रहे थे ' बीते साल 2024में भी बहुत दर्दनाक हादसे हुए थे यह हादसे बदस्तूर जारी हैं 'आकडों के अनुसार 4 दिसंबर 2023 का काला दिन काल बनकर 11 लोगों को लील गया था ' तीन सड़क हादसों में कई घरों के चिराग बुझ गए थे ' पहला हादसा शिमला जिला के सुन्नी में हुआ था जहाँ एक पिकअप गहरी खाई में गिर गई और छः लोगों की मौत हो गई थी मरने वालों में जम्मू कश्मीर के चार लोगों की मौत हो गई थी यह चारों एक ही गाँव के रहने वाले थे तथा एक हप्ता पहले ही काम पर सुन्नी आये थे ' दूसरा हादसा ददाहू संगड़ाह मार्ग पर एक टिपर खाई में गिर गया था और दो लोगों की मौत हो गई थी और दो लोग घायल हो गए थे ' तीसरा हादसा मंडी जिले के गोहर के केलोधार में शादी समारोह में भाग लेकर जंजेहली लौट रहे तीन लोगों की कार खाई में गिर गई और तीनों की मौत हो गई थी और दो घायल हो गए थे इस हादसे में पति पत्नी की मौत हो गई ' एक दिन में ग्यारह लोगों की मौत से लोग सदमे में है ' 2 नवबंर 2023 को करवा चौथ के दिन मंडी व बिलासपुर में दो सड़क हादसों में तीन महिलाओ समेत छह की मौत हो गई थी और आठ लोग घायल हो गए थे यह बहुत ही दर्दनाक हादसा हुआ था जो असमय ही इतनी जिंदगीयाँ लील गया था ' करवा चौथ के दिन हुआ यह हादसा कभी नहीं भूलेगा ' चारों तरफ चीखो पुकार मच गई थी पल भर में लोग चिथड़ों में बदल गए थे 'भीषण सडक हादसे कब रुकेंगे यह एक यक्ष प्रश्न बन गया है ' दर्दनाक हादसे में किसी ने अपना पति तो किसी ने अपनी पत्नी खोई है ' कोटली व घुमारवीं में हुए इन हादसों से लोग मातम में हैं 'वर्ष 2018 में शिमला से 130 किलोमीटर दूर मुगंरा में एक वाहन के खाई में गिरने से 13 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी ।हादसें में मरने वालों में पांच लोग एक ही परिवार के थे मरनेवालों में ज्यादातर चिड़गांव के गावों के थे । मरने वालों में चार महिलाएं आठ पुरुष व एक बच्ची थी । मृतक आपस में करीबी रिश्तेदारथे ।मौत के इस दर्दनाक मंजर में हुई इन अकाल मौतों से हर हिमाचली गमगीन हुआ था ।यह लोग हाटकोटी से उतराखंड में मदिर दर्शन को जा रहे थे।मगर मंदिर पहुचने से पहले ही काल के गाल मे समा गए। हर रोज सड़के खून से लाल हो रही है लाशो के ढेर लग रहे है।लापरवाही से घरों के चिराग असमय बुझते जा रहे हैं। परिवार के परिवार खत्म हो रहे है।लाशो के अग्नि देने वाले भी नहीं बच रहे है।हजारो लोग तामउम्र हादसों का दंश झेल रहे है।पल भर में जीता-जागता आदमी लाशों के चिथड़ों में तब्दील हो रहा है।बच्चे अनाथ हो रहे है।प्रदेश में प्रतिदिन हो रहे इस मौत के ताडव को रोकने के लिए कारगर कदम उठाने होगें। इन सड़क हादसों से हर हिमाचली उद्वेलित है। गत वर्ष शिमला के रामपुर के खनेरी में पास बस के खाई में गिर जाने से 28 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। कांगडा के देहरा के ढलियारा में श्रध्दालूओं की एक बस खाई में गिरने से 10 लोगों की मौत हो गई थीं और 45 के लगभग बुरी तरह से घायल हो गए थे।बस 200 मीटर गहरी खाई में गिरी थी।प्रदेश में हर रोज हादसों का सिलसिला जारी है।प्रतिदिन भीषण हादसे होते जा रहे है ।प्रदेश में एक दिन में 13 लोगों की मौतें बहुत ही दुखद है। प्रदेश में ऐसा कोई दिन नहीं होता जब किसी की सड़क हादसे में मौत न हुई हो हादसों का यह क्रम लगातार जारी है।सबक न सीखना लोागों की आदत बन गया है इतने हादसे हो रहे है मगर सुधार शून्य ही है।इस पर मंथन करना होगा। जनवरी 2023से लेकर अक्टूबर 2025 के चार महिनों में हजारों हादसे हो चुके है और हजारों लोग मारे जा चुके है और यह सिलसिला थमनें का नाम नहीं ले रहा है। इससे पहले कई भीषण हादसे हो चुके है।कुछ साल पहले भीषण हादसा मंडी के झिड़ी में हुआ था जब एक निजि बस चालक की लापरवाही के कारण 40 से अधिक लोगों की असमय मौत हो गई थी। व्यास नदी में गिरी इस बस में लगभग 70 सवारियां सवार थी। चालक कथित तौर पर मोबाईल फोन पर बात कर रहा था कि बस अनियंत्रित हो गई और नदी में समा गई। पल भर में ही यात्री लाशों में तब्दील हो गये। गनीमत रही कि राफटिंग दल ने जान जोखिम में डालकर 17 लोगों की जिदंगियां बचा ली नही तो मरने वालों का आंकडा 60 हो जाता यह हादसा नहीं सरासर हत्या थी कि चालक ने खुद छलांग लगाकर यात्रियों को असमय मौत के मुहं में धकेल दिया। बीते हादसों से न तो यात्रियों ने सबक सीखे और न ही प्रशासन ने कोई सबक सीखा ।अक्सर देखा गया है कि ज्यादातर हादसे ओवरलोडिगं के कारण होते है क्योकि इस 42 यात्रियों कि क्षमता वाली बस में 70 यात्री सफर कर रहे थे। कांगडा के आशापुरी में तथा बिलासपुर के बंदला में भी ऐसे भीषण हादसे हो चुके हैं। अप्रैल माह में चंबा में भी 12 यवकों की मौत हो गई थी। हमीरपुर में भी मजदूर दिवस के दिन एक टाटा सूमों के खाई में गिरने से 10 मजदूरों की मृत्यु हो गई थी।बीते 2024 में इतने बड़े-बड़े हादसे हुए मगर इसमें सुधार नहीं हुआ।आखिर कब थमेगा यह मौत का मंजर इसका जबाव प्रशासन को देना होगा। प्रतिवर्ष हजारों लोग हादसों का शिकार होते है तथा इतने ही घायल होते है लोग असमय काल के गाल में समाते जा रहे हैं मगर हालात सुधरने के बजाए बिगड़ते ही जा रहे है लोग बीते हादसों को कैसे भूल जातें है हिमाचल में हर रोज लापरवाही के कारण लोगों को मौत नसीब हो रही है अगर लोग जरा सी सावधनी बरते तो हादसों को रोका जा सकता है और अनमोल जीवन को बचाया जा सकता है।बीते हादसों पर नजर उाली जाए तो रौगटे खडे हो जाते है। सड़को पर मौत रेंग रही है और सड़के रक्तरंजित हो रही हैं। अमूमन देखा गया है कि निजि बसों के कारण ज्यादातर दुर्घटनाएं हो रही है। क्योकि इन बसों में अप्रशिक्षित चालकों की लापरवाही के कारण भंयकर हादसे हो रहें हैं। मोबाइल पर प्रतिबन्ध है लेकिन इसकी खुजेआम धज्जियां उडाई जा रही है। प्रशासन भी हादसे के कुछ दिन सक्रियता दिखाता है फिर वही हालात हो जातें है। लोग भी किराये में कुछ रियायत के कारण सरकारी बसों में यात्रा न कर निजि बसों को अहमिहत देतें है और जिदंगियों से खिलवाड करवातें है। चंद चांदी के सिक्कों की खतिर बसों के परिचालक बसों में अपेक्षा से अधिक यात्रियों को बिठाते है और खुद मौत को निमंत्रण देते हैं। प्रतिदिन सडकों पर ओवरलोडिग बसें सरपट दौडती रहती है मगर प्रशासन आखें बंद करके सोया रहता है जब हादसा हो जाता है तब इसकी कुभंकरणी नींद टूटती है । प्रशासन के पहुचनें तक लोगों की सासें खत्म हो चुकी होती है। यदि प्रशासन समय पर कारवाई करता रहे तों इन हादसों पर लगाम लग सकती है। मगर ऐसा नहीं होता ।समझ से परे है कि प्रशासन जितना पैसा राहत कार्यों में बांटता है यदि पहले ही सुरक्षा बरती जाए तो लोगों की अनमोल जिन्दगियां बच सकती हैं। एक व्यक्ति की लापरवाही का खामियाजा लोगों को जान देकर भुगतना पड रहा है। ऐसे लोगों को सजा-ए -मौत देनी चाहिए जो जानबूझकर लोगों की मौत का कारण बनते हैं। यह हादसा इतने जख्म दे गया कि लोगों को उबरने में वर्षों लग जाएगें। इसमें घरों के चिराग बूझ गये कई बच्चों के सिर से बाप का साया उठ गया तो कई माताओं व बहनों के सुहाग छिन गये, माता -पिता के बुढापे के सहारे असमय काल के गाल मे समा गए। इस हादसे मे आनी के एक परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। विशेषज्ञ रिपोटों में सामने आता है कि 80 फीसदी हादसे चालकों की लापरवाही के कारण होतें है जबकि 20 फीसदी तकनीकी खराबी के कारण होतें है। हर हादसे के बाद मैजिस्ट्रेट जांच होती है मगर कुछ समय बाद यह भी ठंडे बस्ते में पड जाती है।ऐसे हत्यारे चालकों को सरेआम सजा देनी चाहिए ताकि भविष्य में कीमती जाने बच सके। ऐसे हादसे क्यों नहीं रूक पा रहे है यह एक यक्ष प्रश्न बनता जा रहा है।

# पहलगाम के प्रतिशोध हेतु अपनाना होगा इजरायल माडल

**–डा. रवीन्द्र अरजरिया–**

आतंकवाद का दावानल समूची मानव जाति को निगलने के लिए आतुर हो रहा है। पहलगाम में धर्म पूछकर मुस्लिम आतंकियों ने हिन्दुओं को मौत के घाट उतार दिया। हथियारों के सौदागरों के व्दारा मुहैया कराये जा रहे आधुनिक शस्त्र, पाकिस्तान में चलाये जा रहे आतंक प्रशिक्षण शिविरों और इस्लाम के नाम पर बनाये जा रहे संगठनों में मुसलमानों को बरगलाकर फिदाइनी बनने का सिलसिला निरंतर तेज होता जा रहा है। गैर मुसलमानों के खिलाफ जेहाद चलाने का फैशन चल निकला है। पहलगाम की घटना से पूरे देश में आक्रोश है। चारों ओर बदले की आवाजें गूंज रहीं हैं। ऐसे में राष्ट्रद्रोहियों का एक गिरोह अपने सीमापर बैठे आकाओं के इशारों पर आतंकियों के सरपरस्तों, संदेहास्पद सहयोगियों और कलुषित मानसिकता वाले लोगों को बचाने के लिए सोशल मीडिया के सहारे नागरिकों को बरगलाने में जुटा है। इस गिरोह के सदस्यों की फौज कश्मीर पहुंच गई है जहां से निरंतर मुसलमानों की सहृदयता, उनका भाईचारा और राष्ट्रभक्ति की भावना का प्रायोजित प्रचार कर रही है। सीमापार के आतंकी अड्डों, उनके आकाओं के ठिकानों और कट्टरपंथियों के मुख्यालयों सहित अन्य संदिग्ध स्थानों को नस्तनाबूद करने के साथ-साथ देश के मीर कासिमों की नस्लों को भी समाप्त करना होगा अन्यथा राष्ट्रद्रोहियों को संरक्षण देने वाली जमात पुनः मुसलमानों को बरगलाकर फिदायिनी बनाने से बाज नहीं आयेंगे। समूची दुनिया में इस्लाम के नाम पर आतंक का डंका बजाने वाले संगठनों को अनेक राष्ट्र से आर्थिक सहायता, अग्नेय शस्त्र और संरक्षण सहित प्रशिक्षण मिल रहा है। अब वक्त आ गया है जब धर्म के नाम पर कत्लेआम करने वाले आतंकी संगठनों से निपटने के लिए अपनाना होगा इजरायल माडल। गाजा में हमास के खिलाफ छेडी गई जंग एक उदाहरण बन गई है जहां पर इजरायली नागरिकों का अपहरण करके दबाव की राजनीति करने वालों के ठिकानों को ही नस्तनाबूत नहीं किया जा रहा है बल्कि उनके मददगारों तक को धूल में मिलाया जा रहा है। आश्चर्य है कि गाजा के आम नागरिकों के सामने उनके मासूम बच्चों, पत्नियों और परिवारजनों की लाशें बिछ रहीं है, दाने-दाने को तरस रहे हैं, आशियाने खण्डहर में तब्दील हो रहे हैं परन्तु वे हमास के विरुध्द एक भी शब्द जुबान पर नहीं ला रहे हैं। इस्लाम के नाम पर अंध विश्वास, जन्नत में 72 हूरों का सपना और काफिरों की मौत से मिलने वाले शबाब की कल्पना के तले जीती जागती जिंदगियों को तबाह करने में जुटे कट्टरपंथियों का एक बडा तबका आईएसआईएस, अबू सय्यफ ग्रुप, अलकायदा, अल शबाब, अंसार अल्लाह, बोको हरम, हमास, हयात तहरीर अल शाम, हिजबुल्लाह, हुर्रास अल दीन, इस्लामिक स्टेट, आईएस, जैस ए मोहम्मद, हूती, हरकत अल मुकाबामा अल इस्लामिया, आईएसएल, अब्दुल्ला अज्जाम ब्रिगेड्स, अबू निदाल, अल अक्सा शहीद ब्रिगेड, अल अश्तर ब्रिगेड, अल गमआ अल इस्लामिया, अंसार अल इस्लाम, अन्सार दीन, अंसारल्लाह, हक्कानी नेटवर्क, हरकत अल सबिरीन, इंडियन मुजाहिद्दीन, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर, जैश अल मुहाजिरिन वाल अंसार, लश्कर ए तैयबा, फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद जैसे हजारों संगठनों को पाल पोसकर निरंतर बडा कर रहा है। गाजा में हमास ने जिस तरह से भूमिगत सुरंगों का जाल फैला रखा है। अस्पतालों, स्कूलों, मस्जिदों, मदरसों, यतीमखानों के नीचे अड्डे बना रखे हैं। मानवीयता से जुडी संस्थाओं के भवनों में दफ्तर खोल रखे हैं। यह सब चिन्ता का विषय है जिसे इजरायल व्दारा बहादुरी के साथ बरबाद किया जा रहा है। ऐसी ही कार्यवाही की आवश्यकता देश में भी है। पहलगाम का बदला लेने के लिए सीमापार पाकिस्तान में बनाये गये लांचिंग पैड, ट्रेनिंग कैम्प्स और फंडिंग सेन्टर्स को नस्तनाबूद करने के साथ-साथ आतंकियों के आकाओं, मददगारों और सरपरस्तों को भी तबाह करना होगा। वर्तमान में समूची दुनिया भारत के साथ खडी है। ऐसे में प्रधानमंत्री पद पर नरेन्द्र मोदी जैसा विश्व प्रसिद्ध व्यक्तित्व का होना सोने में सुगन्ध का काम कर रहा है। समूचा देश उस क्षण का बेसब्री से इंतजार कर रहा है जब पहलगाम में हुए धर्म के नाम पर कत्लेआम का बदला लेने की पहल शुरू होगी। स्वाधीनता के बाद का पल एक बार फिर लौट आया है जब वर्चस्व की जंग मुंह खोले खडी थी। धर्म के नाम पर देश का विभाजन करने वालों की पीढियां आज फिर से मानवता का ढोंग रच रहीं हैं। देश के बाहर और देश के अंदर बैठे राष्ट्रघाती लोगों को चिन्हित करना होगा। देश के विभिन्न दलों, विभिन्न पदों और विभिन्न मजहबों के स्वयंभू ठेकेदारों में भी एक बडा तबका है जो राष्ट्रद्रोही ताकतों को अपने प्रभाव से निरंतर सहायता पहुंचा रहा है। ऐसे लोगों को सीमापार से निरंतर आर्थिक सहयोग मिल रहा है। धनलोलुपों की यह फौज अब चांदी के टुकडों पर अपनी मां का भी सौदा करने को आमादा हैं। ऐसे में पहलगाम की धरती पर यदि लम्बी चली आतंकी वारदात का वहां मौजूद दुकानदारों, घोडावानों, खोमचेवालों, होटलवालों, टैक्सीवालों सहित उपस्थित स्थानीय नागरिकों ने वीडियो नहीं बनाया, फोटो नहीं खींचे, लोगों की पहचान नहीं बताई तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। गाजा में क्या वहां का आम मुसलमान कभी हमास के सदस्य की पहचान बताता है?




**अच्छा निर्णय अनुभव से प्राप्त होता है लेकिन दुर्भाग्यवश अनुभव का जन्म गलत निर्णयों से होता है। - रीटा माए ब्राउन**

**खुशी केवल उन्हीं व्यक्तियों को प्राप्त होती है जो कि दूसरों को खुश करने के लिए प्रयासरत रहते है। - अज्ञात**

# यूपीएससी टॉपर या जाति टॉपर?: प्रतिभा गुम, जाति और पृष्ठभूमि का बाजार गर्म

**–डॉ. सत्यवान सौरभ–**

हर साल जब संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के परिणाम आते हैं, तो देश का एक बड़ा वर्ग उत्साहित होता है-कहीं उम्मीदें टूटती हैं, कहीं सपने पूरे होते हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से एक नया और खतरनाक ट्रेंड भी देखने को मिल रहा है-सफल अभ्यर्थियों की प्रतिभा और मेहनत पर चर्चा करने के बजाय, उनकी जाति, धर्म और आर्थिक पृष्ठभूमि को माइक्रोस्कोप से जांचा जा रहा है। और फिर उसी के आधार पर उनके संघर्ष की कहानी गढ़ी जाती है, सोशल मीडिया पर महिमामंडन या विवाद खड़ा किया जाता है। एक तरफ सफल अभ्यर्थी अपनी मेहनत को सेलिब्रेट करना चाहते हैं, दूसरी तरफ समाज उन्हें एक 'ट्रॉफी' बना देता है-या तो जातीय गौरव के नाम पर, या भावनात्मक बाजार के नाम पर।

### जब प्रतिभा गौण हो जाए और पहचान प्राथमिक

क्या हम इतने खोखले हो गए हैं कि अब सफलता भी जाति की चश्मे से देखनी पड़ती है? एक छात्र जिसने वर्षों तक दिन-रात एक कर दिए, जो असफलताओं के बावजूद डटा रहा, जिसने निजी सुखों को छोड़ तपस्या की-उसकी कहानी अब उसकी प्रतिभा नहीं, उसकी जातीय पहचान से मापी जाएगी? सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और न्यूज चैनल्स अब सबसे पहले पूछते हैं: ₹यह टॉपर किस जाति से है?₹ उसके बाद आता है सवाल: ₹पिता क्या करते हैं?₹ फिर, अगर कहीं से भी किसान, मजदूर या निम्नवर्गीय पृष्ठभूमि जुड़ जाए, तो सफलता की कहानी में 'संघर्ष का मसाला' डालकर उसे और अधिक बिकाऊ बना दिया जाता है।

### 'किसान का बेटा' ब्रांडिंग का नया ट्रेंड

यह एक विचित्र विडंबना है कि अब बड़े-बड़े शहरों के पॉश इलाकों में एसी कमरों में पढ़ने वाले भी खुद को ₹किसान का बेटा₹ बताने लगे हैं। परिवार में कभी पुरखों ने खेती की हो, या मामूली जमीन हो, तो भी उसे किसान परिवार का बेटा घोषित कर दिया जाता है। असलियत यह है कि जिन किसानों की हालत आज भी बैंकों के कर्ज में दबी है, जिनके बच्चे आज भी टूटी हुई पाठशालाओं में पढ़ रहे हैं, वे इस 'किसान परिवार' की ब्रांडिंग का हिस्सा नहीं बन पाते। यह नया ₹संघर्ष बेचो₹ मॉडल दरअसल एक बड़े मध्यमवर्गीय या उच्चवर्गीय तबके का सोशल इमोशनल इंजीनियरिंग है।




### सफलता का नया मकसद: सेवा या सेल्फ ब्रांडिंग?

जहां एक समय सिविल सेवा का मतलब होता था-समाज की बेहतरी के लिए समर्पित जीवन। अब इसका अर्थ बदलता दिख रहा है। अब टॉपर्स बनने के बाद तुरंत यूट्यूब चैनल खोलना, इंस्टाग्राम पर 'अ२' टी अल्ल८३ँल्लॅ' सेशन करना, कोचिंग ब्रांड्स के विज्ञापनों में चमकना, किताबें लिखना और मोटिवेशनल स्पीच देना, ट्रेंड बन गया है। इसमें कोई बुराई नहीं है कि युवा अपनी सफलता का जश्न मनाएं या दूसरों को प्रेरित करें। लेकिन सवाल तब उठता है जब सेवा का भाव पीछे छूट जाए, और सेल्फ ब्रांडिंग ही प्राथमिक एजेंडा बन जाए।

### जातीय राजनीति का नया अखाड़ा: यूपीएससी

यूपीएससी का स्वरूप अब राजनीतिक लाभ का भी माध्यम बनता दिख रहा है। अलग-अलग राजनीतिक विचारधाराएं, मीडिया हाउस और जातीय संगठन यूपीएससी टॉपर्स को 'अपना' बताने की होड़ में लगे हैं। कहीं ₹दलित गौरव₹ के नाम पर प्रचार हो रहा है, तो कहीं ₹सवर्ण शान₹ के नारे गढ़े जा रहे हैं। कोई ₹ओबीसी चमत्कार₹ कहता है, तो कोई ₹किसान पुत्री की उड़ान₹। असल में इन सबमें एक साधारण सच्चाई गायब हो जाती है-मेहनत तो मेहनत होती है, न जाति देखती है, न मजहब, न वंश।

### यूपीएससी: एकमात्र ऐसी परीक्षा जो मूल्यों की कसौटी पर कसती है

यूपीएससी भारतीय लोकतंत्र की एक दुर्लभ उपलब्धि है-जहां किसी जाति, धर्म, वर्ग से परे जाकर व्यक्ति के ज्ञान, समझ, सोच, तर्कशक्ति और निर्णय क्षमता को परखा जाता है। यह परीक्षा बार-बार साबित करती है कि देश के अंतिम छोर से भी प्रतिभाएं निकल सकती हैं। लेकिन जब समाज खुद इस उपलब्धि को जातीय खांचों में तोड़ने लगे, तो यह लोकतंत्र की आत्मा पर एक आघात है।

### असली संघर्ष और दिखावे का फर्क

असली संघर्ष वह है जो अनकहा रह जाता है। जो ग्रामीण बैकग्राउंड से आता है, लेकिन खुद को बेचने की कोशिश नहीं करता। जो सोशल मीडिया पर अपने फोटोशूट्स और 'कहानी' पोस्ट नहीं करता। जो अपनी सफलता को निजी संतोष समझता है, न कि व्यापारिक ब्रांड। दूसरी ओर, जो संघर्ष को एक उत्पाद बना देता है, वही आज वायरल होता है। वही बड़ी-बड़ी कोचिंग कंपनियों के विज्ञापन में आता है। वही सोशल मीडिया स्टार बनता है।

### आखिर सवाल वही-क्यों और किसके लिए?

क्या यूपीएससी टॉपर्स बनने का मकसद अभी भी वही है-समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना, न्याय का वितरण करना, प्रशासन में ईमानदारी लाना? या फिर अब यह एक वैकल्पिक 'सेलिब्रिटी करियर' बन चुका है? यह चिंतन आवश्यक है, वरना एक दिन सिविल सेवा भी पूरी तरह से एक ग्लैमर इंडस्ट्री में तब्दील हो जाएगी-जहां मूल्य नहीं, ब्रांडिंग चलेगी; जहां सेवा नहीं, सेल्फी चलेगी।

### निष्कर्ष: सफलता को वर्गीकृत करने से बचें

देश को जरूरत है उन युवाओं की जो सफलता को अपने स्वार्थ से नहीं, अपने कर्तव्य से जोड़ें। जो जाति, धर्म या वर्ग से परे जाकर खुद को सिर्फ एक नागरिक के रूप में प्रस्तुत करें। जो यह समझें कि यूपीएससी परीक्षा से भी बड़ी परीक्षा आगे आने वाली है-जब प्रशासनिक पद पर बैठकर, बिना भेदभाव के, बिना प्रचार के, निष्पक्ष सेवा देनी होगी। तभी इस देश का लोकतंत्र मजबूत रहेगा, और तब ही असली प्रतिभा का सम्मान होगा-बिना जाति, धर्म, पृष्ठभूमि के बंधन के।

## जैन इंटरनेशनल सेवा ऑर्गेनाइजेशन द्वारा 'जिसो इवेंट' संपन्न





वैश्विक डिजिटल महा संगठन जिसो फाउंडेशन जिसे जैन इंटरनेशनल सेवा ऑर्गेनाइजेशन के नाम से भी जाना जाता है, अब प्रत्येक जैन व्यक्ति को डिजिटल पहचान प्रदान करने दिशा में अपनी नई योजनाओं के साथ काफी एक्टिव हो गया है। पिछले दिनों दादर (पश्चिम), मुम्बई में आयोजित 'जिसो इवेंट' में शामिल होकर जैन समुदाय के कई लोगों ने 'जिसो सेवा' से जुड़ कर सेवा का लाभ लिया। जैन इंटरनेशनल सेवा ऑर्गेनाइजेशन की स्थापना प्रख्यात समाजसेवी, टेक विजनरी और दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता श्री सुरेशजी पुनमिया द्वारा की गई है। इस संगठन का मुख्य उद्देश्य है कि जैन समाज के चारों प्रमुख संप्रदायों (श्वेतांबर, दिगंबर, स्थानकवासी और तेरापंथ) को एक एकीकृत डिजिटल मंच पर लाकर, सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने के साथ साथ हर जैन व्यक्ति को निःशुल्क डिजिटल पहचान और JISO Jain Minority Card उपलब्ध कराना है। इस संगठन के हेल्प लाइन 9059054563 पर एक मिसकॉल कर व्हाट्सएप पर जैन मेनोरिटी कार्ड प्राप्त किया जा सकता है। जैन समाज की एकता, डिजिटल उन्नयन और सेवा संकल्प के सूत्रधार जैन इंटरनेशनल सेवा ऑर्गेनाइजेशन (जिसो) के संस्थापक श्री सुरेशजी पुनमिया की दूरदर्शिता से प्रेरित होकर यह संगठन आज न केवल भारत में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी जैन समाज की पहचान को नई ऊँचाइयों तक ले जाने की दिशा में अग्रसर है।

## देश रत्न अवॉर्ड 2025 समारोह का आयोजन 29 अप्रैल को! निर्देशक अमोल भगत निर्णायक मंडल में बतौर जज शामिल!

60 भी अधिक फिल्म महोत्सवों के निर्णायक मंडल में शामिल रह चुके मराठी फिल्म निमार्ता निर्देशक अमोल भगत एक बार फिर भारती युवा वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा 29 अप्रैल को दूरदर्शन भवन, कमानी प्रेक्षागृह (मंडी हाउस), नई दिल्ली में आयोजित देश रत्न अवॉर्ड 2025 समारोह में भी बतौर जज शामिल रहेंगे। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और सामजिक न्याय और सशक्तिकरण मंत्रालय द्वारा संपोषित इस अवॉर्ड समारोह में अर्जुन राम मेघवाल (कानून मंत्री, भारत सरकार), जगदंबिका पाल जी (उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री), गजेंद्र सिंह शेखावत जी (संस्कृति मंत्री, भारत सरकार), प्रवेश वर्मा जी (डिप्टी सीएम, दिल्ली), राम दास आठवले जी (केन्द्रीय मंत्री), रघु राज जी (रोजगार मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार), राहुल भुच्चर जी (बॉलीवुड अभिनेता), मुस्ताक खान (बॉलीवुड अभिनेता) और विनय चौधरी जी (राष्ट्रीय प्रभारी, भाजपा) की उपस्थिति में चयनित प्रतिभागियों को अवार्ड देकर सम्मानित किया जाएगा। विदित हो कि पुणे में जन्मे और बारामती के ग्रामीण परिवेश में पले बढ़े फिल्मकार अमोल भगत अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों में एक जाना-पहचाना चेहरा रहे हैं। मराठी फिल्म उद्योग में अमोल भगत के शानदार योगदान ने, विशेष रूप से 'पुणे टू गोवा' जैसी फिल्म में उनके निर्देशन के माध्यम से उन्हें व्यापक पहचान दिलाई है।

## केसरी वीर : लेजेंड्स ऑफ सोमनाथ' का पोस्टर जारी! 16 मई को रिलीज होगी फिल्म!




चौहान स्टूडियोज के बैनर तले कनु चौहान द्वारा निर्मित और प्रिंस धिमान द्वारा निर्देशित पीरियड एक्शन फिल्म 'केसरी वीर : लेजेंड्स ऑफ सोमनाथ' का पोस्टर जारी कर दिया गया है। इस ऐतिहासिक महागाथा में अभिनेता सूरज पंचोली वीर हमीरजी गोहिल के रूप में नजर आएंगे, एक ऐसा साहसी योद्धा,जो आक्रमणकारियों से पवित्र सोमनाथ मंदिर की रक्षा करने के लिए संकल्पबद्ध है। इस फिल्म में अभिनेता सूरज पंचोली इस बार बिल्कुल नए और चुनौतीपूर्ण किरदार में नजर आएंगे। इस ऐतिहासिक महागाथा में सुनील शेट्टी निडर योद्धा वेगदा जी की भूमिका निभा रहे हैं, वहीं विवेक ओबेरॉय खूंखार खलनायक जफर के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में अकांक्षा शर्मा की डेब्यू भी देखने को मिलेगी, जो सूरज पंचोली के साथ एक महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आयेंगी। यह फिल्म 16 मई को पैनोरमा स्टूडियोज द्वारा वर्ल्डवाइड रिलीज की जाने वाली है।

## रितेश देशमुख ने पहलगाम हमले की निंदा

**मुंबई,** बॉलीवुड अभिनेता रितेश देशमुख फिलहाल अपनी आगामी फिल्म 'रेड 2' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में रितेश देशमुख के साथ अजय देवगन और वाणी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 1 मई को हर जगह रिलीज होगी। इस बीच, 'रेड 2' की पूरी टीम फिल्म के प्रमोशन के लिए अलग-अलग जगहों पर घूम रही है। इस मौके पर अभिनेता रितेश देशमुख से पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सवाल पूछा गया तो अभिनेता के जवाब ने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। हाल ही में रितेश देशमुख ने एक इंटरव्यू दिया। इस इंटरव्यू में एक्टर से पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बारे में पूछा गया, जिस पर रितेश ने कहा, यह बहुत दुखद है।




# अक्षय कुमार ने पहलगाम हमले पर जताया गुस्सा

**मुंबई,** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम के बैसरन में 22 अप्रैल को आतंकी हमले पर आम लोगों से लेकर सेलिब्रिटी तक हर कोई अपना विरोध जता रहा है। बॉलीवुड हस्तियों ने भी अपना गुस्सा जाहिर किया है। अभिनेता अक्षय कुमार का एक वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें अक्षय पहलगाम में हुए हमले पर कड़ा गुस्सा जाहिर करते नजर आ रहे हैं।

अक्षय कुमार इन दिनों अपनी फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म जलियांवाला बाग हत्याकांड को दशार्ती है। फिल्म में अक्षय वकील सी. शंकरन नायर की भूमिका निभा रहे हैं। अक्षय ने इस किरदार को इतनी मजबूती से निभाया है कि दर्शक पसंद कर रहे हैं। फिल्म में एक दृश्य है जिसमें जनरल रेजिनाल्ड डायर शंकरन को अंग्रेजों का गुलाम कहता है। तब शंकरन दो शब्दों में जवाब देते हैं। एफएक्सएक्स यू। अब अक्षय ने अपने प्रशंसकों से आतंकवादियों के लिए यही शब्द कहलवाया हैं। हाल ही में अक्षय कुमार 'केसरी चैप्टर 2' की स्क्रीनिंग के दौरान मुंबई में एक मूवी थियेटर पहुंच कर फैन्स को सरप्राइज दिया। उस समय अक्षय ने सभी से बातचीत की। उन्होंने कहा, मैं आप सभी को एक बात बताना चाहता हूं कि जब हम यह फिल्म बना रहे थे, तो हर सीन करते समय मैं और निर्देशक यह सोचते थे कि जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद सभी के मन में कितना गुस्सा और आक्रोश पैदा हुआ होगा। वह गुस्सा और आक्रोश फिर से उभर आया है। आप जानते ही होंगे कि मैं किस बारे में बात कर रहा हूं। आज भी हमें उन आतंकवादियों से एक बात कहनी चाहिए, जो मैंने फिल्म में कही है। वह क्या है? इसके बाद वहां मौजूद सभी लोग चिल्लाने लगे, एफएक्सएक्स यू। अक्षय कुमार के इस वायरल वीडियो ने फिलहाल सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। इस बीच, 'केसरी चैप्टर 2' फिल्म को ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, मलेशिया, न्यूजीलैंड, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका में भी रिलीज किया गया। इस फिल्म ने अमेरिका में अच्छा प्रदर्शन किया है। इसने अब तक अमेरिका में 7 करोड़ रुपये कमाए हैं। सैकनीलक की रिपोर्ट के मुताबिक, 'केसरी चैप्टर 2' ने पहले छह दिनों में दुनियाभर में 64 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है।

## बॉलीवुड में दस्तक देने वाली है अभिनेत्री अंजली शर्मा



पंजाबी फिल्म 'डबल दी ट्रबल', 'दिलदारियां', 'मुंडा पंगेबाज', वेब सीरीज 'द लास्ट कोम्प्रोमाईज', शॉर्ट फिल्म 'लॉटरी' और कई म्यूजिक वीडियो में अपनी अभिनय प्रतिभा कौशल का प्रदर्शन करने के बाद बॉलीवुड में दस्तक देने वाली है। बहुत जल्द ही एक बड़े बैनर के तहत उनकी फिल्म की घोषणा होने वाली है। साथ ही साथ जल्द ही उनकी हिंदी वेब सीरीज आने वाली है जिसमें वह एक अमीर महिला का किरदार निभा रही हैं। इस सीरीज में उनकी भूमिका बड़ी दिलचस्प है। हर तरह के रोल निभाने की चाहत रखने वाली नवोदित हँसमुख बिंदास अभिनेत्री अंजली शर्मा एशियन पेंट, सोनालिका ट्रैक्टर, परंपरा होम डेकॉर, मेमसाहब एथनिक वीयर, दिवा ब्यूटी आदि के एड फिल्मों में भी वह अपनी कला का जौहर दिखा चुकी है। अंजली शर्मा पंजाब के छोटे से शहर फाजिल्का में पैदा हुई हैं और चंडीगढ़ में वह पली बढ़ी और शिक्षित हुई हैं। अंजली को बचपन से एक्टिंग का शौक रहा, इस शौक को पूरा करने के लिए शुरूआत में उन्होंने छुपकर डांस क्लास जॉइन की और पंजाब दूरदर्शन के लिए ऑडिशन दिया। उन्हें पंजाब दूरदर्शन में 'फूल कलियां' कार्यक्रम में काम करने का मौका मिला। इस प्रकार उन्होंने अभिनय की पहली सीढ़ी चढ़ी और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। 'तू पतंग मैं डोर' में उन्होंने नकारात्मक किरदार निभाया जो दर्शकों को बेहद पसंद आई। अंजली शर्मा कहती हैं कि उन्हें क्राइम थ्रिलर और मिस्ट्री फिल्मों में अभिनय करने का बेहद शौक है। सस्पेंस, थ्रिल, ट्विस्ट और जटिल किरदारों को निभाना उन्हें बेहद पसंद है। वह आगे कहती हैं कि ऐसी भूमिका जो बेहद चैलेंजिंग हो और जो उनकी कम्फर्ट जोन से बाहर हो, ऐसे किरदार करने के लिए वह सदा उत्साहित रहती है। वह कहती हैं कि 'मिर्जापुर', 'कोहरा', 'द फैमिली मैन' जैसे शोज की कहानी ऐसे ही जोनर में बनी है। इन शोज ने एक नया लेवल सेट किया है और ऐसे अलग जोनर की शोज का हिस्सा बनने को वह उत्साहित हैं। अंजली शर्मा ने अपने फिल्मी कैरियर की शुरूआत और अपने जीवन के अनुभवों के बारे में बताया कि सोलह साल की उम्र में ही उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। पंजाब में अपने गांव से चंडीगढ़ और चंडीगढ़ से मुम्बई तक पहुंचने के उनके सफर में कई पड़ाव आये पर उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और अपने सपनों को साकार करने की दौड़ में आगे बढ़ती रही। उन्होंने बताया कि इस लंबे सफर में काफी कुछ सीखा और अनुभव बटोरे। मायानगरी मुंबई ने उन्हें नए अवसर और चुनौतियाँ दी। वह अपने काम के प्रति समर्पित है और अपनी योग्यता और मेहनत करने में विश्वास रखती हैं। उनका मानना है कि जुनून और मेहनत से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। वर्तमान समय में बॉलीवुड में अभिनेत्री अंजली शर्मा कई प्रसिद्ध फिल्म निर्देशकों के साथ बड़े बड़े बैनरों की फिल्मों में अपनी अभिनय कौशल का प्रदर्शन करने के लिए बेकरार है।

# कुमार मंगलम बिड़ला को मिला लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार!

महान संगीत गुरु दीनानाथ मंगेशकर के 83वें स्मृति दिवस के अवसर पर पिछले दिनों विले पार्ले (ईस्ट), मुंबई स्थित दीनानाथ मंगेशकर नाट्यगृह में मास्टर दीनानाथ मंगेशकर स्मृति प्रतिष्ठान और हृदयेश आर्ट्स द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित भव्य समारोह में आर एस एस प्रमुख मोहन भागवत द्वारा महान गायिका आशा भोंसले जी, मीना खडीकर मंगेशकर, आशीष शेलार, भारती मंगेशकर, राजश्री बिरला, आदिनाथ मंगेशकर, स्पृहा जोशी, रूपकुमार राठौड़, सुनाली राठौड़ और अविनाश प्रभावलकर की उपस्थिति में कुमार मंगलम बिड़ला को लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया वही एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर, सुनील शेट्टी, सचिन पिलगांवकर, सोनाली कुलकर्णी और डॉ. एन. राजम के साथ अन्य को दीनानाथ मंगेशकर अवार्ड से सम्मानित किया गया। पंडित हृदयनाथ मंगेशकर ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा हर साल, हम उन व्यक्तियों को सम्मानित करते हैं जो समर्पण, उत्कृष्टता और सेवा की भावना को अपनाते हैं, जो मास्टर दीनानाथजी के जीवन में थी।












यह उत्सव न केवल अतीत के लिए एक श्रद्धांजलि है, बल्कि नवोदित प्रतिभाओं के वर्तमान और भविष्य के लिए एक जलती मशाल है।

विदित हो कि मंगेशकर परिवार द्वारा 35 वर्षों से अधिक समय से संपोषित सार्वजनिक धर्मार्थ ट्रस्ट 'मास्टर दीनानाथ मंगेशकर स्मृति प्रतिष्ठान' द्वारा 2022 में भारत रत्न स्वर कोकिला लता मंगेशकर की स्मृति में 'लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार' की शुरूआत की गई थी। यह पुरस्कार पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आशा भोसले और अमिताभ बच्चन को प्रदान किया जा चुका है। **काली दास पाण्डेय**

# शेयर बाजार में सुधार के लक्षण दिखते ही प्राइमरी मार्केट में बढ़ी हलचल, अगले सप्ताह पांच नए आईपीओ की लॉन्चिंग

नई दिल्ली, (एजेंसी) :अप्रैल में घरेलू शेयर बाजार में सुधार के लक्षण दिखते ही प्राइमरी मार्केट में भी हलचल तेज होने लगी है। सोमवार 28 अप्रैल से शुरू हो रहे कारोबारी सप्ताह में पांच नए आईपीओ लॉन्च होने वाले हैं। इनमें से इलेक्ट्रिक टू व्हीलर बनाने वाली कंपनी एथर एनर्जी का आईपीओ मेनबोर्ड सेगमेंट का है, जबकि चार आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। एथर एनर्जी के आईपीओ के साथ ही प्राइमरी मार्केट में फरवरी के बाद से जारी मेनबोर्ड सेगमेंट का सूखा भी खत्म होने वाला है। एथर एनर्जी के पहले मेनबोर्ड सेगमेंट में क्वालिटी पावर इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट्स का आईपीओ 14 से 18 फरवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस शेयर की लिस्टिंग 24 फरवरी को हुई थी। उसके बाद से अभी तक मेनबोर्ड सेगमेंट में एक भी आईपीओ लॉन्च नहीं हुआ है।

एथर एनर्जी का 2,981.06 करोड़ रुपये का आईपीओ 28 अप्रैल को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में 30 अप्रैल तक आवेदन किया जा सकता है। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 304 से 321 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 46 शेयर का है। कंपनी के शेयर 2 मई को अलॉट किए जाएंगे, जबकि इनकी लिस्टिंग 6 मई को बीएसई और एनएसई पर होगी।

इसी तरह आईवरे सप्लाई चेन सर्विसेज का 27.13 करोड़ रुपये का आईपीओ भी 28 अप्रैल से 30 अप्रैल तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 95 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि




लॉट साइज 1,200 शेयर का है। कंपनी के शेयर 2 मई को अलॉट किए जाएंगे, जबकि इनकी लिस्टिंग 6 मई को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर होगी।

सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन 29 अप्रैल को अरूणाया ऑर्गेनिक्स का 33.99 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुल रहा है। इस आईपीओ में 2 मई तक आवेदन किया जा सकता है। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 55 से 58 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 2,000 शेयर का है। कंपनी के शेयर 5 मई को अलॉट किए जाएंगे, जबकि इनकी लिस्टिंग 7 मई को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर होगी। इसी दिन केनरिक इंडस्ट्रीज का 8.75 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुल रहा है। इस आईपीओ में 6 मई तक आवेदन किया जा सकता है। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 25 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 6,000 शेयर का है। कंपनी के शेयर 9 मई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे।

इनके अलावा वैगंस लर्निंग लिमिटेड का 38.38 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 2 मई को खुल रहा है। इस आईपीओ में 6 मई तक आवेदन किया जा सकता है। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 78 से 82 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,600 शेयर का है। कंपनी के शेयर 7 मई को अलॉट किए जाएंगे, जबकि इनकी लिस्टिंग 9 मई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर होगी।

# संसद के मानसून सत्र में बीमा संशोधन विधेयक पेश करने की तैयारी में सरकार




नई दिल्ली, (एजेंसी) : केंद्र सरकार संसद के आगामी मानसून सत्र में बीमा संशोधन विधेयक पेश करने की तैयारी में है। इस विधेयक का उद्देश्य बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा को मौजूदा 74 फीसदी से बढ़ाकर 100 फीसदी करना है। बीमा में ये बढ़ी हुई सीमा उन कंपनियों के लिए होगी, जो भारत में पूरा प्रीमियम निवेश करती हैं।

आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को दी जानकारी में बताया कि सरकार बीमा संशोधन विधेयक को संसद के आगामी मानसून सत्र में पेश कर सकती है। प्रस्तावित विधेयक में बीमा क्षेत्र में 100 फीसदी एफडीआई का प्रस्ताव है। इस विधेयक का मसौदा तैयार है, जिसे जल्द ही मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के सामने रखा जाएगा।

जानकारी के मुताबिक वित्त मंत्रालय को उम्मीद है कि आगामी मानसून सत्र के दौरान इस विधेयक को संसद में पेश किया जाएगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद वित्त मंत्रालय के तहत वित्तीय सेवा विभाग इस विधेयक को संसद में पेश करने की प्रक्रिया शुरू करेगा। संसद का मानसून सत्र आमतौर पर जुलाई में शुरू होता है। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस साल के केंद्रीय बजट भाषण में बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश की सीमा मौजूदा 74 फीसदी से बढ़ाकर 100 फीसदी करने का प्रस्ताव रखा था। वित्त मंत्रालय ने बीमा अधिनियम, 1938 के विभिन्न प्रावधानों में संशोधन करने का प्रस्ताव दिया है, जिसमें बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को बढ़ाकर 100 फीसदी करना, चुकता पूंजी में कमी और समग्र लाइसेंस का प्रावधान शामिल है।

## यूक्रेन ने बम से उड़ाया रूसी जनरल, एक गिरफ्तार



मास्को,(एजेंसी) :रूसी जनरल को बम विस्फोट में उड़ाने के मामले में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। पता चला है कि यूक्रेन के एक खुफिया अधिकारी ने ही रूसी जनरल को कार में विस्फोट करके उड़ा दिया था। यह विस्फोट रिमोट कंट्रोल के जरिए किया गया था। इस मामले में रूस की जांच एजेंसियों ने यूक्रेन की खुफिया एजेंसी के अधिकारी इग्नात कुजिन को गिरफ्तार कर लिया है।पुतिन के करीबी मेजर जनरल यारोस्लाव मोस्कालिक शनिवार को अपनी कार में बैठने जा रहे थे। तभी कार में भारी विस्फोट हो गया, जिसमें मेजर जनरल की मौके पर ही मौत हो गई थी। यह घटना रूस के बाल सिखा इलाके में हुई। रूस की फेडरल सिक्योरिटी सर्विस के मुताबिक यह हमला यूक्रेन से ही रिमोट कंट्रोल के जरिए किया गया। इस वारदात में यूक्रेन की खुफिया एजेंसी के अधिकारी इग्नात कुजिन का हाथ पाया गया। उसे शनिवार की देर रात गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की तफ्तीश जारी है।

## अब पाकिस्तान के गृह मंत्री नकवी ने दी भारत को गीदड़ भभकी



इस्लामाबाद, (एजेंसी) : पहलगाम हमले के बाद भारत द्वारा उठाए गए कड़े कदमों से पाकिस्तान बौखला गया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ व बिलावल भुट्टो के बाद अब वहां के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने भारत को गीदड़ भभकी दी है। कहा कि यदि भारत ने पाकिस्तान को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की तो 240 मिलियन पाकिस्तानी आखिरी सांस तक लड़ने के तैयार बैठे हैं।पाकिस्तानी अखबार डान के मुताबिक गृह मंत्री नकवी यहीं नहीं रुके। उन्होंने यहां तक आरोप लगा दिए कि भारत पाकिस्तान में आतंकी गतिविधियों में शामिल है। भारत की धमकियों से पाकिस्तान की सरकार डरने वाली नहीं हैं। गौरतलब है कि पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सिंधु जल समझौते को रद्द करने समेत कई बड़े कदम उठाए हैं। इसके चलते पाकिस्तान के नेता आपा खो बैठे हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री जहां भारत को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दे चुके हैं, वहीं बिलावल भुट्टो ने तो यहां तक कह डाला कि सिंधु में या तो पानी बहेगा या फिर भारत के लोगों का खून। अब गृहमंत्री ने भी आपा खोते हुए उल्टे भारत पर ही आतंकवाद फैलाने का आरोप मढ़ दिया है।

## एसयुवी ने भीड़ को रौंदा, 9 की मौत

ओटावा(एजेंसी) : कनाडा के वैंकूवर में एक कार ने भीड़ को कुचल दिया। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई है और कई लोग घायल हैं। वैंकूवर पुलिस ने एक्स में पोस्ट कर बताया कि यह घटना स्थानीय समयानुसार रात 8:00 बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 8:30 बजे) फिलीपींस कम्युनिटी के त्योहार लापू-लापू के दौरान हुई। पुलिस ने बताया कि शनिवार रात ई-43 एवेन्यू और फ्रेजर पर एक स्ट्रीट फेस्टिवल में भीड़ में एक कार घुसने से कई लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। ड्राइवर को हिरासत में लिया गया है। वह एशियाई मूल का बताया जा रहा है।

# पाकिस्तान से व्यापार पूरी तरह बंद करेंगे भारतीय व्यापारी: कैट

नई दिल्ली, 27 अप्रैल (हि.स.)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के कारण भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बहुत बढ़ गया है। इस तनाव के बीच भारत के व्यापारियों ने पाकिस्तान के साथ व्यापार न करने का कड़ा निर्णय लिया है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने सर्वसम्मति से पाकिस्तान के साथ हर तरह का व्यापार पूरी तरह से बंद करने का फैसला किया है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री तथा दिल्ली के चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने रविवार को इसकी जानकारी दी। कारोबारी संगठन कैट की दो दिवसीय राष्ट्रीय गवर्निंग काउंसिल की (25-26 अप्रैल) बैठक भुवनेश्वर में हुई, जिसमें देशभर के 26 राज्यों के 200 से अधिक प्रमुख व्यापारिक नेताओं ने भाग लिया। इस बैठक में पाकिस्तान से सभी तरह का व्यापार बंद करने का फैसला लिया गया।




कैट के राष्ट्रीय महामंत्री तथा दिल्ली के चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने बताया कि इस दो दिवसीय बैठक में पारित सर्वसम्मत प्रस्ताव में सभी व्यापारी नेताओं ने एक स्वर से पहलगाम में आतंकी घटना की कड़ी निंदा करते हुए पाकिस्तान के साथ व्यापारिक संबंधों का पूर्ण बहिष्कार करने का आह्वान किया है। इसके पहले वर्ष 2019 में पुलवामा आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच व्यापारिक संबंधी में तल्खी आ गई थी, जिसके बाद दोनों देशों के बीच व्यापार में भारी गिरावट आई थी।व्यापारियों के इस पैसले से पाकिस्तान को कई बेहद आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई नहीं हो सकेगी। इससे पाक में दवाइयां, रसायन, फल-सब्जियों समेत कई आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता प्रभावित होगी। हालांकि, इस निर्णय के कारण भारत पर भी असर पड़ेगा। क्योंकि नमक एवं आभूषण से लेकर निर्माण क्षेत्र और जूट की अनेक वस्तुएं पाकिस्तान से आयात की जाती हैं, लेकिन इसके बाद भी व्यापारियों ने एकतरफा निर्णय लेते हुए पाकिस्तान से व्यापार बंद करने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि अप्रैल 2024 से जनवरी 2025 के दौरान भारत ने पाकिस्तान को करीब 50 करोड़ डॉलर मूल्य के उत्पादों का निर्यात किया था, जिनमें मुख्य रूप से दवाइयाँ, रसायन, चीनी और ऑटो पार्ट्स शामिल थे। इसी समयावधि में पाकिस्तान से भारत का आयात मात्र 0.42 मिलियन डॉलर रहा। अब इस व्यापार को भी समाप्त करने का निर्णय व्यापारियों ने लिया है। वर्ष 2018 में भारत-पाकिस्तान के बीच लगभग 3 बिलियन डॉलर का वार्षिक व्यापार हुआ था जो वर्ष 2024 में 1.2 बिलियन डॉलर रह गया था।

# पहले पानी, बिजली और अब दवाओं के लिए भी तरस जाएगा पाकिस्तान

इस्लामाबाद(एजेंसी) : पाकिस्तान का जीवन भारत पर ही निर्भर है। इसके बाद भी वो अपनी ही जड़े काटने में लगा रहता है। सिंधु जल संधि रद्द होने से पाकिस्तान का पानी रोक दिया गया है। इससे वहां पानी की एक एक बूंद को लोग तरसेंगे। इसके अलावा वहां बिजली की भी किल्लत हो जाएगी।

अब भारत से व्यापार संबंधों के निलंबन के जवाब में पाकिस्तान दवा आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आपातकालीन तैयारी में जुट गया है। पहलगाम हमले के बाद सिंधु जल संधि को निलंबित करने के भारत के फैसले के जवाब में



इस्लामाबाद ने कुछ कदम उठाए हैं। इसके तहत, नई दिल्ली के साथ सभी व्यापार को निलंबित कर दिया है।

स्थानीय मीडिया के मुताबिक भारत के साथ व्यापार रुकने से पाकिस्तान में दवा की जरूरतों को पूरा करने के लिए तत्काल उपाय शुरू हो गए हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आपातकालीन तैयारी के उपाय शुरू कर दिए हैं। पाकिस्तान के औषधि विनियामक प्राधिकरण ने इसकी पुष्टि की है। हालांकि, दवा क्षेत्र पर प्रतिबंध के प्रभाव के बारे में कोई औपचारिक अधिसूचना नहीं दी गई, लेकिन आकस्मिक योजनाएं पहले से ही तैयार हैं। वर्तमान में, पाकिस्तान अपने दवाओं के लिए कच्चे माल के 30 से 40 प्रतिशत के लिए भारत पर निर्भर है, जिसमें सक्रिय औषधि सामग्री और विभिन्न उन्नत चिकित्सीय उत्पाद शामिल हैं। इस आपूर्ति श्रृंखला के वितरण के साथ डीआरएपी चीन, रूस और कई यूरोपीय देशों से वैकल्पिक स्रोतों की तलाश कर रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा, विनियमन व समन्वय मंत्रालय के सीनियर अधिकारी ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर कुछ जानकारियां दीं। उन्होंने बताया, पाकिस्तान अपनी दवाइयों के कच्चे माल का 30-40 प्रतिशत हिस्सा भारत से आयात करता है। हम तैयार उत्पाद, सबसे महत्वपूर्ण रूप से कैंसर रोधी उपचार, जैविक उत्पाद, टीके और सीरम, विशेष रूप से रेबीज रोधी टीके और सांप रोधी जहर भी भारत से आयात करते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### नेपाल : पुलिस के साथ हड़ताली शिक्षकों की हिंसक झड़प, 63 शिक्षक घायल




काठमांडू, (एजेंसी) : नेपाल में पिछले 27 दिनों से सड़क पर आंदोलन कर रहे शिक्षकों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प होने से 63 शिक्षक घायल हो गए हैं। बैरिकेडिंग तोड़ने का प्रयास कर रहे हड़ताली शिक्षकों पर पुलिस लाठीचार्ज किए जाने के बाद दोनों पक्षों के बीच टकराव हुआ।

रविवार को नया बानेश्वर क्षेत्र में शिक्षकों का शांतिपूर्ण प्रदर्शन हिंसक हो गया। पुलिस के साथ यह टकराव तब हुआ जब शिक्षकों ने एक प्रतिबंधित क्षेत्र में जबरन प्रवेश की कोशिश की और बैरिकेडिंग तोड़ने का प्रयास किया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछार के साथ लाठीचार्ज किया। जवाब में नाराज प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा बलों पर पथराव शुरू कर दिया, जिससे स्थिति तनावग्रस्त बन गई।

नेपाल शिक्षक महासंघ के महासचिव तुला बहादुर थापा ने बताया कि पुलिस के साथ झड़प में 63 शिक्षक घायल हुए हैं। इनमें करीब एक दर्जन से अधिक शिक्षकों की अवस्था गंभीर बताई गई है। थापा के मुताबिक घायल शिक्षकों को पास के ही सिविल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। सामान्य रूप से घायल शिक्षकों का सड़क पर ही उपचार किया गया।

इसी बीच शिक्षक महासंघ ने आकस्मिक बैठक बुलाई। संगठन के महासचिव थापा के मुताबिक उनका आंदोलन निरंतर जारी रहेगा। हड़ताल पर रहे शिक्षक महासंघ और सरकार के बीच कई चरणों की वार्ता हुई लेकिन सभी बेनतीजा निकली।

### सहकारी घोटाले की आरोपित सत्तारूढ़ दल नेपाली कांग्रेस की सांसद माया गिरफ्तार

काठमांडू, (एजेंसी) :नेपाल पुलिस की केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने सहकारी घोटाले के एक मामले में आरोपित सत्तारूढ़ दल नेपाली कांग्रेस की सांसद माया राई को बीती रात गिरफ्तार कर लिया। रविवार को संसद को इसकी औपचारिक जानकारी दी गई है।

सीआईबी ने काठमांडू में स्वर्ण लक्ष्मी सहकारी बैंक में हुए 265 करोड़ रुपए के घोटाले में सांसद राई की संलग्नता की पुष्टि होने के बाद उन्हें गिरफ्तार किए जाने का दावा किया है। बीती रात को उनके निवास से ही क्राइम ब्रांच के अधिकारियों ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

एसपी रमेश बस्नेत ने बताया कि आठ महीने से फरार की सूची में रही नेपाल कांग्रेस की सांसद माया राई को गिरफ्तार कर इसकी जानकारी संसद सचिवालय को दे दी गई है। रविवार को सदन की बैठक शुरू होते ही स्पीकर देवराज घिमिरे ने पुलिस द्वारा सांसद राई को गिरफ्तार किए जाने की औपचारिक जानकारी दी।

फिलहाल गिरफ्तार सांसद राई को जिला अदालत काठमांडू में पेश कर उनसे पूछताछ करने के लिए आठ दिनों की कस्टडी मांगी थी जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया है। अदालत में इस संबंध में चार्जशीट दायर होने के बाद से ही सांसद राई की गिरफ्तारी के लिए अरेस्ट वारंट जारी किया गया था।

### नेपाल इस कठिन समय में खड़ा है भारत के लोगों के साथ: डा. राणा



काठमांडू के भारतीय दूतावास में हुआ हमले में मृत लोगों के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन


काठमांडू, (एजेंसी) : भारत के कश्मीर स्थित पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए नेपाल के भारतीय दूतावास में सभा का आयोजन किया गया। इसमें नेपाल के उप प्रधानमंत्री विष्णु पौडेल, विदेश मंत्री डा. आरजू राणा देउवा सहित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने इस कायराना हमले की कड़ी निंदा की।विदेश मंत्री डा. राणा ने कहा कि नेपाल आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की कड़ी निंदा करता है। नेपाल किसी भी आतंकवादी गतिविधि के खिलाफ दृढ़ता से खड़ा है। नेपाल इस कठिन समय में भारत सरकार और लोगों के साथ खड़ा है। आतंकवाद से निपटने के दौरान कोई दोहरा मानक नहीं होना चाहिए। किसी भी आतंकवादी समूह द्वारा किसी भी देश या उसके लोगों के खिलाफ किसी भी उद्देश्य के लिए अपने क्षेत्र का उपयोग नहीं करने दिया जाएगा।श्रद्धांजलि सभा में नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. शेखर कोइराला, प्रधानमंत्री के प्रमुख सलाहकार विष्णु रिमाल, माओवादी के राष्ट्रीय सचिव छविलाल विश्वकर्मा, पूर्व विदेश मंत्री एनपी साउद, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष महंथ ठाकुर, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के शिशिर खनाल आदि मौजूद रहे।इनके अलावा नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल, प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने आतंकवादी हमले की निंदा की है। साथ ही सभी ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत सरकार के पक्ष में दृढ़ता से खड़े रहने का संदेश दिया है।

### नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेन्द्र ने की पहलगाम आतंकी हमले की निंदा, व्यक्त कीं संवेदना

काठमांडू, (एजेंसी) : पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि हिन्दू तीर्थयात्रियों को निशाना बना कर एक नेपाली नागरिक सहित 28 लोगों की मौत पर अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं।शनिवार को पूर्व राजा ने हमले पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमला मानवता और हिन्दू समुदाय के खिलाफ एक अक्षम्य और जघन्य अपराध है। हम इस त्रासदी की कितनी भी कड़ी निंदा करें, यह कभी भी नुकसान की भयावहता को व्यक्त करने के लिए पर्याप्त नहीं होगा। उन्होंने सनातन वैदिक हिन्दुओं की मूल मान्यता 'वसुधैव कुटुम्बकम' के सिद्धांत का हवाला देते हुए कहा कि यह विचार कि दुनिया एक परिवार है। इन मूल्यों के खिलाफ इस तरह के अपराध करना न केवल एक पाप है, बल्कि हमारे धार्मिक और मानवीय सिद्धांतों का गंभीर उल्लंघन है।

## संक्षिप्त खबरें

# आईपीएल 2025: कॉर्बिन बॉश ने मुंबई इंडियंस के लिए किया डेब्यू




मुंबई, (एजेंसी) : इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का 45वां मैच रविवार को मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच खेला जा रहा है। मैच में लखनऊ की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया है। मुंबई की टीम बल्लेबाजी कर रही है। इस मैच में मुंबई इंडियंस की तरफ से साउथ अफ्रीका के ऑलराउंडर कॉर्बिन बॉश ने आईपीएल में डेब्यू किया है। मुंबई इंडियंस ने अनोखे अंदाज में सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, बिग बॉश (कॉर्बिन बॉश) चाहते हैं आप उनका एमआई डेब्यू जरूर देखें।कॉर्बिन बॉश को मुंबई इंडियंस ने मेगा ऑक्शन में नहीं खरीदा था। वह चोटिल तेज गेंदबाज लिजाद विलियम्स की जगह मुंबई की टीम में रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम शामिल हुए थे।

साउथ अफ्रीका के इस स्टार क्रिकेटर ने 86 टी20 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 81 के हाइएस्ट स्कोर के साथ 663 रन बनाएं हैं और 59 विकेट लिए हैं।

# बेस्ट फील्डिंग के लिए प्रसिद्ध जोंटी रोड्स आज पहुंचेंगे छत्तीसगढ़



रायपुर (एजेंसी) : बेस्ट फील्डिंग के लिए मशहूर पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी जोंटी रोड्स को चाहने वाले रायपुरिंस के लिए एक अच्छी खबर है। जोंटी रोड्स आज रविवार को राजधानी रायपुर आ रहे हैं, जहाँ वह क्रिकफेस्ट के चयनित छात्रों के लिए फील्डिंग मास्टर क्लास लेंगे। वह रायपुर के अवंती विहार स्थित इमर्जिंग क्रिकेट एकेडमी के मैदान जाएँगे।

उल्लेखनीय है कि क्रिकफेस्ट एक महीने तक चलने वाला क्रिकेट मास्टर क्लास समर कैंप है, जिसका आयोजन अरण्य ने एकाना के सहयोग से किया है। इस कैंप में भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर मेंटर की भूमिका निभा रहे हैं। इसी संदर्भ में जोंटी रोड्स रायपुर आकर क्रिकफेस्ट के छात्रों को फील्डिंग का प्रशिक्षण देंगे।

यह एक बेहतरीन अवसर है युवा क्रिकेटर्स के लिए, जहाँ वे विश्वस्तरीय फील्डिंग के गुर सिख पाएँगे।

# साई किशोर से प्रभावित हैं विटोरी



नई दिल्ली (एजेंसी) :सनराइजर्स हैदराबाद के कोच डेनियल विटोरी ने गुजरात टाइटंस के स्पिनर आर साई किशोर की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि हम उन्हें नीलामी में लेना चाहते थे पर सफल नहीं हुए थे। विटोरी ने कहा कि किशोर बेहद योग्य हैं और उनमें सीमित ओवरों के क्रिकेट में सफल गेंदबाज बनने की पूरी क्षमताएं हैं। इस सत्र में इस गेंदबाज ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। किशोर ने इस सत्र में गुजरात की ओर से बेहतर प्रदर्शन किया है और वह सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों में वह पांचवें नंबर पर हैं। उन्होंने अभी तक 8 मैचों में 12 विकेट लिए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 30 रन देकर तीन विकेट लेना रहा है।

विटोरी से जब पूछा गया कि वह बाएं हाथ के किस स्पिनर से प्रभावित हैं तो उन्होंने कहा कि मैं किशोर का नाम लूंगा। उसने शानदार प्रदर्शन किया है। साथ ही कहा कि वह एक ऐसा खिलाड़ी था जिस पर नीलामी में हमारी नजर थी हालांकि हम उसे शामिल नहीं कर पाय थे।। वह एक निडर गेंदबाज है। उसके पास गेंद को टर्न करने विकेट के ऊपर और आसपास अपनी गति बदलने की क्षमताएं हैं। मुझे लगता है कि वह अन्य स्पिनरों के लिए मानदंड स्थापिक करता है कि आप वास्तव में कैसे प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं और सफल हो सकते हैं। उसने बल्लेबाजी के सहायक विकेटों पर भी अपनी गेंदबाजी से सभी को प्रभावित किया है।

# केकेआर के खिलाफ मुकाबले में पंजाब किंग्स की कमजोरी सामने आई



कोलकाता (एजेंसी) : पंजाब किंग्स की टीम का प्रदर्शन आईपीएल के इस 18 वें सत्र में अच्छा रहा है। उनके बल्लेबाज और गेंदबाज लय में हैं पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर ) के खिलाफ मैच में उसकी कमजोर कड़ी सामने आ गयी। इस मैच में पंजाब ने पहले बल्लेबाज करते हुए 201 रन बनाये जबकि एक समय उसका स्कोर 14 ओवर के बाद एक विकेट पर 158 रन था। इसके बाद के 6 ओवरों में केवल 43 रन बने। इस प्रकार का प्रदर्शन उसके लिए आने वाले मैचों में परेशानी का कारण बन सकता है। कई मैचों में पंजाब किंग्स अच्छा फिनिश नहीं कर पाई है। अगर 14 ओवर के बाद स्कोर 160 के करीब है तो निश्चित तौर पर 20 ओवर के बाद स्कोर 220 के पार जाना चाहिए था पर टीम इस मैच में उम्मीद से कम रन बना पायी।पंजाब के लिए एक और चिन्ता का कारण ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल का लगातार विफल होना है। मैक्सवेल 7 मैचों की 6 पारियों में 50 रन भी नहीं बना पाए हैं। इसके अलावा टीम ने फार्म में चल रहे नेहल वढेरा और शशांक सिंह से पहले मार्को यानसेन और जोश इंग्लिस को बल्लेबाजी के लिए भेज दिया जबकि नेहल और शशांक ने निचले क्रम में तेजी से रन बनाये हैं।

# भारतीय महिला हॉकी टीम पर्थ में ऑस्ट्रेलिया ए से 2-3 से हारी



नई दिल्ली,(एजेंसी) : भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया दौरे के अपने दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दृढ़ निश्चयी और धैर्यपूर्ण प्रदर्शन किया, लेकिन 2-3 से हार गई। ज्योति सिंह (13वें मिनट) के गोल से भारत ने बढ़त बनाई, जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया ए ने एवी स्टैंसबी (17वें मिनट), डेल डोल्केंस (48वें मिनट) और जेमी-ली सुरहा (52वें मिनट) के गोल की मदद से वापसी की। भारत का दूसरा गोल सुनीता टोप्पो (59वें मिनट) ने किया।

भारतीय महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया ए की तुलना में तेजी से शुरूआत की। अपने आक्रमण में शानदार नियंत्रण दिखाया। शुरूआती दबाव मेजबानों पर था, क्योंकि भारत ने तेजी से आक्रमण किया। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया ए ने अपनी स्थिति बनाए रखी और भारतीय महिला हॉकी टीम को कड़ी मेहनत करनी पड़ी। अंततः भारतीय टीम ने पहले क्वार्टर के अंतिम चरण में एक पीसी जीता और ज्योति सिंह ने 13वें मिनट में बिना समय गंवाए अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी।

ऑस्ट्रेलिया ए ने दूसरे क्वार्टर में वापसी की और उन्हें पेनाल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे एवी स्टैंसबी ने 17वें मिनट में गोल में बदल दिया। हाफ-टाइम ब्रेक तक दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर थीं।

ब्रेक के बाद, ऑस्ट्रेलिया ए और भारतीय महिला हॉकी टीम दोनों ही दूसरे गोल के लिए प्रयासरत थीं, जिसके परिणामस्वरूप दोनों छोर पर हमलों की झड़ी लग गई। क्वार्टर के शुरूआती चरणों में ऑस्ट्रेलिया ए ने सबसे ज्यादा हमले किए, जबकि भारतीय महिला हॉकी टीम ने जवाबी हमला किया और तीसरे क्वार्टर को मजबूती से समाप्त किया। दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर थीं।

अंतिम क्वार्टर की शुरूआत में ऑस्ट्रेलिया ए ने बढ़त बना ली, क्योंकि डेल डोल्केंस ने मेजबान टीम के लिए 48वें मिनट में गोल करके स्कोर 2-1 कर दिया। इसके तुरंत बाद जेमी-ली सुरहा ने 52वें मिनट में एक और गोल किया। मेजबान टीम 3-1 से आगे थी, लेकिन भारतीय महिला हॉकी टीम ने वापसी की और सुनिलिता टोप्पो ने 59वें मिनट में गोल किया। हालांकि, भारतीय महिला हॉकी टीम बराबरी का गोल नहीं कर पाई और ऑस्ट्रेलिया ने जीत हासिल कर ली।

भारतीय महिला हॉकी टीम दौरे के तीसरे मैच में 1 मई को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी।

# कोपा डेल रे फाइनल: बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड को 3-2 से हराया, कोंडे ने एक्स्ट्रा टाइम में किया विजयी गोल

सेविले, (एजेंसी) : बार्सिलोना के डिफेंडर जूल्स कोंडे ने शनिवार को सेविले में खेले गए रोमांचक कोपा डेल रे के फाइनल में अतिरिक्त समय में गोल दागकर अपनी टीम को रियल मैड्रिड पर 3-2 की शानदार जीत दिलाई। इस जीत के साथ बार्सिलोना ने रिकॉर्ड 32वां स्पेनिश कप अपने नाम किया।


ला कातूर्जा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पेड्री (28वें मिनट) ने बार्सिलोना को बढ़त दिलाई। लेकिन दूसरे हाफ में सात मिनट के भीतर किलियन एम्बाप्पे (70वें मिनट) और ऑरेलियन चूअमेनी (77वें मिनट) के गोल से रियल मैड्रिड ने मैच में वापसी कर ली। फिर 84वें मिनट में फेरान टोरेस ने गोल कर मैच को अतिरिक्त समय में पहुंचाया। अंततः जूल्स कोंडे ने निर्णायक गोल दागकर बार्सिलोना को ऐतिहासिक जीत दिलाई।रियल मैड्रिड के खिलाड़ियों का बर्ताव रहा विवादों में

मैच के अंतिम क्षणों में रियल मैड्रिड के डिफेंडर एंटोनियो रुडिगर को रेफरी की ओर वस्तु फेंकने के कारण लाल कार्ड दिखाया गया। वहीं लुकास वाजक्वेज भी विरोध करने पर बाहर कर दिए गए। रियल कोच कार्लो एंसेलोटी ने मैच के बाद रेफरी पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।यमाल ने दिखाया जलवा, एम्बाप्पे ने दिलाई उम्मीद

रियल मैड्रिड ने एम्बाप्पे को शुरूआती एकादश में नहीं रखा था, लेकिन चोट से उबरने के बाद वह दूसरे हाफ में मैदान पर उतरे और 70वें मिनट में शानदार फ्री-किक से स्कोर बराबर किया। इसके बाद चूअमेनी ने हेडर से मैड्रिड को बढ़त दिलाई। बार्सिलोना के लिए युवा विंगर लामिन यमाल ने भी शानदार प्रदर्शन किया और टोरेस को बराबरी का गोल करने में मदद की।

अतिरिक्त समय में चमके कोंडेअतिरिक्त समय में बार्सिलोना ने दबदबा बनाए रखा। अंततः लुका मोड्रिच की गलती का फायदा उठाते हुए कोंडे ने दूर से शक्तिशाली शॉट लगाया और बार्सिलोना को विजयी बना दिया।

# डब्ल्यूटीटी कंटेंडर ट्यूनिशिया 2025: मानुष शाह और दीया चितले ने जीता मिक्स्ड डबल्स का खिताब



नई दिल्ली, (एजेंसी) : भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों मानुष शाह और दीया चितले ने शनिवार को ट्यूनिशिया में खेले गए डब्ल्यूटीटी कंटेंडर 2025 टूनामेंट में मिक्स्ड डबल्स खिताब अपने नाम किया। फाइनल में इस भारतीय जोड़ी ने जापान के सोरा मात्सुशिमा और मिवा हरिमोटो को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराया।

भारतीय जोड़ी ने फाइनल में 11-9, 5-11, 14-12, 3-11, 11-6 से जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में मानुष और दीया ने ट्यूनिशियाई-मिस्र की जोड़ी वसीम एस्सिद और हना गोडावेरे को सीधे गेमों में हराते हुए फाइनल में प्रवेश किया था।

पुरुष डबल्स में भी मानुष का शानदार प्रदर्शन


मानुष ने मनव ठक्कर के साथ पुरुष डबल्स के सेमीफाइनल तक का सफर तय किया। हालांकि, सेमीफाइनल में उन्हें जर्मनी के बेनेडिक्ट डूडा और आंद्रे बर्टेल्समायर के खिलाफ 11-8, 7-11, 11-8, 9-11, 10-12 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी एक समय मैच प्वाइंट पर थी, लेकिन निर्णायक गेम में बढ़त को बरकरार नहीं रख सकी।

दीया चितले और हरमीत देसाई का एकल सफर रहा चुनौतीपूर्ण

महिला एकल में दीया चितले का सफर प्री-क्वार्टर फाइनल (राउंड ऑफ 16) में खत्म हो गया। उन्हें जर्मनी की साबिने विंटर ने 11-8, 6-11, 7-11, 9-11 से हराया। इससे पहले दिया ने राउंड ऑफ 32 में भारत की टॉप खिलाड़ी मनिका बत्रा को हराकर सनसनी मचाई थी। पुरुष एकल में हरमीत देसाई भी राउंड ऑफ 16 में हार गए। उन्हें जापान के छठी वरीयता प्राप्त हिरोटो शिनोजुका ने 11-9, 9-11, 8-11, 1-11 से मात दी।

# ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग ने न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर को किया रोशन

**न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर जीआई-पीकेएल के जरिए कबड्डी की शानदार प्रस्तुति, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती लोकप्रियता का गवाह बना**



गुरुग्राम (हरियाणा), (एजेंसी) : ग्लोबल इंडियन-प्रवासी कबड्डी लीग (जीआई-पीकेएल) भारत और दुनिया भर में लोकप्रियता हासिल कर रही है। रविवार को न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित टाइम्स स्क्वायर पर एक डिजिटल कैंपेन के जरिए भारत के पारंपरिक खेल कबड्डी को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया गया।

यह ऐतिहासिक कदम भारतीय कबड्डी के लिए एक बड़ी छलांग साबित हुआ, जिसने न केवल इस खेल की वैश्विक अपील को उजागर किया, बल्कि लीग के सीमाओं से परे दर्शकों से जुड़ने के प्रयासों को भी रेखांकित किया। टाइम्स स्क्वायर पर कबड्डी की यह भव्य उपस्थिति भारत के स्वदेशी खेल की दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल मंचों में से एक पर शानदार प्रस्तुति का प्रतीक बनी।

अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी जीआई-पीकेएल में अपने अनुभव का आनंद ले रहे हैं, जो दुनिया भर में कबड्डी की बढ़ती लोकप्रियता को दशार्ता है।

केन्या की आइरीन एटिएनो ओटिएनो, जो जीआई-पीकेएल में हरियाणवी ईगल्स टीम का हिस्सा हैं, ने कहा, ़मेरा अनुभव बहुत सीखने वाला रहा है, क्योंकि मुझे लगा था कि मैं कबड्डी के सभी नियम जानती हूं। लेकिन यहां आकर मुझे एक और अधिक पेशेवर तरीके से कबड्डी खेलना सीखने को मिला। मैं बहुत विनम्र महसूस कर रही हूं।

हंगरी की जीता कोर्बर ने कहा, ह्लमैं इस अनुभव का बहुत आनंद ले रही हूं। मेरे देश (हंगरी) के लोग मानते हैं कि मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि जीआई-पीकेएल में खेल रही हूं, और वे पूरे टूनामेंट के दौरान मेरा समर्थन कर रहे हैं।

जीआई-पीकेएल के प्रति प्रतिक्रिया पर बात करते हुए होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष कांति डी. सुरेश ने कहा, ह्लटाइम्स स्क्वायर पर कबड्डी को देखना हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। यह हमारे इस विश्वास को और मजबूत करता है कि कबड्डी अब वैश्विक मंच के लिए तैयार है। हम बेहद रोमांचित हैं कि दुनिया हमारे खेल को इतने उत्साह के साथ अपना रही है।

इस महीने की शुरूआत में, जीआई-पीकेएल के आगाज से पहले दिल्ली-एनसीआर, बरेली, लखनऊ, देहरादून, गोरखपुर, हैदराबाद और मुंबई जैसे प्रमुख शहरों में 30 से अधिक प्रमुख होर्डिंग्स लगाए गए थे, जिसने ग्लोबल इंडियन-प्रवासी कबड्डी लीग के लिए एक भव्य दृश्य प्रस्तुत किया।

इस बीच, लीग अब अपने निर्णायक चरण की ओर बढ़ रही है, जहां पंजाबी टाइगर्स, मराठी वल्चर्स, तमिल लायंस और भोजपुरी लेपड्र्स ने शनिवार को गुरुग्राम विश्वविद्यालय में पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

पहला सेमीफाइनल सोमवार को शाम 7:00 बजे मराठी वल्चर्स और पंजाबी टाइगर्स के बीच खेला जाएगा, जबकि दूसरा सेमीफाइनल तमिल लायंस और भोजपुरी लेपड्र्स के बीच होगा। फाइनल मुकाबला 30 अप्रैल को निर्धारित है।

महिला वर्ग में मुकाबले रविवार से फिर शुरू होंगे। शाम 6:00 बजे पंजाबी टाइग्रेस बनाम मराठी फाल्कन्स के बीच भिड़ंत होगी, इसके बाद 7:00 बजे तेलुगू चीता बनाम हरियाणवी ईगल्स का मुकाबला होगा। दिन का समापन 8:00 बजे भोजपुरी लेपर्डेस और तमिल लायनेस के बीच मैच के साथ होगा, जिसके साथ महिला लीग चरण का समापन होगा।

# पंजाब किंग्स शीर्ष 4 में पहुंची



| नंबर | टीम | खेले | जीते | हारे | बेनतीजा | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गुजरात टाइटंस | 8 | 6 | 2 | 0 | 12 | +1.104 |
| 2. | दिल्ली कैपिटल्स | 8 | 6 | 2 | 0 | 12 | +0.657 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 0 | 12 | +0.482 |
| 4. | पंजाब किंग्स | 9 | 5 | 3 | 1 | 11 | +0177 |
| 5. | मुंबई इंडियंस | 9 | 5 | 4 | 0 | 10 | +0.673 |
| 6. | लखनऊ सुपर जायंट्स | 9 | 5 | 4 | 0 | 10 | -0.054 |
| 7. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 9 | 3 | 5 | 1 | 7 | +0.212 |
| 8. | सनराइजर्स हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 0 | 6 | -1.103 |
| 9. | राजस्थान रॉयल्स | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 | -0.625 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 9 | 2 | 7 | 0 | 4 | -1.302 |

मुम्बई (एजेंसी) : आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और पंजाब किंग्स मैच बारिश के कारण रद्द होने के बाद अंक तालिका में मामूली बदलाव आया है। केकेआर और पंजाब के बीच मैच के रद्द होने से दोनों ही टीमों को एक-एक अंक मिला है। इससे पंजाब किंग्स शीर्ष 4 में पहुंच गई जबकि मुंबई इंडियंस पांचवें स्थान पर खिसक गयी। वहीं केकेआर सातवें स्थान पर ही बरकरार हैं। आईपीएल अंक तालिका में गुजरात टाइटन्स पहले स्थान पर है, जबकि दूसरे स्थान पर दिल्ली कैपिटल्स है और तीसरे स्थान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) है। इन तीनों टीमों के खाते में 12-12 अंक हैं। नेट रन रेट गुजरात का सबसे ज्यादा है। ऐसे में वह शीर्ष पर है। पंजाब किंग्स के खाते में अब 11 अंक हो गए हैं और इस तरह टीम चौथे स्थान पर पहुंच गई है। चौथे स्थान पर अभी तक मुंबई इंडियंस थी, जो पांचवें स्थान पर खिसक गयी है। उसके 10 अंक हैं।छठे स्थान पर लखनऊ सुपर जायंट्स है। उसके 10 अंक हैं पर नेट रन रेट मुम्बई का बेहतर है। केकेआर सात अंकों के साथ सातवें नंबर पर विराजमान है। सनराइजर्स हैदराबाद के खाते में 6 अंक हैं और टीम आठवें स्थान पर पहुंच गयी है। राजस्थान रॉयल्स दो अंकों के साथ नौवें और सीएसके इतने ही अंकों के बाद दसवें स्थान पर हैं।

# राजस्थान रायल्स पर जीत के इरादे से उतरेगी गुजरात टाइटंस



जयपुर (एजेंसी) : आईपीएल अंक तालिका में शीर्ष पर चल रही गुजरात टाइटंस की टीम सोमवार को यहां राजस्थान रॉयल्स से खेलेगी। इस मैच में टाइटंस का लक्ष्य जीत हासिल कर नंबर एक पर बने रहना है। टाइटंस ने अब तक आठ मैचों में से छह में जीत के साथ ही अंक तालिका में सबसे अधिक 12 अंक हासिल किये है। वहीं राजस्थान रॉयल्स की टीम 4 अंकों के साथ 9वें नंबर पर है। ऐसे में इस मैच में टाइटंस की टीम जीत की प्रबल दावेदार है हालांकि रॉयल्स को घरेलू मैदान का लाभ जरुर मिलेगा पर इसके बाद भी वह काफी कमजोर है। टाइटंस की बल्लेबाजी और गेंदबाजी काफी अच्छी है। उसके बल्लेबाज साई सुदर्शन ने अब तक सबसे अधिक रन बनाये हैं और वह ऑरेंज कैप के सबसे बड़े दावेदार के तौर पर उभरे हैं। वहीं प्रसिद्ध कृष्णा सबसे अधिक विकेटों के साथ ही पर्पल कैप के नंबर एक दावेदार हैं। इसके अलावा टीम के पास कप्तान शुभमन और और जोस बटलर जैसे बल्लेबाज भी हैं। दूसरी ओर राजस्थान रॉयल्स इस सप्ताह की शुरूआत में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से मिली हार के बाद ही प्लेऑफ की रैस से बाहर हो गयी थी। नौ मैचों में सातवीं हार के साथ ही वह अंक तालिका में नौवें स्थान पर हैं। रॉयल्स की टीम इस सत्र में करीब तीन मैचों में जीत के करीब पहुंचकर भी उसे हासिल नहीं कर पायी है। पिछले तीन मैचों में जीत के करीब पहुंची लेकिन करीबी मैचों को अपने पक्ष में मोड़ने में नाकाम रही। टीम के नियमित कप्तान संजू सैमसन चोटिल होने के कारण टीम से बाहर हैं ऐसे में रॉयल्स की कप्तानी रियान पराग करेंगे। पिछले मैच में भी पराग ही कप्तान थे। टीम की बल्लेबाजी यशस्वी जायसवाल के अलावा नितीश राणा और वैभव सूर्यवंशी पर आधारित रहेगी।

रॉयल्स की गेंदबाज वानिंदु हसरंगा, जोफ्रा आर्चर पर आधारित रहेगी जबकि गुजरात की गेंदबाजी कृष्णा के अलावा मो सिराज पर निर्भर करेगी।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :

राजस्थान रॉयल्सः रियान पराग (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, नितीश राणा, ध्रुव जुरेल, शिमरोन हेटमायर, वानिंदु हसरंगा, जोफ्रा आर्चर, महेश तीक्षाना, संदीप शर्मा, तुषार देशपांडे, शुभम दुबे, कुमार कार्तिकेय, युद्धवीर सिंह चरक, कुणाल सिंह राठौड़, आकाश मधवाल, फजलहक फारूकी, केवेना मफाका, अशोक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, संजू सैमसन (चोटिल)

गुजरात टाइटंसः शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), बी साई सुदर्शन, शाहरुख खान, शेरफेन रदरफोर्ड, राहुल तेवतिया, राशिद खान, कागिसो रबाडा, रविश्रीनिवासन साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, अनुज रावत, महिपाल लोमरोर, अरशद खान, जयंत यादव,

# भारत-नेपाल के अधिकारियों ने सीमा को सुरक्षित व अपराधमुक्त बनाने का लिया संकल्प

## भारत व नेपाल के सीमावर्ती जिलों के अधिकारियों ने की बैठक






**सीमा पर चौकसी बरतने व अपराधियों पर अंकुश सहित कई विषयों पर हुई चर्चा**

लखीमपुर खीरी, (एजेंसी): पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच पड़ोसी देश नेपाल ने बेहतर रिश्तों और सीमा सुरक्षा को लेकर एक पहल शुरू की है। नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्र के अधिकारियों ने भारतीय क्षेत्र के अधिकारियों के बैठक में सीमा पर चौकसी बरतने, अपराधियों पर लगाम लगाने सहित कई विषयों पर चर्चा की।

रविवार को भारत और नेपाल के बीच आपसी विश्वास और सीमा सुरक्षा को और प्रगाढ़ बनाने के उद्देश्य से पलिया में स्थित 39 बटालियन एसएसबी गदनिया में एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक हुई। इस बैठक में दोनों देशों के अधिकारियों ने सुरक्षित और अपराधमुक्त सीमाएं बनाए रखने का साझा संकल्प लिया। बैठक में भारत की ओर से लखीमपुर खीरी जिले के डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, वन विभाग तथा एसएसबी के अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं नेपाल की ओर से कैलाली और कंचनपुर अंचल के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच केवल भौगोलिक सीमाएं नहीं हैं, बल्कि ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक रिश्तों की एक गहरी और मजबूत नींव भी है। दोनों देश ऐसे मित्र राष्ट्र हैं, जिनके बीच सीमाएं तो हैं, लेकिन दिलों की दूरियां कभी नहीं रहीं। हमारी साझा सांस्कृतिक, सामाजिक और ऐतिहासिक विरासत हमें जोड़ती है। आज हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस विरासत को सुरक्षित रखते हुए अपनी सीमाओं को भी पूरी तरह सुरक्षित और अपराधमुक्त बनाएं।

एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि सीमा सुरक्षा तभी संभव है जब दोनों देशों की एजेंसियां एक-दूसरे के साथ निरंतर संवाद करें, सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान हो और संयुक्त कार्रवाई की प्रभावी प्रणाली विकसित की जाए। हमें तस्करी, मानव तस्करी, अवैध शिकार और अन्य अपराधों पर मिलकर सख्त नियंत्रण करना होगा।

बैठक में नेपाल के सीडीओ (मुख्य जिलाधिकारी) कैलाली गोगन बहादुर हमाल व सीडीओ कंचनपुर लक्ष्मण ढकल ने कहा कि भारत और नेपाल के संबंध सदियों पुराने, गहरे और विश्वास से भरे हुए हैं। हमारी सीमाएं सामाजिक और सांस्कृतिक जुड़ाव की रेखाएं हैं। इस साझा विरासत और विश्वास को कायम रखते हुए हमारी प्राथमिकता है कि हम सीमा क्षेत्र को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और अपराधमुक्त बनाएं।

बैठक में दोनों देशों के अधिकारियों ने सीमा स्तंभ, नो मैन्स लैंड पर अतिक्रमण, सीमा पर संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने के उपाय, सीमा चौकी, मादक पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी, वाहन चोरी, आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण, अवैध शिकार, अवैध वनों की कटाई पर गहन मंथन किया। बैठक में अधिकारियों ने मादक पदार्थों की तस्करी, अपराधियों की धर पकड़ करने सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की और कार्ययोजना बनाई। दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने आपसी विश्वास और सहयोग को और मजबूत करने पर विशेष जोर दिया और सीमावर्ती मुद्दों को सौहार्द और पारस्परिक समझदारी के साथ सुलझाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

बैठक में जिला प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा सशस्त्र सीमा बल 39वीं, 49वीं, 70वीं और 3 बटालियल के कमांडेंट, एडीएम संजय कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे। वहीं नेपाल की ओर से कंचनपुर और कैलाली के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा सब इन्वेस्टिगेशन डायरेक्टर मोहन बहादुर कुवंर सहित कई अधिकारी शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### चारधाम एवं हेमकुंड साहिब की यात्रा पर आने वाले 77 पाकिस्तानी यात्रियों का पंजीकरण रद्द



देहरादून, (एजेंसी): पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि चारधाम एवं हेमकुंड साहिब की यात्रा के लिए 77 पाकिस्तानी यात्रियों ने पंजीकरण करवाया था, उन सभी का पंजीकरण तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अभी तक 22 लाख से अधिक श्रद्धालु चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करवा चुके हैं। इनमें 185 देशों के 25 हजार से अधिक विदेशी श्रद्धालु भी शामिल हैं।

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि चारधाम यात्रा मार्गों पर यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए जनपद उत्तरकाशी पुलिस को 10 नई मोटर साइकिलें दी गयी हैं। गंगनानी से डबरानी, डबरानी से सुक्की, झाला से हर्षिल, धराली से भैरोंघाटी, सिलक्यारा से राड़ी टॉप, राड़ी टॉप से औरछा, बड़कोट से दोबाटा, पालीगाड़ से स्यानाचटटी, स्याना से रानाचट्टी, राना चट्टी से हनुमान चट्टी व हनुमान चट्टी से जानकी चट्टी-खरसाली तक संवेदनशील संकरे मार्गों पर निरंतर गश्त करेंगी। यात्रियों की सुविधा और हैली टिकटों की कालाबाजारी रोकने एवं यात्रा रोड पर उल्टे-सीधे पार्किंग शुल्क की वसूली को देखते हुए अधिकारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। महाराज ने कहा कि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ऑनलाइन, ऑफलाइन पंजीकरण, मोबाइल ऐप से पंजीकरण के साथ-साथ इस वर्ष आधार नंबर से भी पंजीकरण की सुविधा प्रदान की गई है। ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन सोमवार यानी 28 अप्रैल से 04 जगहों पर होंगे। जिनमें हरिद्वार, ऋषिकेश, विकासनगर तथा हरबर्टपुर शामिल हैं।

### मणिपुर में प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े 12 उग्रवादी गिरफ्तार

इंफाल, (एजेंसी): मणिपुर में सुरक्षा बलों और पुलिस ने इंफाल ईस्ट और इंफाल वेस्ट जिलों में अलग-अलग अभियानों में 12 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। संयुक्त राष्ट्रीय मुक्ति मोर्चा (पाम्बेई धड़ा) के चार कैडर और एक सहयोगी वांगखई थांगपट मापन से पकड़े गए हैं।

पुलिस मुख्यालय के बयान के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों की पहचान वांगमयुम अजीजुर रहमना (52), शेख वसीम राजा (30), मो. फारुक खान (19), फुशम अजमीर (24) और खुल्लकपम इबोसाना (44) के रूप में हुई है। ये सभी जबरन वसूली और स्थानीय लोगों को डराने-धमकाने में शामिल थे। आरोपितों के पास से जिंदा कारतूस, मोबाइल फोन और एक चार पहिया वाहन बरामद किया गया। इबोसाना, उग्रवादियों और आम नागरिकों के बीच दलाल की भूमिका निभाता था।

एक अन्य अभियान में प्रीपाक (प्रो) कैडर तखेल्लंबम मइपकसाना सिंह (29) को इंफाल सिटी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट गेट के पास से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से दो मोबाइल फोन और एक आधार कार्ड बरामद हुआ। वह बामोन लेकाई स्थित एक गैस एजेंसी को बंद कराने की घटना में भी शामिल था। पूछताछ में उसने प्रीपाक (प्रो) के कमांडर के आदेश पर काम करना स्वीकार किया।

इसी तरह, कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्ल्यूजी) के छह उग्रवादियों को इंफाल ईस्ट के अलग-अलग इलाकों से पकड़ा गया। इनकी पहचान मो. मानेरुद्दीन (48), मो. वाजबीर अहमद (33), थोंगम जयनंदा सिंह (51), लैश्रम सूरज सिंह (28), निंगथौजम बीरजीत मैतेई (36) और क्षेत्रिमयुम राजेन सिंह (38) के रूप में हुई। सुरक्षा बलों ने बताया कि यह कार्रवाई उग्रवादी नेटवर्क को खत्म करने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है।

### आतंकवादियों की गोली से घायल सामाजिक कार्यकर्ता की अस्पताल में मौत

कुपवाड़ा,(एजेंसी): कुपवाड़ा जिले के कंडी खास इलाके में कल देर रात आतंकवादियों की गोली से घायल हुए 43 वर्षीय सामाजिक कार्यकर्ता ने रविवार को अस्पताल में दम तोड़ दिया। शनिवार रात को आतंकवादियों ने उनके घर में घुस कर गोली मारी थी।

पुलिस के मुताबिक कंडी खास निवासी गुलाम रसूल मागरे पुत्र गुलाम हसन मागरे एक सामाजिक कार्यकर्ता थे।उनके घर पर जाकर आतंकियों ने गोली मारी थी। उन्हें तुरंत पहले पास के एक अस्पताल में ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें श्रीनगर स्थित एसएमएचएस अस्पताल रेफर कर दिया गया था। इलाज के दौरान रविवार को सुबह उनकी मौत हो गई। मेडिको-लीगल औपचारिकताओं के बाद शव को उसके परिवार को सौंप दिया जाएगा।

### पाकिस्तान में वायरल सिद्धारमैया के बयान पर भाजपा का हमला

बेंगलुरू, (एजेंसी): जम्मू-कश्मीर के पहलगाम पर्यटन स्थल पर हुए आतंकवादी हमले और भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न होने के मद्देनजर हाल ही में मैसूर में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का दिया गया एक बयान पाकिस्तान में वायरल हो रहा है। वहां का टीवी मीडिया सिद्धारमैया के बयान को बार-बार प्रसारित कर रहा है और इसे इस तरह से पेश कर रहा है, जैसे पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध छेड़ने के मुद्दे पर भारत में आंतरिक असंतोष भड़क उठा है। इस वीडियो में सिद्धारमैया के बयान को लेकर भाजपा ने उन पर हमला किया। एक निजी पाकिस्तानी समाचार चैनल पर प्रसारित समाचार में कहा गया है कि भाजपा के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार पाकिस्तान पर युद्ध छेड़ने के लिए तैयार है। हालांकि, केन्द्र सरकार के इस निर्णय से भारत में असंतोष व्याप्त है। वीडियो में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया कहते दिख रहे कि पहलगाम की घटना के मद्देनजर पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध छेड़ने की कोई जरूरत नहीं है। पहलगाम की घटना सुरक्षा विफलता का परिणाम थी। केन्द्र सरकार, जो पहले ही इसे स्वीकार कर चुकी है।सिद्धारमैया कहते दिख रहे हैं कि वह इस मामले में पाकिस्तान को शिकार बनाने जा रही है। इस वीडियो को लेकर भाजपा नेता आर. अशोक ने पाकिस्तानी मीडिया में प्रसारित मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के इस बयान का हवाला देते हुए सोशल मीडिया पर सिद्धारमैया पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने सिद्धारमैया को रत्न देने की गारंटी दी है। अशोक ने कहा कि ₹पाकिस्तान रत्न₹ मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, आप अपने बचकाने, बेतुके बयानों से रातोंरात पाकिस्तान में विश्व प्रसिद्ध हो गए हैं। अशोक ने चुटकी लेते हुए कहा, ₹आपको बधाई।₹ यदि आप पाकिस्तान जाएं तो पाकिस्तानी सरकार आपको शाही आतिथ्य देगी। अशोक ने कहा कि उन्हें इस बात पर आश्चर्य नहीं हुआ कि पाकिस्तान सरकार ने उन्हें पाकिस्तान के लिए वकालत करने वाले एक महान शांति दूत के रूप में अपने सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार निशान-ए-पाकिस्तान से सम्मानित किया। अशोक ने अपना गुस्सा जाहिर करते हुए कहा कि हमारे देश की सबसे बड़ी त्रासदी यह है कि आप जैसे लोग एक दुश्मन देश की कठपुतली की तरह व्यवहार कर रहे हैं, जबकि देश बहुत संवेदनशील स्थिति का सामना कर रहा है और सीमा पर युद्ध का खतरा मंडरा रहा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने भी सिद्धारमैया पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के प्रति आपकी सहानुभूति का बयान, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खिलाफ आपकी नफरत भरी बातें। क्या आपको लगता है कि लोगों के मन में आप देशभक्त हैं?

# केंद्र सरकार की स्वास्थ्य नीति में शीघ्र निदान, उपचार और रोकथाम पर दिया गया है जोर: जेपी नड्डा



मुंबई, (एजेंसी): केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने रविवार को कहा कि देश में स्वास्थ्य उपचार बुनियादी ढांचे के निर्माण पर बड़े पैमाने पर ध्यान दिया जा रहा है, विशेष रूप से इस वर्ष कैंसर के उपचार पर। उन्होंने बताया कि शीघ्र निदान और उपचार के कारण 90 फीसदी कैंसर मरीजों को 30 दिनों के भीतर उपचार शुरू हो गया है, जिसे वैश्विक स्तर पर सराहा गया है।

संभाजीनगर जिले के सरकारी कैंसर अस्पताल में रविवार को कैंसर के इलाज के लिए टू बीम यूनिट नामक अत्याधुनिक रेडिएशन थेरेपी प्रणाली का उद्घाटन किया गया। इसी कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा संबोधित कर रहे थे। उन्होंने खुशी व्यक्त की कि 2019 में जिस स्थान पर उन्होंने भूमि पूजन किया था, आज वहां एक भव्य और आधुनिक अस्पताल खड़ा हो गया है। केंद्र सरकार की स्वास्थ्य नीति में शीघ्र निदान, उपचार और रोकथाम पर जोर दिया गया है। इस दिशा में 200 डे केयर सेंटर इस वर्ष स्थापित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, नर्सिंग शिक्षा के लिए नई नीति बनाई गई है, जिसमें देशभर में 100 नए नर्सिंग कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। नड्डा ने बताया कि टू बीम प्रणाली के माध्यम से उपचार को अधिक प्रभावी और सटीक बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कैंसर न केवल मरीज को प्रभावित करता है, बल्कि उसके पूरे परिवार पर इसका असर पड़ता है। इस प्रणाली से एक मजबूत सहारा मिलेगा।

मौके पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि छत्रपति संभाजी नगर में इस प्रकार की अत्याधुनिक कैंसर उपचार सुविधा पहली बार राज्य स्वास्थ्य प्रणाली के माध्यम से उपलब्ध हो रही है। उन्होंने बताया कि जीवनशैली में बदलाव के कारण कैंसर के मामले बढ़े हैं, और टू बीम जैसे अत्याधुनिक तकनीकी उपकरणों के माध्यम से अब अत्यधिक लक्षित रेडिएशन उपचार संभव हो गया है। अब तक मरीजों को ऐसे उपचार के लिए टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल जाना पड़ता था, जहां अत्यधिक मरीजों के दबाव के कारण भारी बोझ था। अब छत्रपति संभाजी नगर में यह सेवा उपलब्ध होगी, जो मराठवाड़ा और आसपास के जिलों के कैंसर मरीजों के लिए एक वरदान साबित होगी।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, मेडिकल शिक्षा मंत्री हसन मुश्रिफ, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री अतुल सावे, विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबदास दानवे, राज्यसभा सांसद डॉ. भागवत कराड, सांसद सांदीपान भुमरे, मेडिकल शिक्षा सचिव धीरज कुमार, आयुक्त राजीव निवतकर, डीन डॉ. शिवाजी सुक्रे, राज्य कैंसर संस्थान के सलाहकार डॉ. कैलास शर्मा, विशेष कार्य अधिकारी डॉ. अरविंद गायकवाड, निदेशक डॉ. अजय चंदनवाले उपस्थित थे।

## समावेशिता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता हमारी समृद्ध विरासत है: उपराष्ट्रपति

कोयंबटूर, (एजेंसी): उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि भारत विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यता है, एक शांतिप्रिय देश है, जहां समावेशिता और अभिव्यक्ति एवं विचार की स्वतंत्रता हमारी विरासत है।

तमिलनाडु के कोयंबटूर में तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय में ₹विविधतापूर्ण भारत के लिए कृषि शिक्षा, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा₹ विषयक सभा को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि यदि हम हजारों वर्षों के इतिहास पर नजर डालें तो पाएंगे कि हमारी सभ्यता में समावेशिता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बढ़ी है, फली-फूली है और उसका सम्मान किया गया है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान युग में अभिव्यक्ति और समावेशिता की बहुलता और प्रवणता विश्व में सबसे अधिक है। चारों ओर देखिए, भारत जैसा कोई अन्य देश नहीं है जो समावेशिता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का प्रदर्शन कर सकता है।

इस महान देश के नागरिक के रूप में- सबसे बड़े लोकतंत्र, सबसे पुराने लोकतंत्र, सबसे शक्तिशाली लोकतंत्र - हमें बहुत सावधान, सचेत रहना चाहिए और यह समझना चाहिए कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और समावेशिता हमारी राष्ट्रीय परिसंपत्ति बननी चाहिए।

कृषि क्षेत्र के बारे में उपराष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि हमें खाद्य सुरक्षा से आगे बढ़कर किसानों की समृद्धि की ओर बढ़ना होगा। किसान समृद्ध होना चाहिए और यह विकास तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों से निकलना चाहिए।

उन्होंने बताया कि किसानों को कृषि भूमि से बाहर आकर अपने उत्पादों के विपणन में भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों को सिर्फ उत्पादक होने के बारे में नहीं भूलना चाहिए। इसका मतलब है कि वे कड़ी मेहनत और अथक परिश्रम से फसल उगाते हैं और उसे सही समय पर बाजार में बेचते हैं, जबकि उन्हें उसका मालिकाना हक नहीं होता। इससे आर्थिक दृष्टि से बहुत लाभ नहीं होता। उन्होंने किसानों को शिक्षित करके उन्हें सशक्त बनाने का आह्वान किया तथा उन्हें यह बताया कि सरकार की सहकारी प्रणाली बहुत मजबूत है।

तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि, तमिलनाडु सरकार के मानव संसाधन प्रबंधन मंत्री एन कयालविजी सेल्वराज, कृषि उत्पादन आयुक्त और सरकारी सचिव वी दक्षिणामूर्ति, तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय अनुसंधान निदेशक डॉ एम रविंद्रन, तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार और कार्यवाहक कुलपति डॉ आर तमीज वेंडन और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया।

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी 30 अप्रैल को करेंगे अमेठी का दौरा

अमेठी, (एजेंसी): कांग्रेस नेता और अमेठी के पूर्व सांसद राहुल गांधी अपने एकदिवसीय दौरे पर आगामी 30 अप्रैल बुधवार को अमेठी जनपद पहुंचेंगे। वे यहां कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे और दोपहर बाद लखनऊ पहुंचेंगे और जहां से वे शाम को

दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

यह जानकारी रविवार को अमेठी क्षेत्र के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने दी है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी 30 अप्रैल को दोपहर पौने 1 बजे अमेठी जनपद के मुंशीगंज स्थित इंडो रशियन राइफल प्राइवेट लिमिटेड गन फैक्टरी पहुंचेंगे। यहां वे ऑर्डिनेंस फैक्टरी का करीब 1 घंटे तक भ्रमण करेंगे। इसके उपरांत राहुल गांधी का मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल के गेस्ट हाउस में 1 घंटे का रिजर्व कार्यक्रम है। ऐसा माना जा रहा है कि इस दौरान वह लंच और विश्राम करेंगे। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी दोपहर 2 बजकर 50 मिनट से लेकर 3 बजकर 50 मिनट तक संजय गांधी अस्पताल में रहेंगे। यहां वे ओपन हार्ट सर्जरी ऑपरेशन थिएटर का उद्घाटन करेंगे। इसी के साथ वह इंदिरा गांधी नर्सिंग कॉलेज की नई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके बाद राहुल गांधी 3 बजकर 50 मिनट पर लखनऊ एयरपोर्ट के लिए सड़क मार्ग से रवाना होंगे, जहां से वे विमान से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी वर्ष 2004 से लेकर 2019 तक अमेठी के सांसद रह चुके हैं। वर्ष 2019 से लेकर 2024 तक स्मृति ईरानी ने अमेठी लोकसभा क्षेत्र से प्रतिनिधित्व किया था। लोकसभा का चुनाव हारने के बाद स्मृति ईरानी दोबारा अमेठी नहीं पहुंची। वर्ष के चुनाव में कांग्रेस पार्टी के किशोरी लाल शर्मा के जीतने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी का अमेठी कार्यक्रम तय हुआ है।

# अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन : वडोदरा से 300 संदिग्धों को पुलिस ने पकड़ा



वडोदरा,(एजेंसी): राज्य के अहमदाबाद और सूरत के बाद अब अन्य शहरों में बांग्लादेश के अवैध घुसपैठियों को पकड़ने का सिलसिला रविवार को भी जारी रहा। वडोदरा शहर के पूर्व क्षेत्र एकतानगर में पुलिस की 10 टीम ने सर्च ऑपरेशन कर 300 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। इसमें 200 पुरुषों के वैरिफिकेशन के लिए थाने ले जाया गया है। इस क्षेत्र में देश के विभिन्न राज्यों से आकर लोग बसे हैं। सर्च ऑपरेशन में बापोद सिटी पुलिस समेत डीसीबी, एसीपी, ज्वॉइंट पुलिस आयुक्त स्थल पर मौजूद थे।

जानकारी के अनुसार 26 अप्रैल की देर रात अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन जब वडोदरा रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो इसकी जांच में 5 बांग्लादेशी नागरिक मिले थे। इसमें पति-पत्नी और दो बच्चों समेत एक अन्य व्यक्ति शामिल है। रेलवे पुलिस ने इनकी जांच की तो इनके बांग्लादेशी होने का सबूत मिला। इसके बाद इन्हें हिरासत में लेकर थाने लाया गया।

ज्वॉइंट पुलिस आयुक्त लीना पाटिल ने बताया कि हाल में जोन-4 बापोद पुलिस स्टेशन क्षेत्र में स्थित एकतानगर में 100 महिलाओं और 200 पुरुषों को डिटेन किया गया है। इसमें 200 पुरुषों को वैरिफिकेशन के लिए थाने लाया गया है। वडोदरा शहर के पुलिस आयुक्त नरसिम्हा कोमार ने बताया कि इन सभी लोगों के डाक्यूमेंट की जांच, डॉक्यूमेंट की सत्यता और यह डाक्यूमेंट किस तरह बनाए गए हैं, इन सभी की जानकारी जुटाई जा रही है।

जानकारी के अनुसार 26 अप्रैल की आधी रात से चले सर्च ऑपरेशन में अहमदाबाद में 890 और सूरत में 134 अवैध बांग्लादेशी पकड़े जा चुके हैं। पुलिस इन सभी को डिपोर्ट करने की कार्रवाई में जुटी है। इसके अलावा राज्य के अन्य शहरों में भी सर्च ऑपरेशन चला कर बांग्लादेशी घुसपैठियों को पकड़ने की कार्रवाई की जा रही है। राज्य के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने मामले में गुजरात में रहने वाले अवैध बांग्लादेशियों को दो दिन के भीतर नजदीक के थानों में सरेंडर करने का अल्टीमेटम दे रखा है।

## संक्षिप्त खबरें

### पर्जन्य बीएड कॉलेज पहाड़पुर में एक देश एक चुनाव पर गोष्ठी का आयोजन




नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

**बलियापुर :** पर्जन्य बीएड कॉलेज पहाड़पुर में रविवार को एक राष्ट्र एक चुनाव गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए भाजपा नेत्री तारा देवी ने कहा कि देश में चुनावों का चक्र लगातार चलते रहने से निवेश को लेकर अनिश्चितता का माहौल बनता है। एक साथ चुनाव होने के परिदृश्य में मंहगाई में गिरावट आती हैं। मौके पर भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, जिला परिषद चेयरमैन शारदा सिंह, संजीव अग्रवाल, जया कुमारी, अधिवक्ता राहुल कुमार महतो, विनोद गुप्ता, विकास कानवे, विकास पांडेय, बेंगू ठाकुर, संतलाल प्रमाणिक, गिरधारी लाल अग्रवाल, जगदीप अग्रवाल, प्राचार्य डॉ स्मृति नागी, मानिक साहना, आशीष मुखर्जी, मंडल अध्यक्ष विश्वजीत मुखर्जी, नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक, तालेश्वर प्रसाद, प्रकाश बाउरी, मनोज मिश्रा, नीतू सिंह, अल्पना मुखर्जी, सुमिता दास, रंजना शर्मा, अनिमा सिंह, माला देवी, सुनील मोदक, शैलेन मंडल विद्युत चक्रवर्ती, मुखिया दिलीप कुमार महतो, संजय गोराई, मंटू रवानी, मिंटू साव, अशोक महतो, श्रीराम गोराई, किसन महतो, नेपाल चन्द्र महतो, शत्रुघ्न महतो, समीर प्रमाणिक आदि मौजूद थे।

### बीआईटी सिंदरी में आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाने के लिए कैंडल मार्च निकाला



**सिंदरी :** बीआईटी सिंदरी के छात्रों और फैकल्टी ने हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक भावपूर्ण कैंडल मार्च का आयोजन किया। इस मौन जुलूस में सैकड़ों छात्रों ने भाग लिया, जो शांति, एकता और आतंकवाद के उन्मूलन की वकालत करने वाले संदेशों वाले प्लेकार्ड्स लिए हुए थे।छात्रों ने आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि दी और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। फैकल्टी और छात्रों ने एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ खड़े होने का संकल्प लिया। संस्थान के निदेशक डॉ. पंकज राय ने कहा कि बीआईटी सिंदरी न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता पर ध्यान केंद्रित करता है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और सहानुभूति को भी बढ़ावा देता है। छात्रों और फैकल्टी ने शांति और हिंसा मुक्त दुनिया की वकालत की। इस कार्यक्रम ने दिखाया कि शैक्षणिक संस्थान समाज के ताने-बाने को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं और युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

### झरिया में किन्नरों ने कश्मीर में घटी घटना में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

**देश भर के किन्नर भी आतंकियों से बॉर्डर मुकाबला करने को है तैयार : छम छम**




**झरिया :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद किन्नर समाज ने गहरा दुख व्यक्त किया है। अखिल भारतीय किन्नर समाज के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष छम छम देवी किन्नर ने कहा कि उनका समाज भारतीय सेना के साथ मिलकर बॉर्डर पर लड़ने के लिए तैयार है। छम छम देवी किन्नर ने कहा कि निहत्थों पर गोली चलाना यह सबसे कायरता का काम है अगर आतंकवादियों में थोड़ा सा भी हिम्मत है तो हमारे देश के जवानों से टकराकर देखें उन्हें उनकी औकात पता चल जाएगा, कश्मीर की घटना के बाद किन्नर समाज ने गहरा शोक वक्त करते हुए बताया कि सरकार मृतको के परिजनों पर भी ध्यान दें। साथ ही जिसने भी इस घटना को अंजाम दिया है उसे घसीटते हुए देश में ले और उन्हें उससे भी बड़ी सजा दें ताकि उनके आने वाले पीढ़ी भी भारत से टकराने के लिए सोचे, छम छम देवी किन्नर ने बताया कि हमारे भारतवर्ष के जितने भी किन्नर हैं वह भारत सरकार के साथ है अगर जरूरत पड़े तो हमारा किन्नर भी बॉर्डर पर जाकर लड़ने को तैयार है जो घटना पाकिस्तान ने किया है उसे करारा जवाब देने की जरूरत है। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष छम छम देवी किन्नर, श्वेता किन्नर, निर्मला किन्नर,रेखा किन्नर, राखी किन्नर, काजल किन्नर, नैना किन्नर, पन्ना किन्नर, संगीता किन्नर, सोनम किन्नर आदि शामिल थे।

### बीबीएम इंटर कॉलेज विकास समिति की बैठक में कॉलेज के विकास पर हुआ चर्चा



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

**बलियापुर :** बीबीएम इंटर कॉलेज विकास समिति की बैठक रविवार को पूर्व विधायक आनंद महतो की अध्यक्षता में हुई। कालेज की ओर से कई स्थानीय भाषाओं में नूतन डहर नामक पत्रिका प्रकाशित करने पर विचार विमर्श किया। कालेज परिसर में विकास समिति का कार्यालय बनाने पर विचार किया गया। बैठक में समिति के सचिव गणेश महतो, कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद अग्रवाल, प्राचार्य डॉ राकेश कुमार महतो, गुरूचरण सिंह, काशीनाथ मंडल, संतोष रवानी, विनोद रवानी, दिलीप महतो आदि मौजूद थे।

# सीपीआई ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के शहीदों को दी श्रद्धांजलि






**सिंदरी :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए मार्क्सवादी पार्टी की सिंदरी बलियापुर लोकल कमिटी ने कैंडल मार्च और श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। यह आयोजन सिंदरी के रोहड़ाबांध अम्बेडकर चौक पर किया गया, जहां लोगों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी, जिसमें 2 विदेशी नागरिक भी शामिल थे। सभा की अध्यक्षता लोकल कमिटी के सचिव विकास कुमार ठाकुर ने की। विकास कुमार ठाकुर ने कहा कि सीपीआई (एम) शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती है और घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती है। वरिष्ठ नेता काली सेन गुप्ता ने कहा कि इस जघन्य अपराध में लिप्त लोगों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी सजा दी जानी चाहिए। जिला कमिटी सदस्य संतोष कुमार महतो ने केंद्र सरकार से मांग की कि वह हमले की गहन जांच कराए और भीड़भरे पर्यटक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए। सीपीआई ने इस कठिन समय में अतिवादी ताकतों के खिलाफ भारत की जनता के साथ एकजुट रहने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि सभा में एक मिनट का मौन रखकर शहीदों को नमन किया गया।मौके पर विकास कुमार ठाकुर, काली सेन गुप्ता, संतोष कुमार महतो, सूर्य कुमार सिंह, रानी मिश्रा, राज नारायण तिवारी, सुबल चंद्र दास, मिठू दास, सबिता देवी, मुकेश कुमार, आनंद मंडल, समीरन विद, शिबू राय, निताई रवानी, प्रफुल्ल कुमार स्वैन, सोनाली, चंपा देवी, मून कुमारी, दीपक बनर्जी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# पिस्टल दिखाकर जानलेवा हमले का आरोप, शिकायत वापस ले लो नहीं तो



**धनबाद :** सदर थाना क्षेत्र स्थित लाहबनी धैया बस्ती में एक युवक ने पिस्टल के बट और लाठी-डंडों से हमलो करने का आरोप लगाया है। पीड़ित युवक रोहित कुमार पासवान ने अपने साथ हुई मारपीट और केस वापस लेने के लिए दबाव डालने का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाना में शिकायत दर्ज कराई है। आरोपी युवक ने जानमाल के खतरे का हवाला देते हुए पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के मुताबिक कुछ दिन पहले रोहित के घर के पास खड़ी टाटा पंच कार का नंबर प्लेट और शीशा क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। इस संबंध में रोहित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद से ही आरोपियों ने उसे धमकाना शुरू कर दिया था। रोहित के मुताबिक, मामले की शिकायत करने के बाद आरोपी उसके पीछे पड़ गए और उसे डराने-धमकाने की कोशिश की। रोहित ने अपनी शिकायत में बताया कि कुछ दिन पहले ही आरोपी उसकी गाड़ी के पास खड़े हुए थे और उसे धमकाया था। इसके बाद, उन्होंने उसे समझाया कि वे आरोपितों के खिलाफ शिकायत वापस ले लें, वरना उसके लिए यह महंगा साबित हो सकता है। रोहित का आरोप है कि इस धमकी के बाद ही 5-6 की संख्या में हथियारों से लैस हमलावर रात के अंधेरे में उसके घर के पास पहुंचे। हमलावरों ने लाठी डंडों और पिस्टल के बट से उसे मारने की कोशिश की। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जो पुलिस के लिए मामले की गंभीरता को दशार्ता है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि हमलावर युवक के दरवाजे पर आए और डराने-धमकाने के उद्देश्य से उसके घर के आसपास घूमें। रोहित ने बताया कि इस हमले के बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गया और इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच अस्पताल में भर्ती हुआ है। रोहित का कहना है कि उसने पुलिस से तुरंत सुरक्षा की मांग की है, क्योंकि उसे अपनी जान का खतरा महसूस हो रहा है। उन्होंने पुलिस से यह भी कहा है कि वह अब केस वापस नहीं लेंगे और आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उनकी जानमाल की सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस की है, और वह चाहता है कि पुलिस बिना देरी किए आरोपियों को गिरफ्तार करे और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। वहीं, पुलिस ने आरोपियों की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है और घटनास्थल से प्राप्त साक्ष्य को ध्यान में रखते हुए पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द की जाएगी और रोहित कुमार को सुरक्षा प्रदान की जाएगी।प्रारंभिक जांच में पुलिस ने बताया कि हमलावरों के बारे में कुछ सुराग मिले हैं, लेकिन उनकी पहचान अभी पूरी तरह से पुष्टि नहीं हो पाई है। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और जल्द ही आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, पुलिस ने यह भी बताया कि पीड़ित युवक के बयान के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है और जांच जारी है।

# धनबाद से सिंगरौली तक बिना टिकट धराये 1073 रेल यात्री, रेलवे ने वसूला 5 लाख 61 हजार रुपये जुर्माना



**धनबाद :** धनबाद मंडल में बिना टिकट और अनियमित यात्रा पर नकेल कसने के लिए रेलवे ने शनिवार को मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान धनबाद, गोमो, चंद्रपुरा, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना और सिंगरौली जैसे प्रमुख स्टेशनों पर गहन जांच की गई। रेलवे की कई टिकट जांच टीमों ने दिन-रात सुनियोजित तरीके से स्टेशनों और ट्रेनों में यात्रियों की जांच की। इस विशेष अभियान के तहत कुल 1073 यात्रियों को पकड़ा गया। इनमें बिना टिकट यात्रा करने वाले, बिना उचित प्राधिकार पत्र के यात्रा करने वाले और बिना बुक किए सामान के साथ यात्रा करने वाले यात्री शामिल थे। रेल प्रशासन ने पकड़े गए यात्रियों से कुल 5 लाख 61 हजार 918 रुपये का जुमार्ना वसूला। साथ ही, यात्रियों को कड़ी चेतावनी दी गई कि वे आगे से उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें।धनबाद मंडल के अधिकारियों ने बताया कि स्टेशनों के साथ-साथ मेल व एक्सप्रेस ट्रेनों में भी अभियान चलाया गया। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे केवल वैध टिकट के साथ प्लेटफॉर्म में प्रवेश करें और जिस श्रेणी का टिकट हो, उसी श्रेणी में यात्रा करें।

# पहलगाम के शहीदों को प्रेस क्लब ने दी श्रद्धांजलि

**कार्यक्रम में शामिल हुए सामाजिक व राजनीतिक संगठनों के लोग**







नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

**झरिया :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए 26 लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए प्रेस क्लब झरिया ने एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। इस सभा में शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई और आतंकवाद की निंदा की गई। प्रेस क्लब झरिया द्वारा आयोजित जन आक्रोश रैली और श्रद्धांजलि सभा में लोगों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ एकजुटता दिखाई। रैली झरिया के विभिन्न मार्गों से गुजरी और चिल्ड्रन पार्क के पास सभा में तब्दील हो गई। इस दौरान लोगों ने कैंडल जलाकर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और आतंकवाद की निंदा की। प्रेस क्लब झरिया द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भाजपा और विहिप के नेताओं ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की। विहिप के जिला कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने पाकिस्तान को आतंकवाद के लिए जिम्मेदार ठहराया और प्रधानमंत्री मोदी के आतंकवाद विरोधी कदमों की सराहना की। भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि देश अब आतंकवादियों को बर्दाश्त नहीं करेगा और सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग की। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल, सुनील सिंह, भाजपा झरिया नगर अध्यक्ष अवधेश साव, शिबू अग्रवाल,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष अमित साव, दिलीप आडवाणी, अमन चंद्रवंशी,राजा सिंह,मयूरी त्रिवेदी, बीजेपी महिला मोर्चा की मंत्री उमा भट्टाचार्य,सोना चांदी व्यवसाई संघ के सत्यनारायण भोजगढ़िया, विहिप नेता रामश्रेष्ठ झा,मधुसूदन अग्रवाल,अजय वर्मा, पार्थ प्रमाणिक, भोला सेन मोदक वरिष्ठ पत्रकार विष्णुकांत तिवारी मुकेश मिश्रा राकेश गुप्ता, मनोज शर्मा,अभिमन्यु साव,गुड्डू वर्मा, जॉन मिर्जा,एम मिश्र आदि थे।

### मदर टेरेसा उच्च विद्यालय में पृथ्वी दिवस सप्ताह के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित



**धनबाद :** मदर टेरेसा उच्च विद्यालय सिन्दरी में पृथ्वी दिवस सप्ताह के संदर्भ में एक भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका विषय था ₹वृक्ष हमारे मित्र₹। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बीबीएम डिग्री कॉलेज के भूतपूर्व व्याख्याता सरोज कुमार सिन्हा उपस्थित थे। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने अपने जन्मदिन पर एक पेड़ लगाने और उसकी देखभाल करने का शपथ लिया। भाषण प्रतियोगिता में वर्ग दशम के अनुभव ने प्रथम, पायल कुमारी महतो ने द्वितीय और श्रेया तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि ने विजेताओं को पारितोषिक दिया। प्रधानाध्यापक राधे श्याम ने एक कहानी के माध्यम से वृक्षों के महत्व को समझाया, जबकि सरोज कुमार सिन्हा ने पेड़ों के रखरखाव पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया।कार्यक्रम को सफल बनाने में उमेश कुमार सिन्हा, हरेन्द्र प्रसाद, रुपक ठाकुर, प्रिया, कविता, पुष्पा आदि शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका थी।

### बलियापुर के समाजिक कार्यकर्ता हैदर खान का निधन हुआ

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि



बलियापुरः समाजिक कार्यकर्ता हैदर अली खान का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। वे 41 वर्ष के थे। बलियापुर के जाने-माने डॉ एमएन खान के पुत्र थे। उनकी मिट्टी मंजिल रविवार को लालाडीह कब्रिस्तान में की गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल रहे। उन्होंने अपने परिवार में पत्नी अशर्फी खातून, दो पुत्र एवं दो पुत्रियां समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन पर विधायक चन्द्रदेव महतो, पूर्व विधायक आनंद महतो, उप प्रमुख आशा देवी, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, हाजी असफ अली खान, मोहम्मद अजीज खान, मुस्ताक आलम, अनवर अली खान, मोहम्मद शमीम, रफीक अंसारी, मुखिया गणेश महतो, मुखिया विजय गोराई आदि ने शोक संवेदना व्यक्त किया।

### सिंदरी में ग्रामीण एकता संघर्ष समिति का गठन

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि



**बलियापुर :** सिंदरी गौशाला के नुतुनडीह बस्ती में रविवार को ग्रामीण एकता संघर्ष समिति (रोड़ाबांध) का गठन किया गया। इस समिति का उद्देश्य सिंदरी क्षेत्र के विभिन्न कारखानों और प्रतिष्ठानों में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना है। समिति ग्रामीणों के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए काम करेगी। ग्रामीण एकता संघर्ष समिति (रोड़ाबांध) का उद्देश्य केटीएमपीएल, एचयूआरएल, एसीसी, एफसीआईएल जैसे विभिन्न उद्योगों से उत्पन्न ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का निराकरण करना है। सर्वसम्मति से अध्यक्ष बिनोद महतो एवं सुनील पांडेय,उपाध्यक्ष चुमकी देवी, सरिता कुशवाहा एवं उत्तम सहिस, कोषाध्यक्ष-कृष्णा महतो,सनोला देवी, बैजयंती देवी,सचिव सुखदेव मोदी,मीना देवी एवं सलाहकार रघु यादव, एम एम मसीह को पदभार दिया गया।

### झरिया में छेड़खानी का विरोध करना पड़ा भारी

**पड़ोसियों ने परिवार के साथ की मारपीट, 5 घायल**

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

**झरिया :** झरिया के चौथाई कुल्ही में पड़ोसियों ने एक परिवार के साथ मारपीट की, जिसमें एक साल का किशोर और चार अन्य घायल हो गए। घटना का कारण छेड़खानी का विरोध करना बताया जा रहा है। सभी घायलों का इलाज झरिया के एक निजी नर्सिंग होम में चल रहा है। एक साल के किशोर रेशव का इलाज धनबाद के एसएनएमएमसीएच में चल रहा है, जबकि अन्य का इलाज झरिया के एक निजी नर्सिंग होम में चल रहा है। पीड़िता अरुणा देवी ने झरिया थाना में लिखित शिकायत दी है।

एक परिवार ने पुलिस को बताया कि पड़ोस के मो. सद्दाम ने उनके घर में घुसकर उनकी बहू और बेटियों के साथ छेड़खानी की। जब परिवार ने विरोध किया तो मो. सद्दाम, मो. समीम अंसारी, मो. महमूद और अन्य 10-15 लोगों ने लाठी-डंडों और भुजाली से लैस होकर उनके घर में घुसकर मारपीट की। मारपीट में राजू शर्मा, सनी शर्मा, धर्मराज शर्मा, सुमित शर्मा और एक साल के ऋषभ गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी का इलाज झरिया के एक नर्सिंग होम में कराया गया, जहां ऋषभ की स्थिति नाजुक होने पर उसे धनबाद के एसएनएमएमसीएच रेफर कर दिया गया। घटना के बाद आसपास के लोगों में रोष है। झरिया पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की और एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### झरिया मास्टर प्लान के तहत विस्थापन की मांग को लेकर संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने की बैठक



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

**झरिया :** संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने रविवार को गोलकडीह तीसरा थाना मोड़ स्थित झामुमो कार्यालय में एक बैठक के दौरान कहा कि झरिया मास्टर प्लान के तहत ही लोगों का विस्थापन होना चाहिए। इस बैठक में वार्ड नंबर 46 और 47 के ग्रामीण उपस्थित थे। संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने मांग की है कि झरिया मास्टर प्लान के तहत विस्थापन होना चाहिए। उन्होंने बीसीसीएल प्रबंधन से प्रत्येक विस्थापित परिवार को 5 लाख रुपये, 50 हजार रुपये रिसेटेलमेंट अमाउंट और दुकानदारों को 25 हजार रुपये क्षतिपूर्ति देने की मांग की है। सांसद पप्पू यादव और सुखदेव भगत ने बीसीसीएल के प्रबंध निदेशक को अनुशंसा की है। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। मौके पर रवींद्र प्रसाद, पंकज वाल्मीकि, अमीर बाउरी, रवि वाल्मीकि, प्रहलाद पासवान, रवि यादव, अंकुर बाउरी, ओविन बाउरी थे।

# धनबाद जिला जनता दल यू के जिला कार्यसमिति की बैठक में पांच प्रस्ताव पारित

## बैठक में संगठन को मजबूत करने व कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने का निर्णय




**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

धनबाद : धनबाद जिला जनता दल यू के जिला कार्य समिति, प्रखण्ड अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष सहित जिले से आने सभी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष की बैठक रविवार को धनबाद परिसदन में की गई.जिसकी अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह ने किया तथा संचालन प्रदेश सचिव राजू कुमार सिंह ने की. धन्यवाद ज्ञापन धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे ने किया. सर्वप्रथम बैठक में विंगत दिनों आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में जो सैलानियों की निर्मम हत्या कर दी गई, उसे लेकर दो मिनट का मौन धारण किया गया और उनकी आत्मा को शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की गई.इस बैठक में मुख्य रूप से पांच प्रस्ताव पारित किये गये. जून माह के आखिरी सप्ताह में कार्यकर्त्ता प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने जिसमें पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, पार्टी के राज्यसभा सांसद सह राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा एवं पार्टी के राज्यसभा सांसद सह झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे. बैठक के पांच प्रस्तावों में आगामी धनबाद में होने वाले नगर निगम का चुनाव में जदयू के द्वारा अपना प्रत्याशी उतारने का निर्णय,धनबाद में एक हवाई अड्डा एवं एम्स अस्पताल बनाने हेतु चरणबद्ध तरीके से आंदोलन पार्टी द्वारा करने का निर्णय. जिले में विधि-व्यवस्था की चरमराई स्थिति एवं बिजली का भी चरमराई स्थिति को लेकर जिला मुख्यालय में एक दिवसीय धरना देने का निर्णय,संगठन को मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान जोर-शोर से प्रखण्ड स्तर पर चलाने का निर्णय लिया गया.इस बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के जिला अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव उदय कुमार सिंह, अति पिछड़ा के प्रकोष्ठ अध्यक्ष राम स्वरूप यादव, प्रदेश महासचिव दीप नारायण सिंह, प्रदेश महासचिव सुशील सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी हसीब खान, केबी सहाय, प्रदेश सचिव राजू कुमार सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुन्ना सिन्हा, विजय सिंह कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष शंकर चौरसिया, दिलीप सिन्हा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनुज प्रसाद, धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे, युवा जिला अध्यक्ष रूपेश पासवान, महिला जिला अध्यक्ष पुष्पा पाण्डेय, रीता रानी मण्डल, दलित प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कृष्णदेव पासवान, धनबाद प्रखण्ड अध्यक्ष बबलु मोदक, बलियापुर प्रखण्ड अध्यक्ष शिव चरण महतो, निरसा प्रखण्ड अध्यक्ष राज कुमार पाण्डेय, पूर्वी टुण्डी प्रखण्ड अध्यक्ष शिशिर दा, अक्षय सिन्हा, टुण्डी प्रखण्ड अध्यक्ष प्रमोद पाण्डेण्य, तोपचांची प्रखण्ड अध्यक्ष जितेन्द्र पाण्डेण्य, बाघमारा प्रखण्ड अध्यक्ष गोपाल चन्द्र गोप, झरिया नगर अध्यक्ष अनिल सिंह, साधु शरण पासवान, डॉ. राजेश राम, अशोक सिंह, स्कृतिकान्त सिंह, सकलदेव राय, बैजु सिन्हा, अनिल सिन्हा, जिला महासचिव झप्पु सिन्हा, मिथिलेश दुबे, नेपाल प्रमाणिक, नमन भारती, आदित्य पासवान, अशोक रविदास, गौतम पाण्डेय, अरूण पासवान, कपिल देव यादव समेत सैकड़ों कार्यकर्त्ता उपस्थित थे.

## संक्षिप्त खबर

### मालकेरा रेलवे फाटक के समीप दो गाय लदी मालवाहक टेंपो को ग्रामीणों ने पकड़ कतरास पुलिस को सौंपा



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

कतरास : कतरास थाना क्षेत्र अंतर्गत मालकेरा रेलवे फाटक के समीप अहले सुबह स्थानीय लोग व ग्रामीणों ने मवेशी तस्करी के संदेह पर एक मालवाहक ऑटो को पकड़ा गया. वाहन में दो मवेशी लदा हुआ था. ग्रामीणों ने कथित मवेशी चोर वाहन चालक को बंधक बनाकर जमकर पिटाई के तत्पश्चात मामले की जानकारी पुलिस को दी गई.

सूचना पाकर कतरास पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच कथित चोर को बंधक मुक्त कर मवेशी सहित वाहन को जब्त कर थाने ले गई. बताते है कि स्थानीय लोगो को जानकारी मिली थी कि प्रतिदिन इस मार्ग से मालवाहक वाहनों से मवेशियों की तस्करी होती है.जानकारी मिलने के बाद कई दिनो से ग्रामीण घात लगाए थे. रविवार को इन्हे सफलता मिली और मवेशी सहित वाहन धर दबोचा.

# जोगता थाना क्षेत्र में अवैध कोयला, लोहा की तस्करी डंके की चोट पर

## नया श्याम बाजार में फल फूल रहा है अवैध शराब का कुटीर उद्योग, पुलिस मेहरबान







**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

कतरास : जोगता थाना क्षेत्र में कोयला, लोहा तस्करी के साथ अवैध शराब का कुटीर उद्योग बड़ी तेजी से फल फूल रहा है. बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर पर अवैध कांटा लगाकर कोयले की तस्करी डंके की चोट पर की जा रहीं हैं. पुराना श्यामबाजार में अवैध कोयला उत्खनन के साथ छह नंबर चानक के समीप डंके की चोट पर अवैध कोयला डिपो चलाकर रोजाना पांच से दस ट्रक कोयला खपाया जा रहा है. सिजुआ साइडिंग से दिन रात सीआईएसएफ जवानों के संरक्षण में आठ से दस ट्रक कोयले की चोरी होती है, जिसमें आसपास के सैकड़ों लोग जुड़े हुए हैं. इसी तरह से जोगता साइडिंग से भी रोजाना पांच ट्रक की कोयले की चोरी साइडिंग में तैनात सीआईएसएफ जवानों की मिलीभगत से होती है. जोगता बस्ती के आसपास कई अवैध खदान चलाकर कोयले की उत्खनन की जाती है. सिजुआ दस नंबर में भी खुलेआम अवैध कोयला का कांटा चलाया जा रहा है.

इसके अलावा थाना क्षेत्र में अवैध लोहा गोदाम भी डंके के चोट पर चलाया जा रहा है. इसी तरह से नया श्याम बाजार के आसपास दर्जनों अवैध महुआ शराब की भट्टी कुटीर उद्योग के रूप में चलाया जा रहा है, शराब निर्मित महुआ अगल-बगल में फेंक देने से जानवरों महुआ खाकर बेहोशी के आलम में रहते हैं, पुलिस सब कुछ जानते हुए खामोश बनीं रहती है, या फिर विटामीन एम मिलते रहने के कारण कोई कार्रवाई नहीं करती हैं.

### गोपालपुरा में पानी की समस्या को दूर करने के लिए आगे आए समाजसेवी रंजीत महतो




**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

निरसा : मैथन में गर्मी के दस्तक देते ही पेयजल का समस्या देखने को मिल रही है. निरसा विधानसभा में आज गोपालपुरा पंचायत के गोपालपुरा बाउरी टोला में हो रही पानी की समस्या को देखते हुए ग्रामीणों ने समाजसेवी रंजीत महतो से पीने का पानी उपलब्ध कराने की आग्रह की. जिस पर रंजीत महतो ने जल्द ही गांव में पानी के टैंकर भिजवा कर ग्रामीणों का समस्या आगे भी दूर करने की बात कहीं.

### भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के नि:शुल्क स्वास्थ्य कैंप में 48 मरीजों ने करायी जांच



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

धनबाद : रविवार को भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद के द्वारा पूर्वी टुंडी के मनियाडीह में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप में डॉ.प्रमोद कुमार सिन्हा एवं नोडल पदाधिकारी डॉ. जिम्मी अभिषेक एवं जीएन ओझा ने मरीजों की जांच सुचारू रूप से शुरू की.जिसमें 48 मरीजों को परामर्श एवं मुफ्त में दवा आवश्यकता एवं उपलब्धता अनुसार दिया गया.कैंप में निःशुल्क ब्लड शुगर एवं बीपी की जांच की गई.इस निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप में चेयरमैन कौशलेंद्र कुमार सिंह, संयुक्त सचिव दिलीप सिंह, कोषाध्यक्ष श्वेताम्बरा पाठक, कार्यकारिणी सदस्य सह चेयरमैन सलाहकार कुमार मधुरेन्द्र सिंह, डा. प्रमोद कुमार सिन्हा, डा. जिम्मी अभिषेक,जीएन ओझा समेत अन्य उपलब्ध रहें.

### पहलगाम के पर्यटकों के नृशंस हत्या के विरोध में काली माता कॉलोनी से निकाली गई कैंडल मार्च

**शहीद पर्यटकों को दी गई श्रद्धांजलि**




**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

निरसा : जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों की नृशंस हत्या के विरोध में श्रीश्री संकट मोचन हनुमान मंदिर कमेटी कालीमाता कॉलोनी के सदस्यों ने रविवार की शाम कैंडल मार्च निकालकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी. कैंडल मार्च कालीमाता ग्राउंड यज्ञ स्थल से शुरू होकर दुर्गा मंदिर परिसर मंडमन व कॉलोनी परिसर से वापस होकर यज्ञ स्थल पहुंचकर मृतकों के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना किया गया और श्रद्धांजलि दी गई. उक्त अवसर पर मंदिर कमेटी के सदस्यों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकियों को सबक सिखाने के लिए जो कदम उठाया है, वह सराहनीय है. लोगों ने पाकिस्तान मुदार्बाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए. कैंडल मार्च में जिप सदस्य पिंटू सिंह , शशि तिवारी, पमपम सिंह, तपन राजभर, रूपेश सिंह, राजन सिंह, आशीष राजवंशी, सनोज कुमार, रजनीकांत सिंह, जितेन्द्र सिंह, बंटी सिंह, अजय राजवंशी सहित दर्जनों लोग शामिल थे.

### जलापूर्ति योजना को चालू करने को लेकर पोकलेन लगा, नदी की धारा को इंटेक बेल तक पहुंचाया गया



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

महुदा : तेलमच्चो ग्रामीण जलापूर्ति योजना को अतिशीघ्र चालू कराने को लेकर रविवार को पोकलेन मशीन लगाकर नदी की धारा को इंटेक बेल तक पहुंचाया गया. इस दौरान जल संग्रहण हेतू रेत एवं गाद की सफाई भी किया गया. इस मौके पर बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, भाजपा के जिला महामंत्री धनेश्वर महतो भी मौजूद थे. जल संग्रहण हेतू बने इंटेक वेल का निरीक्षण कर संबंधित कार्यों पर लगे पदाधिकारियों को अतिशीघ्र जलापूर्ति योजना को चालू करने का आवश्यक दिशा निर्देश दिया. स्मरण रहे कि काण्ड्रा, तेलमच्चो एवं लोहापट्टी पंचायत की लगभग बीस हजार आबादी को जलापूर्ति के लिए बनीं तेलमच्चो ग्रामीण जलापूर्ति योजना पिछले 15 दिनों से बंद पड़ी हुई है. जलापूर्ति योजना बंद होने से तीनो पंचायत के ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए धनेश्वर महतो स्वयं कई दिनों से योजना को चालू कराने का प्रयास कर रहे हैं.इस संबंध में धनेश्वर महतो ने बताया कि ग्रामीण जलापूर्ति बंद होने से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. बाघमारा विधायक का सहयोग लेकर दामोदर नदी में इंटेक बेल के समीप कार्य कराया जा रहा है, जल्द ही ग्रामीणों को पानी मिलेगा.

मौके पर विधायक शत्रुघ्न महतो, भाजपा जिला महामंत्री धनेश्वर महतो, मुखिया प्रतिनिधि रामेश्वर महतो उर्फ बॉबी महतो, शिबु महतो, लखीराम साव, रामू साव, गोपाल राय, अन्तु महतो, बन्टी लाला, सुरेश रविदास, करमा महतो, टिंकु महतो, फुटूक चंद महतो, दिलिप कुमार महतो, भीम कर्मकार, संजय हरि, लक्ष्मण महतो, मुक्तेश्वर महतो, हरिलाल दास, डेगलाल महतो, आनन्द दुबे आदि मौजूद थे.

# 03 मई को रांची में कांग्रेस की आयोजित संविधान बचाओ रैली को लेकर धनबाद में हुई बैठक

**संगठन सृजन-2025 को लेकर कांग्रेस पार्टी को एक नयी ऊर्जा के साथ खड़ा करना है: अशोक कुमार चौधरी**



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

धनबाद : स्वामी सहजानंद सरस्वती सेवा ट्रस्ट धनबाद में रविवार को धनबाद जिला कांग्रेस कि विस्तारित कमेटी की बैठक धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह कि अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक का संचालन जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष लक्ष्मण तिवारी ने किया. झारखंड प्रदेश कांग्रेस के द्वारा नियुक्त धनबाद कांग्रेस जिला पर्यवेक्षक सह नोडल प्रभारी अशोक कुमार चौधरी के उपस्थिति में ह्लसंगठन सृजन-2025 को लेकर कांग्रेस पार्टी को एक नयी ऊर्जा के साथ खड़ा करना है.पार्टी की विचारधारा को हर व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करें और संगठन को मजबूत बनायें जाने पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई. आगामी 3 मई को रांची में आयोजित ह्लसंविधान बचाओ रैलीह्व पर सभी प्रखण्ड एवं नगर एवं सभी मंच मोर्चा के जिला अध्यक्ष से भारी से भारी संख्या में धनबाद से रांची पहुंचने का आवाह्न किया गया. विस्तारित कमेटी की बैठक में सभी धनबाद जिला के नगर एवं प्रखंड कमेटी की सूचियां का पर्यवेक्षक के द्वारा जांच कर सभी को दिशा निर्देश भी दिया गया. कांग्रेस के मानने वाले लोग एवं सच्चे सिपाही को कांग्रेस से जोड़ने का काम करें.

धनबाद जिला कांग्रेस पर्यवेक्षक सह नोडल प्रभारी अशोक कुमार चौधरी ने बैठक में कहा कि कांग्रेस पार्टी ने इस साल को संगठन सृजन वर्ष घोषित किया है. तीन महीने तक यह अभियान चलेगा. बूथ स्तर से लेकर पंचायत, मंडल, प्रखंड और जिला कमेटी तक का गठन किया जाएगा. हर कमेटी में 12 पदाधिकारी होंगे, पुराने पदाधिकारी अगर सक्रिय हैं तो उन्हें रखा जाएगा. जो निष्क्रिय हैं, उन्हें हटाकर नए लोगों को जिम्मेदारी दी जाएगी. पार्टी के नीति और सिद्धांतों में आस्था रखने वालों को ही संगठन में जगह मिलेगी. किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं चलेगी, हर स्तर पर सोशल मीडिया और मीडिया सेल भी बनेगा.जिला कांग्रेस कमिटी में निष्क्रिय पदाधिकारीगण को बदल कर नये उजार्वान को शामिल करने का आदेश मिला है प्रदेश नेतृत्व ने इस संबंध मे जिलाध्यक्ष को आवश्यक निर्देश दिए हैं.झारखंड प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे ने कहा धनबाद में कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के में जिला कांग्रेस संगठन मजबूती से काम कर रहा है.रांची में आयोजित संविधान बचाओ रैली ऐतिहासिक होगी. राहुल गांधी के संघर्ष के कारण हम मोदी जी के चार सौ पार के नारा को ध्वस्त कर पाए हैं, हमारे नेता हजारों किलोमीटर पदयात्रा कर लोगो को न्याय दिला सकते हैं तो हमे भी उनके पद चिन्ह पर चलना होगा.जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और राहुल गांधी का निर्देश है कि जो लोग पार्टी में रहकर उसे कमजोर करते हैं, उन्हें चिन्हित किया जाए. ऐसे लोगों को संगठन में कोई स्थान नहीं मिलेगा.जो नेता या कार्यकर्ता संगठन सृजन का काम लगातार तीन महीने तक चलाए.बैठक को संबोधित झारखंड प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष धनबाद विधान सभा के कांग्रेस उम्मीदवार अजय कुमार दुबे , झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष बृजेंद्र प्रसाद सिंह,प्रदेश कांग्रेस महासचिव मदन महतो, प्रदेश प्रवक्ता शमशेर आलम, पंकज मिश्रा रवि रंजन सिंह, प्रदेश डेलीगेट मनोज यादव, सुंधासू शेखर झा, कालीचरण यादव, इरफान खान चौधरी, आछयवर प्रसाद, मुख्तार खान धनबाद युवक कांग्रेस अध्यक्ष कुमार गौरव, राजू दास, जहीर अंसारी, सीता राना, गोपाल कृष्ण चौधरी, श्याम कुमार, साह अजय कुमार, मृत्युंजय सिंह पप्पू पासवान शशि भूषण नाथ तिवारी मोहम्मद शहाबुद्दीन , जियाउल हुसैन मोहम्मद इम्तियाज अली इदु अंसारी अरशद कलीम प्रमोद यादव. बलराम महतो दिलीप मिश्रा गंगा वाल्मीकि भगवान दास बिट्टू सिंह, मनोज कुमार हाड़ी प्रमोद यादव प्रीतम रवानी वकील बावरी मसूद आलम मधुसूदन मोदक संजय जयसवाल प्रसाद निधि , शाहिद कमर प्रियव्रत सिंह चौधरी , संतोष चौधरी, जोगेंद्र सिंह जोगी रवि चौबे अक्षय कुमार प्रसाद प्रभात सुरोलिया, लक्ष्मण तिवारी मोहम्मद कयूम खान गोपाल गोपाल धारी अरविंद कुमार सैनी संतोष कुमार राय अर्चना राय भगत सिंह सत्यानंद पांडे बलकेश खानम जियाउल हक,योगेश रजक, आलोक मालाकार गौतम पासवान राहुल राज सुखदेव हसदा भोलाराम माधव सिंह प्रदीप पांडेय प्रमुख थे.

### श्री श्री महिला सेवा समिति ने मटकुरिया में शुरू किया राहगीरों के लिए राहत का अभियान

**लगभग 17 सौ राहगीरों के बीच सत्तू का शर्बत और पानी का किया वितरण**



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

धनबाद : श्री श्री महिला सेवा समिति, मटकुरिया के द्वारा रविवार को गर्मी को देखते हुए मटकुरिया में लगभग 17 सौ आमजनों एवं राहगीरों के बीच में सत्तू का शर्बत एवं ठंडा पीने का पानी वितरण किया गया.समिति पिछले कई वर्षों से गर्मी के मौसम में अनेकों बार इस तरह का आयोजन करती है. कार्यक्रम को सफल बनाने में चंदा अग्रवाल,हिना संघवी,मंजू अग्रवाल,संगीता चौहान,रश्मि भट्ट,जिगना दोषी,वंदना पंचोली,सरिता जैन, दिव्या टांक, प्रिया ओझा,सुनीता पोद्दार, रानो गोयल,निधि गोयल,नीलम चावड़ा,लक्ष्मी अग्रवाल,दीपिका ठक्कर,आशा वसा,ख्याति राठौड़,विधि पोद्दार ,केशर अग्रवाल,नितिन भट्ट,सुनील गोयल,नरेंद्र शर्मा,विकास जैन, बंटी अग्रवाल,संजय गोस्वामी,युवराज जैन युवी सहित अनेकों समिति के सदस्य उपस्थित थे.

नई पत्र वार्ता पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक *राज किशोर सिन्हा के द्वारा डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, भास्कर प्रिंटिंग प्रेस गोविंदपुर मेन रोड, अशोकनगर के जी आश्रम, धनबाद से मुद्रित एवं छठ तालाब विकास नगर कतरास रोड,धनबाद से प्रकाशित। फोन न.7004113115, 9334368784, 7004500339, 7004893985. प्रधान संपादक : अनुज कुमार सिन्हा। *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। निदेशक अनस रहनुमा। ई-मेल - naipatrawartajharkhand@gmail.com.आर.एन.आई नं.JHAHIN/2015/63780.